वैशाख शुक्ल पक्ष 02
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
29 अप्रैल 2025

वर्ष-31, अंक-192
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 10



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वीडन में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित रात्रिभोज में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। उन्होंने उनसे नॉर्डिक देशों में भारत के राजदूत के रूप में कार्य करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने प्रवासी भारतीयों को झारखंड में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए भी आमंत्रित किया।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आईवीएल स्वीडिश पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के मुख्यालय का दौरा किया और आईवीएल के सीईओ जॉन रून नीलसन के साथ व्यापक चर्चा की।

## एक नजर

### रिम्स निदेशक को हटाए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**रांची।** रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रौशन की अदालत ने तत्काल प्रभाव से डॉ राजकुमार को हटाए जाने के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही, राज्य सरकार एवं अन्य को नोटिस जारी करने व शपथ पत्र के माध्यम से जबाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की विस्तृत सुनवाई 6 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश स्टिगमैटिक (कलंक लगाकर हटाना) है, जो कानून के विरुद्ध है। हटाने के पहले प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी, उन्हें एक मौका मिलना चाहिए था, जनहित की बात कहते हुए हुए उन्हें हटाया गया था। बता दें कि 17 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के हस्ताक्षर वाला एक लेटर जारी किया गया था, जिसके माध्यम से रिम्स के तत्कालीन निदेशक डॉ राजकुमार को बर्खास्त किया था। इसे डॉ राजकुमार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने डॉ इरफान अंसारी से सवाल पूछे, तो उन्होंने कहा कि हम न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं।

### रांची में रह रहे तीन बच्चों को भेजा गया पाकिस्तान

**रांची।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से वापस भेजे जाने की कवायद जारी है। पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजे जाने की डेडलाइन थी 27 अप्रैल 2025, लेकिन 28 अप्रैल को भी कुछ पाकिस्तानियों को वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान भेजा गया। इसी क्रम में, रांची में रह रहे तीन नाबालिग को भी सोमवार को ट्रेन से दिल्ली भेज दिया गया, जहां से उन्हें पाकिस्तान भेजा जाएगा। तीनों बच्चे अब पाकिस्तान कैसे जाएंगे, इस पर दिल्ली में ही फैसला होगा। ये बच्चे गर्मी की छुट्टी में पाकिस्तान से रांची आए थे। तीनों बच्चों की मां रांची के डोरंडा में रहती हैं। झारखंड पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, तीनों बच्चे अपने परिजनों के साथ दिल्ली चले गए हैं।

## गुमला : पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी वसूली की साजिश नाकाम

▶▶ दहशत फैलाने की थी योजना, तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी वसूलने की साजिश को पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और बाइक बरामद की है। सोमवार को गुमला अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी शंभू कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी।



एसपी ने बताया कि 18 अप्रैल को गुमला के एक व्यवसायी से पीएलएफआई के नाम पर लेवी मांगने की शिकायत गुमला थाना में दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन किया गया। पुलिस की सतर्कता और रणनीति के तहत 27 अप्रैल को गुमला थाना क्षेत्र के अरमई के पास से तस्लीम अंसारी उर्फ भौरा, जावेद अंसारी और मो. जावेद को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक देशी कट्टा, 315 बोर के तीन जिंदा कारतूस, 12 बोर का एक कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार अपराधी गुमला शहर में फायरिंग कर दहशत फैलाने और व्यवसायियों से अवैध वसूली की योजना बना रहे थे। मुख्य अभियुक्त तस्लीम अंसारी उर्फ भौरा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है; वर्ष 2012 में भी वह रंगदारी मांगने के आरोप में जेल जा चुका है। वहीं, जावेद अंसारी और मो. जावेद पर भी आर्म्स एक्ट, लूट और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। तीनों अपराधियों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा, गुमला थाना में अवैध हथियार रखने और भयादोहन से संबंधित एक और मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में पुअनि शरद कुमार, पुअनि तरुण कुमार, पुअनि जहांगीर खान, पुअनि राजेंद्र कुमार और गुमला थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाई समेत तीन की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खरका चौक के पास सोमवार को भीषण सड़क हादसा में बाइक सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चेगरी गांव निवासी 18 वर्षीय शिवचरण उरांव, अरंगी झरिया टोली निवासी 18 वर्षीय रोहित उरांव और 18 वर्षीय सतीश उरांव के रूप में हुई है। मृतकों में दो सगे भाई और एक चाचा का लड़का शामिल है। जानकारी के अनुसार, तीनों हाल ही में अपनी बहन की शादी के सिलसिले में चंदाली गांव आए थे। बहन के घर पर माता-पिता के साथ कुछ सामान पहुंचाने के बाद रात का खाना खाने के बाद तीनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। परिजनों ने रात्रि में यात्रा करने से मना भी किया था, लेकिन वे नहीं माने। इस दौरान खरका चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को तत्काल ही सदर अस्पताल भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की असमय मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। लोगों को दुर्घटना में तीनों की मौत पर विश्वास ही नहीं हो रहा है। दुर्घटना में मौत होने के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। टक्कर मारने वाला वाहन घटना स्थल से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### हाइवा ने बाइक सवार को कुचला, मामा-भांजा की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब चंदा गांव के समीप एनएच 139 पर सोमवार की देर शाम हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत मदनपुर थाना क्षेत्र के कमात गांव निवासी राकेश यादव (25) वर्ष पिता मुसाफिर यादव, देव थाना अंतर्गत निमलेवा छतार निवासी चैतन यादव (50) वर्ष पिता सूर्यदेव यादव के रूप में हुई है। दोनों मृतक रिश्ते में मामा भांजा है। बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों हरिहरगंज की ओर से छतरपुर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान एक ट्रक को ओवरटेक कर रहे हाइवा ने बाइक सवार को अपने चपेट में लेते हुए कुचल दिया। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्ज में लेकर पोस्टामार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## दूसरे परीक्षार्थी के बदले परीक्षा देने के प्रयास में पकड़े गये पांच फर्जी परीक्षार्थी





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम पाली व द्वितीय पाली की परीक्षा में दूसरे के बदले परीक्षा देने के प्रयास में सुबह प्रथम पाली की परीक्षा देने जा रहे पांच फर्जी परीक्षार्थियों को गेट पर ही पकड़ लिया गया। प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक सूर्य मणि सिंह ने बताया कि फर्जी विद्यार्थियों में चांदनी कुमारी, ग्राम खडारपर, पो.झरगाडा, अंकित कुमार ग्राम साया पो.नबीनगर, अंकित पाल ग्राम सडेय़ा पो.बिलासपुर, सुजीत कुमार ग्राम लावादाग पो. लठेया, लव कुमार यादव ग्राम कनुआबिगहा पो.जपला का नाम शामिल हैं। केन्द्राधीक्षक ने कहा कि परीक्षा कक्ष में किसी के बदले परीक्षा देने पर दोनों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस तरह की आपराधिक चेष्टा न करें। अभिभावक भी अपने बच्चों को समझायें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री को दी जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की जानकारी

## आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का समय आया नजदीक

● राजनाथ सिंह ने सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों के साथ की अलग-अलग बैठकें

**नई दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 24 घंटे के भीतर सोमवार को दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 40 मिनट मुलाकात करके पहलगाम आतंकी हमला के बाद जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर सुरक्षा-व्यवस्था से संबंधित जानकारी दी। इसके पहले, रक्षा मंत्री ने आज ही सीडीएस जनरल अनिल चौहान, एनएसए अजीत डोभाल और तीनों सेना प्रमुखों से अलग-अलग बैठकें करके सुरक्षा



तैयारियों के बारे में जानकारी ली। बाद में रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक भी संसद भवन के एनेक्सी में हुई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच, सीडीएस अनिल चौहान की दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ भी रक्षा मंत्री की आज बैठक हुई। सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं, जबकि **शेष पेज 11 पर**

## राष्ट्रपति ने 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में सोमवार को पद्म पुरस्कारों का वितरण किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कारों से कुल 71 हस्तियों को सम्मानित किया। नागरिक अलंकरण समारोह के पहले चरण में वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों का वितरण किया गया। वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। सुजुकी मोटर के पूर्व सीईओ ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत) को व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण दिया गया। उनके बेटे और सुजुकी



मोटर्स के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

फिल्म निर्देशक शेखर कपूर, अभिनेता और आंध्र प्रदेश के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण, अभिनेता एस. अजित कुमार, गायक पंकज उधास (मरणोपरांत) को कला के क्षेत्र में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंकज उधास **शेष पेज 11 पर**

## झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की सेवा 30 अप्रैल को करें समाप्त



● केंद्र ने राज्य सरकार को लिखा पत्र

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर कार्यरत 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता की सेवा 30 अप्रैल, 2025 को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजा है। संभावना जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 29 अप्रैल को विदेश से झारखंड लौटने के बाद राज्य सरकार इस संबंध में निर्णय लेगी। झारखंड सरकार ने 2 फरवरी, 2025 को अधिसूचना जारी कर अनुराग गुप्ता को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए राज्य का नियमित पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया था।

इसके पहले, उन्हें 26 जुलाई 2024 को राज्य का कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था। इसके अलावा उन्हें आपराधिक अन्वेषण विभाग और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

वर्ष 2024 में विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने उन्हें इस पद से हटा दिया था और वर्ष 1989 बैच के आईपीएस अजय सिंह को डीजीपी नियुक्त किया था। बाद में, चुनावी प्रक्रिया संपन्न होते ही राज्य सरकार ने 28 **शेष पेज 11 पर**

इंडिया

## कश्मीर में पर्यटन रोका जाए या रणनीति से आतंकियों के मंसूबों को

पहलगाम हमले के बाद कश्मीर घाटी से पर्यटकों का पलायन हो चुका है पर सच यह भी है कि 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या के अपराधी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं। ऐसे में घाटी की सुरक्षा व्यवस्था का नए सिरे से विश्लेषण जरूरी है। यहां बड़ा सवाल यह है कि कश्मीरियों के रोजगार के सबसे बड़े साधन पर्यटन को तब तक रोका जाए जब तक कि यह सुनिश्चित न हो जाए कि सभी पर्यटक सुरक्षित हैं या जैसे चल रहा था चलने दिया जाए? कश्मीर में सेना की उपस्थिति का लंबा इतिहास है और लोगों को ऐसी आदत हो गई है कि जैसे वे कश्मीर के दिन प्रतिदिन की गतिविधियों के अंग हैं जैसा पहले इंडिया गो बैक और पत्थरबाजी हुआ करते थे जो अब इतिहास हो चुके हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उम्र अब्दुला अफसोस जाहिर कर रहे हैं कि पर्यटक उनके मेहमान थे जिन्हें कश्मीर घूमने के लिए बुलाया गया था पर अब शर्मिंदगी महसूस हो रही है। विधानसभा भी प्रस्ताव पास कर कुछ इसी तरह की भावना व्यक्त कर चुका है पर क्या ये भावना सभी कश्मीरियों की है और क्या वे इस बात का अनुभव करते हैं कि किस इंडिया का वे हमेशा विरोध करते थे उसी ने उनकी बंद पड़ी घाटी को सजाकर पर्यटकों और फिल्मों के लिए खुलवाया वरना वे धरती के इस स्वर्ग को काल्पनिक जन्नत बनाने ले सपने के लिए पाकिस्तान की चालों के मोहरे बन गोली बारूद करते रहते । 22/4 की घटना यह एक सुनियोजित सैन्य अभियान था, जिसे पाकिस्तानी सेना के निरंतर मार्गदर्शन और नियंत्रण में अंजाम दिया गया। हालांकि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद 2019 से इस क्षेत्र में काफी हद तक शांति बहाल हो गई है, लेकिन कश्मीर घाटी अब भी 'अशांत क्षेत्र' है। उच्च पदस्थ सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार घाटी में सुरक्षा 'सुरक्षा नेटवर्क की ग्रिड प्रणाली' के आधार पर सुरक्षा बलों को उपलब्ध मानव और भौतिक संसाधनों को हर संवेदनशील जगह पर समुचित रूप से तैनात किया जाना चाहिए। हमें और कश्मीरियों को समझना चाहिए कि संसाधन सीमित हैं और हम अब भी इस स्थिति में नहीं हैं, कि सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे अधिकतम संसाधनों को तैनात कर सकें। घाटी में सामान्य स्थिति बहाल होने के साथ तथा संभवतः आम लोगों और पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए इन सुरक्षा बलों को जनता की नजरों से दूर कर दिया जाता है, ताकि उनकी भारी उपस्थिति को कम किया जा सके। इस कमजोरी के बारे में स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी देने को नकारा नहीं जा सकता है। चूंकि यह घाटी में पर्यटन का चरम सीजन है और अनेक पर्यटन स्थल भौगोलिक दृष्टि से अलग-अलग हैं, इसलिए एकीकृत सुरक्षा नेटवर्क ने इन स्थलों की संवेदनशीलता का विश्लेषण करके प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा बलों को तैनात किया होगा।पहलगाम के निकट बैसरन मैदान अपने अपेक्षाकृत दूरस्थ स्थान, विशिष्ट सौंदर्य और शांति के कारण अधिकांश पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, तथा इस हिस्से की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए था। लेकिन, यहां लगातार सुरक्षा में कमी सीमा पार बैठे आतंकियों से छिपी नहीं रही होगी और इसीलिए, उन हैवानों ने यहां आराम से हमला कर दिया।ये हथियारबंद आतंकवादी नियंत्रण रेखा से लगभग 200 किलोमीटर दूर इतने अंदर तक कैसे पहुंचे और उन्हें हथियार किसने दिए इसकी गहन जांच एनआइए कर रही है । स्लीपर सेल गलत विचारधारा या पैसे का लालच या धमकी देकर स्थानीय समर्थन पाने के बाद, इन आतंकवादियों को उनके आकाओं द्वारा सबसे निरापद स्थान पर हमला करने का आदेश दिया गया होगा। अपने आकाओं को खूनी कृत्यों को लाइव दिखाने या सुबूत के तौर पर रिकॉर्ड करने के लिए बॉडी-कैम का इस्तेमाल करना, इलाके का चयन, लक्ष्य की पहचान और निष्पादन के समय की विस्तृत योजना के पीछे एक सैन्य दिमाग के सभी लक्षण दिखाई देते हैं। बैसरन मैदान में आसान लक्ष्य बनने के सभी तत्व मौजूद थे। खुला मैदान है, जिसके किनारों पर घने जंगल हैं, जिसमें छिपकर भागने के लिए मौके थे।देश के कोने-कोने से (अरुणाचल प्रदेश से, तमिलनाडु से और गुजरात तक के) आने वाले गैर-मुस्लिम पुरुष पर्यटकों को निशाना बनाया गया और इस प्रकार पूरे भारत में दर्द और दुख का माहौल पैदा किया गया। साथ ही एक असहाय पत्नी से कहा गया कि वह प्रधानमंत्री तक संदेश पहुंचाए। यह सब एक बहुत ही तीक्ष्ण और लक्ष्य केंद्रित योजना की ओर इशारा करता है, जो केवल एक घटिया सोच वाला सैन्य दिमाग ही बना सकता है। इस खुले स्थान वाले रिसॉर्ट में सीमित एकल संकीर्ण प्रवेश/निकास बिंदु है, केवल टट्टू से पहुंचा जा सकता है, सेना के पहुंचने में कम से कम 30 कीमती मिनटों का विलंब कर देती है, जो हमले के बाद आतंकियों के लिए भागने के लिए पर्याप्त है।आतंकवादियों को तब हमला करने का काम सौंपा गया, जब मैदान में अधिकतम पर्यटक हों और सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया का समय भी सबसे कम हो।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



### रूआर 2025 के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षक बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें: बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्याशाला में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ,प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल ,उप प्रमुख अमित चौहान, मुखिया प्रेम प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रखंड संसाधन केंद्र के बीपीओ बच्चन कुमार पंकज, एमडीएम प्रभारी अमृतेश पांडेय, प्रखंड के सभी सीआरपी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला को सफल बनाने के लिए बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालयों में उपस्थिती को लेकर अपने-अपने सुझावों को साझा किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों से उनकी परेशानियों को सुनी। बताया की शिक्षक बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें। बच्चों को विद्यालय में उपस्थित को लेकर प्रचार-प्रसार करें। समय-समय पर पेरेंट्स मीटिंग कर विद्यालय का माहौल ऐसा बनाएं की बच्चे स्वयं स्कूल आने के प्रति उत्साहित रहें। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षकों से पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की अपील की। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रियाज अनवर, मुखिया प्रतिनिधि बृजदेव सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष सतीश सिंह, सीआरपी विमलेश मिश्रा, ओंकारनाथ पाठक, विजय दुबे समेत प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि, प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मी व विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## वज्रपात से एकी मौत

**भंडरिया।** निवासी राजमणि मांझी 62 वर्ष की मौत रविवार के शाम वज्रपात की चपेट के आने से हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजमुनी मांझी छत्तीसगढ़ राज्य के रमानुजगंज में लगने वाले हाट बाजार से खरीदारी कर पैदल ही अपने घर वापस लौअ रहे थे। घर से 200 मीटर दूरी पर खैरदोहर के पास गरज के साथ हो रही बारिश में हुए वज्रपात के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों द्वारा अचेत अवस्था में गिरा देख लोगों ने सूचना परिजनों को दी। वहां परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में भर्ती कराया गया। वहां डॉ. ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक पहल तेज



**मोहम्मदगंज।** ग्राम जल स्वच्छता समिति की कोशिश पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम साबित हो रहा है। खराब जलमीनार और चापानल की मरम्मत व रख रखाव को लेकर जल सहियाओं की रिर्पोट पर कार्रवाई शुरू हो गई है। बताया गया कि सोमवार को रामबांध पंचायत के बलडिहरी मदरसा के खराब चापानल की मरम्मत और रखर खाव का काम जल सहिया शाहजहां बेगम की पहल पर पूरा किया गया। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि सभी जल सहियाओं को उनके क्षेत्र की खराब चापानल की तत्काल रिपोर्ट करने की हिदायत दी गई है। इसके लिए सर्वसाधारण के साथ ही जल सहियाओं को विभागीय हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध करा दिया गया।

## बीडब्ल्यूसी व जल सहियाओं ने महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** ग्राम जल स्वच्छता समिति के तत्वावधान में विभिन्न क्षेत्र में जल सहियाओं ने महिलाओं को माहवारी स्वच्छता का महत्व बताते इसके प्रति सजग रहने को लेकर जागरूक किया। जल सहिया शकुंतला देवी ने भजनियां के रजवार टोला में देवी समूह की महिलाओं और किशोरियों के साथ इसे लेकर बैठक की। इसमें उन्होंने बताया माहवारी पर सेनेटरी पैड अथवा साफ कपड़े और शौचालय का प्रयोग नहीं करने से महिलाएं विभिन्न प्रकार की बीमारियों से संक्रमित हो सकती हैं। उन्होंने सभी महिलाओं और किशोरियों को इसके प्रति सजग रहने को लेकर जागरूक किया। साथ ही औरों को भी इस दिशा में प्रेरित और जागरूक करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिक मृत्यु दर की बड़ी वजह माहवारी स्वच्छता के प्रति लापरवाही भी होती है। मगर आंकड़े बताते हैं कि इसके प्रति सजग और जागरूक होने से इसमें भारी कमी आई है। लटपौरी पंचायत के माली में जल सहिया मंजू देवी ने इसे लेकर बैठक आयोजित की। इसमें शामिल ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने महिलाओं खासकर, किशोरियों को इसे लेकर चुप्पी तोड़ने और सयानी बनने की नसीहत दी। पंसा पंचायत के चेचरिया में जल सहिया शशिबाला देवी ने बैठक की।

### शिविर लगाने का निर्देश

**नौडीहा।** बीडीओ ने प्रखंड के सभी मुखिया व पंचायत सचिव को पत्र निर्गत कर 5 मई तक सभी पंचायतों में शिविर लगाकर आधार सिंडिग व ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर मंईयां सम्मान योजना व पेंशनधारी छुट जाते हैं तो इसकी सारी जवाबदेह पंचायत सचिव की होगी।

## राशन कार्ड ई-केवाईसी के लिए पंचायत सचिवालयों में लगा कैंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएचएच (गुलाबी) व अन्त्योदय (पीला) राशन कार्डधारियों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसे लेकर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय में राशन कार्ड ई-केवाईसी के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालय में विशेष कैंप लगाए गए हैं। यहां पर संबंधित क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपने ईपॉश मशीन के साथ उपस्थित हैं। सभी राशन कार्डधारकअपना ई-केवाईसी हर हाल में करवा लें, जिससे कोई भी लाभुक खाद्यान्न के लाभ से वंचित न होने पाए। सभी राशन कार्डधारी अपने राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य की आधार सीडिंग व ई-केवाईसी जरूर कराना अनिवार्य है। लाभुक अपने मोबाइल से किसी भी स्थान से मेरा ई-केवाईसी एप व आधार फेस आरडी एप के माध्यम से स्वयं का भी ई-केवाईसी कर सकते हैं। कैंप में राशन कार्ड ई-केवाईसी और धोती-साड़ी का वितरण किया जा रहा है। विशेष कैंप 29 अप्रैल तक सभी पंचायत सचिवालय में लगेगा।

## प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पहुंची बराही धाम

- भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर स्थल का किया निरीक्षण
- 14 मई को 551 फीट मां दुर्गा मंदिर, व नवग्रह मंदिर निर्माण का होगा भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड राज्य के पलामू जिला में स्थित एतिहासिक बराही धाम परिसर में सोमवार को स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पहुंची। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष सह शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी के नेतृत्व में एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, सीओ पंकज कुमार,बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने परिसर स्थित भूमि पूजन,हेलीपैड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का स्थल के साथ साथ वीआईपी अतिथियों की आगमन, श्रद्धालुओं की व्यवस्था का अवलोकन किया।

### कार्यक्रम में पूरे देश के साधु संत पहुंचेंगे

निरीक्षण के बाद बराही धाम गेस्ट हाउस में अधिकारियों को जानकारी देते हुए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, ट्रस्ट के संयोजक रंधीर कुमार सिंह, कार्यक्रम व्यवस्थापक आकाश सिन्हा ने बताया की आगामी 6 मई से 14 मई तक बराही धाम महोत्सव की शुरूआत होने वाली है। 14 मई को इस धाम परिसर में 551 फीट मां दुर्गा मंदिर और 115 फीट नवग्रह मंदिर निर्माण का भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम होना है। इसकी तैयारी काफी तेजी के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारत वर्ष के कई महान साधु संत, कई प्रदेशों के राजनीतिक हस्तियां, ब्यूरोक्रेट के अलावा कई धार्मिक संगठनों के लोगों के पहुंचने की संभावना है। मौके पर हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, राजद के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान, विनय सिंह यादव, विजय गुप्ता, झारखंड के चर्चित इवेन्ट्स आयोजक रविन्द्र कौर, खुशी कक्कन, सात्विक आनंद, चंदन सिंह के अलावा ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद थे।

## निविदा के 5 माह बाद भी शुरू नहीं हुआ गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण

**मोहम्मदगंज।** पंचायत क्षेत्र के गोलापत्थर गांव के लिए दिसंबर का महीना बड़ी खुशखबरी लेकर आया था। जिसमें गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण को लेकर निविदा आमंत्रित करने की खबर मिली थी। इसकी प्राक्कलित राशि 1.74 करोड़ बताई गई है। कार्य को पूरा करने की अवधि 15 महीने निर्धारित है। निविदा के 6 महीने बाद भी पुल निर्माण को लेकर अब तक सुगबुगाहट सामने नहीं आयी है। ऐसी स्थिति में इसे लेकर ग्रामीणों की खुशी निराशा में बदल गई है। उन्होंने कहा कि इससे गोलापत्थर गांव में सालों भर आवागमन सुगम हो जाएगा। जिसके लिए बरसात में तीन ओर से नदियों से घिर जाने से जोखिम उठाने की नौबत आ जाती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सांसद वीडी राम व पूर्व विधायक कमलेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई थी। इसका प्रतिफल सामने आ गया है। वरिष्ठ कांग्रेसी रामजन्म राम, मुखिया कमला देवी, पंसस ममता देवी, युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता व अन्य ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह यादव से पुल निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग की है। सांसद व विधायक प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह व डॉ. पंचू रजवार ने इसे लेकर सांसद व विधायक का ध्यान आकर्षित करने की बात कही है। बता दें कि गोलापत्थर के लिए यह बड़ी सौगात मिली है। इससे इस गांव के साथ अन्य कई गांव की बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। जिसे लेकर सांसद वीडी राम और पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह की पहल पर इनके प्रतिनिधि के रूप में भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा और अजीत सिंह (गोड़ाडीह) ने स्थलीय जांच और मापी कराकर गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। बताया जाता है की 1908 के भू-सर्वे से पहले ही वहां प्राचीन काल के गोलपत्थर की मौजूदगी दर्ज है। इसी वजह से इस गांव को गोलापत्थर नाम से जाना जाता था।

## रेल फाटक के समीप अतिक्रमण, नहीं मिली मुक्ति





**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत जपला रेलवे क्रॉसिंग के समीप हैदरनगर मोड़ पर फुटकर विक्रताओं ने झुग्गी-झोपड़ी लगाकर आवागमन को बाधित कर रखा है। इस घुमावदार मोड़ से छोटे बड़े वाहनों को गंतव्य तक वाहनों को ले जाना मुश्किल हो गया है। इनके अतिक्रमण से रोज यहां मेला जैसा समागम का दृश्य सामने आता रहा है। बावजूद अनुमंडल स्तरीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी यहां जाम से छुटकारा दिलाने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई है। इससे आमजनों में इस बात को लेकर चर्चा है कि एक ओर अवैध खान के प्रति प्रशासन गंभीर है तो दूसरी ओर अतिक्रमण से मुक्ति क्यों नहीं दिलाई जा रही है। जपला में रेलवे ओवर ब्रिज के उपर आने जाने की सीढ़ी इसकी जद में समा गया है। ऐसी ही जटिल समस्या हैदरनगर बस स्टैंड के समीप रेल फाटक के घंटों बंद रहने से विगत पांच वर्षों से वाहनों के आवागमन की में है। जहां प्रतिदिन जाम व भीड़ का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। हैदरनगर स्थित रेल फाटक संख्या 50 सी पर आरओबी निर्माण कराने की मांग व प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। जबकि अब तक विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओ ने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से इस गंभीर समस्या से अविलंब निजात दिलाने का आग्रह करते आये हैं। इस अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासनिक नकेल नहीं होने से अतिक्रमणकारियों की संख्या में वृद्धि भी हो रही है। इनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई चुनौती के रुप में खड़ी है।

## संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे हुसैनाबाद के सैकड़ों कार्यकर्ता: धनंजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने हुसैनाबाद स्थित आवास पर पत्रकारों को बताया कि 3 मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में हुसैनाबाद क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान भाजपा नीत केन्द्र सरकार ने जिस प्रकार से हमारे संविधान प्रदत्त हक व अधिकारों को बोलने की स्वतंत्रता को छीनने का प्रयास किया है। दलित-आदिवासी, एवं पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की मंशा पाल रखी है। वोट के खातिर आज देश-धर्म निरपेक्षता जो संविधान का मूल रूप से है, को तार-तार कर देश की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया गया है। साथ ही संविधान को मजबूती प्रदान करने वाली स्वतन्त्र संस्थाओं ईडी, आईटी, सीबीआइ एवं चुनाव आयोग आदि संस्थाओं की स्वतन्त्रता छीनकर दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को फंसाना इसका ताजा उदाहरण है। अब तो सारी सीमाओं को लांघकर न्यायपालिका को भी डराया-धमकाया जा रहा है। ये सारे घटनाक्रम इंगित करते है कि भाजपा नीत की सरकार सुनियोजित तरीके से संविधान को दर किनार कर देश में तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है, और इस देश में फिर से एक बार मनुवाद, यानी बाबा साहेब के संविधान के बदले मनुस्मृति लागू करना चाहती है। 3 मई को पुराना झारखंण विधान सभा मैदान धुर्वा रॉची में विशाल रैली का आयोजन किया गया है।

## एक नजर

### सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के सरईडीह विजय मोड़ से खैरादोहर अंतर्गत लकड़ाही बाजार तक बनने वाला सड़क में अनियमिता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सड़क निर्माण जैसे-तैसे किया जा रहा है। बिना गुणवत्ता के साथ कालीकरण व पीसीसी किया जा रहा है। छोटे-छोटे, पुल ,नाला गुणवत्ता के साथ निर्माण नहीं होने के कारण पानी का आवागमन नहीं हो रहा है।

### सांसद प्रतिनिधि को भ्रातृशोक

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह निवासी सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह के छोटे भ्राता मिथुन कुमार सिंह उर्फ पुतरू सिंह (45) का निधन सोमवार की सुबह नारायण मेडिकल कॉलेज जमहोर (बिहार) में इलाज के दौरान हो गया। उनकी दोनों किडनी ने दो वर्ष पहले ही काम करना बंद कर दिया था। एक किडनी ट्रांसप्लांट के बाद जीवन चल रहा था। इन दिनों तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण वह इलाजरत थे। उनके निधन से गांव में शोक व्याप्त है।

### निर्माण कंपनियों की लापरवाही से जलापूर्ति योजना अधर में, ससमय कार्य पूरा होने पर संशय

## सोनपुरवा व परता-कबरा जलापूर्ति परियोजनाओं की धीमी प्रगति



- ग्रामीणों को समय पर जल सुविधा मिलना कठिन

**संजय ओझा**

**हुसैनाबाद।** जल जीवन मिशन के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के 162 गांवों को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए स्वीकृत सोनपुरवा, देवरी खुर्द-देवरी कला एवं आसन्न ग्रामीण जलापूर्ति योजना निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण धीमी गति से आगे बढ़ रही है। फरवरी 2023 में स्वीकृत 135 करोड़ की योजना का कार्य 5 अगस्त 2025 तक पूरा करना है, लेकिन अब तक प्रगति बेहद सुस्त है। 20,343 घरों तक पाइपलाइन और नल कनेक्शन के लिए निर्धारित कार्य में अभी तक अपेक्षित तेजी नहीं आ पाई है। इसी तरह परता-कबरा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, जिसकी लागत लगभग 67 करोड़ है, भी निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही है। हैदरनगर प्रखंड के 58 गांवों में जलापूर्ति के लिए निर्धारित कार्य में अभी तक 25% कार्य भी पूर्ण नहीं हो सका है। सोनपुरवा योजना का कार्य मेसर्स एन.एस. इन्फ्रा प्रा. लि. द्वारा किया जा रहा है, जिसने कार्यस्थल पर साइनबोर्ड लगाकर आंशिक तेजी दिखाई है, जबकि परता-कबरा योजना के संवेदक विगुन कंस्ट्रक्शन, आगरा द्वारा साइनबोर्ड तक नहीं लगाया गया है। 3 अप्रैल 2023 को एकरारनामा होने के बावजूद कार्य प्रगति बेहद धीमी है और 1 जनवरी 2025 तक कार्य पूर्ण करना मुश्किल दिख रहा है। दोनों परियोजनाओं के लिए देवरी कला गांव में सोन नदी किनारे इंटक वेल और जलशोधन संयंत्र का निर्माण हो रहा है। लेकिन निर्माण की सुस्ती से ग्रामीणों को समय पर स्वच्छ पेयजल सुविधा मिलना कठिन प्रतीत हो रहा है।

## देवी धाम प्रबंध समिति ने डीडीसी को सौपा ज्ञापन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवी मंदिर हैदरनगर के प्रबंध समिति का एक शिष्टमंडल सोमवार को पलामू के उप विकास आयुक्त मो. शब्बीर अहमद से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मंदिर के कई विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। समिति ने मंदिर परिसर में निमार्णाधीन शौचालय का कार्य को श्रद्धालू हित में अविलंब पूरा कराने, मंदिर मार्ग सहित परिसर में हाईमास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट लगाने के अलावा मंदिर परिसर के समीप तालाब का सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है। डीडीसी मो. शब्बीर अहमद ने शिष्टमंडल को सभी बिन्दूओं पर चर्चा के बाद उनके स्तर से सभी कार्यों के गंभीरता से लेने को आश्वास्त किया है। साथ ही तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग को उनकी मांग को अनुशंसा करने को कहा है। समिति सचिव रामाश्रय सिंह ने उन्हें यह भी बताया कि इस मंदिर पर हर वर्ष बासंतिक व शारदीय नवरात्रि पर भव्य मेला का आयोजन सदियों से होता आया है। हाल के दिनों में चैती मेला उनका पूरा प्रशासनिक महकमा भी यहां पहुंचकर मेला का जाएजा लेने का कार्य किया था। उस वक्त भी उनकी मांगों को रखने का कार्य समिति ने किया है। मुखिया सह समिति सदस्य जितेन्द्र सिंह ने कहा कि देवी धाम में झारखंड सहित कई राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के आगमन के बावजूद बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। शिष्टमंडल में उनके अलावा मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, मुकेश दूबे, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, अशोक चंद्रवंशी शामिल थे।

### मुखिया ने पीसीसी पथ का किया उदघाटन

**रमना।** सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने सोमवार को 15वें वित्त मद से अठनवा टोला में एक लाख आठ हजार रुपए की लागत से मनोज साह के घर से मुख्य सड़क तक नव निर्मित पीसीसी पथ का पूजा कर व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। मुखिया ने कहा कि उक्त सड़क के बन जाने से इससे आने जाने-वाले लोगों को बरसात में होने वाली कठिनाई का अब सामना नहीं करना पड़ेगा। गांव समाज की विकास के लिए यह अति आवश्यक है। सुगम मार्ग जहां अच्छी है वहां आवगामन की सुविधा होती है। इससे गांव समाज उन्नति की ओर निरंतर बढ़ता है। मौके पर कंचन गुप्ता, शिव साह, मनोज साह चन्द्रिका ठाकुर, रघुनाथ साह, गुंजेश प्रसाद,सीमा देवी सविता देवी सुनील सोनी दिलीप ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गर्मी के मद्देनजर खराब जलमीनार व चापाकल दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन

# उपायुक्त के निर्देश पर जिलेभर में जल संकट दूर करने की पहल, दस दिनों में पेयजलापूर्ति सुचारू करने का लक्ष्य

- भीषण गर्मी में जलसंकट से लड़ने उतरा प्रशासन
- 10 दिनों में खराब चापाकल और जलमीनार दुरुस्त करने का निर्देश, गांव-गांव चल रहा निरीक्षण अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तेज गर्मी और बढ़ते जल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अधिकारी गांव-गांव जाकर खराब चापाकलों, नलकूपों और जलमीनारों की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। खराब परिसरों की सूची तैयार कर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, ताकि आमजनों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### गांव-गांव निरीक्षण, मरम्मत कार्य को मिली रफ्तार

सदर प्रखंड के चियांकी पंचायत में बीडीओ जागो महतो ने अपनी टीम के साथ खराब चापाकलों का निरीक्षण किया और मामूली तकनीकी गड़बड़ियों को त्वरित सुधारने का निर्णय लिया। इसी दौरान पीडीएस डीलरों द्वारा किए जा रहे ई-केवाईसी कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। छतरपुर प्रखंड में बीडीओ आशीष कुमार साहू, कनीय अभियंता कुंदन कुमार और स्थानीय मुखिया हरेंद्र सिंह ने काला पहाड़ और नौडीहा पंचायत के डुंडुर तथा पुरेलवा गांवों का दौरा कर जल समस्या की वास्तविकता जानी। वहीं, हुसैनाबाद प्रखंड के महुदंड पंचायत में भी बीडीओ और अन्य अधिकारियों ने खराब जलमीनारों और चापाकलों का निरीक्षण कर शीघ्र सुधार का आश्वासन दिया।

### ग्रामीणों को मिली राहत की उम्मीद

जिले के अन्य प्रखंडों में भी तेजी से कार्य प्रारंभ हो गया है। प्रशासन का दावा है कि गर्मी के इस कठिन दौर में किसी भी पंचायत में पेयजल संकट नहीं होने दिया जाएगा।

## चापाकल मरम्मत व्यवस्था की पोल खुली

**शिकायतों के बाद भी नहीं मिल रहा समाधान, कहीं वाहन खराब तो कहीं पाइप बदलने में लाचारगी**

**मेदिनीनगर।** जहां प्रशासन जल संकट से निपटने के युद्धस्तर पर प्रयासों का दावा कर रहा है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। चापाकल मरम्मत के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद लोगों को समय पर समाधान नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीण इलाकों में परेशानी बढ़ती जा रही है।

**हेल्पलाइन पर शिकायत, फिर भी लटक रहा समाधान :** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शिकायत निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, परंतु शिकायत दर्ज कराने और समस्या के समाधान में काफी देरी हो रही है। कई स्थानों पर मरम्मती वाहनों के खराब होने और पाइप बदलने में असमर्थता जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

**केस स्टडी-1: सदर प्रखंड :** हेल्पलाइन नंबर 930454779 पर संपर्क करने पर जानकारी मिली कि चापाकल मरम्मति वाहन दो दिनों से खराब है और मरम्मत में और देरी हो सकती है। भीषण गर्मी के बीच ड्राई जोन क्षेत्रों में यह लापरवाही लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।

**केस स्टडी-2: छतरपुर प्रखंड :** छतरपुर प्रखंड के हेल्पलाइन नंबर 9123228839 पर पूछताछ में सामने आया कि पाइप की खराबी वाले चापाकलों की मरम्मत में एक महीने से भी अधिक समय लग सकता है, क्योंकि फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इस बाबत पीएचइडी विभाग के एसडीओ राजेश सिंह ने बताया कि विभाग में पाइप की फिलहाल किल्लत है क्योंकि जिले में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के नहीं होने के कारण कई काम रुका हुआ है। सदर प्रखंड में गाड़ी खराब होने की सूचना नहीं है। इसके विषय में जानकारी लेकर आगे इसे दुरुस्त किया जाएगा।

## रेड़मा चौक जांच अभियान में 13 वाहन जब्त, 39 हजार से अधिक का चालान



- शराब पीकर वाहन चलाने वालों व नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेड़मा चौक पर रविवार को परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया। जांच में बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पकड़े गए। कार्रवाई में 10 दोपहिया वाहन और एक शराबी टेंपो चालक को पकड़ा गया, वहीं तीन ई-रिक्शा चालकों को भी नियम उल्लंघन पर हिरासत में लिया गया।

जब्त सभी वाहनों को शहर थाना परिसर में रखा गया है। चालान फाइन की कार्रवाई जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को भेजी गई है। 28 अप्रैल को 13 दोपहिया वाहनों पर ₹17,150 और दो शराबी चालकों पर ₹22,389 का चालान हुआ। कुल ₹39,539 फाइन वसूला गया।

यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन गंभीर अपराध है। इसलिए सुरक्षित यात्रा के लिए सभी से नियमों का पालन करना की जरूरी है।

## महिला से 10 हजार रुपए व मोबाइल की ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के मझिगावां में एक महिला से 10 हजार रुपए व एक कीपैड मोबाइल की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी की शिकार हुई महिला ने सोमवार को खरौंधी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मझिगावां निवासी श्यामलाल साह की पत्नी मानमती देवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 8 बजे एक युवक मोटरसाइकिल से उनके घर आया। युवक ने अपना नाम परमेंदर साह बताया और कहा कि उसे पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने भेजा है। युवक ने दावा किया कि मानमती देवी ने पहले चापानल के लिए आवेदन दिया था और अब उनके नाम से चापानल स्वीकृत हो गया है। रजिस्ट्रेशन के लिए 25 हजार रुपए लेकर भवनाथपुर चलने को कहा। मानमती देवी ने बताया कि उनके पास उस समय सिर्फ पांच हजार रुपए थे। युवक ने जल्दी पैसे की व्यवस्था कर भवनाथपुर आने को कहा और स्वयं भवनाथपुर चला गया। कुछ देर बाद मानमती देवी अपने बेटे के साथ भवनाथपुर पहुंची। वहां आरोपी युवक मिला और मोटरसाइकिल पर बैठाकर श्री बंशीधर नगर कचहरी ले गया। महिला ने बताया कि युवक ने पांच हजार रुपए नकद लिए और फिर बहियार मोड़ स्थित एक सीएसपी संचालक संदीप कुमार के फोन पे नंबर पर पांच हजार रुपए और डालने को कहा। मजबूरन महिला ने अपने दामाद से संपर्क कर संदीप कुमार के खाते में पांच हजार रुपए डाल दिया। इसके बाद युवक ने कहा कि आपके मोबाइल पर ओटीपी जायेगा। मोबाइल मुझे दीजिए। जैसे ही महिला ने मोबाइल दिया। युवक मोबाइल लेकर भाग गया। महिला ने रोते हुए बताया कि पूरे दिन श्री बंशीधर नगर में युवक का इंतजार करती रहीं, लेकिन वह वापस नहीं आया। उन्होंने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और आगामी 7 जून को उनकी बेटी की शादी है। इस घटना से शादी पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस घटना पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक गरीब महिला के साथ ठगी की गई है, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने प्रशासन से आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने कहा मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी। अगर महिला ने थाना में आवेदन दिया है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी में बिजली संकट : नए ट्रांसफार्मर के लिए दिनभर करना पड़ रहा इंतजार

- महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर, विभाग में घंटों लाइन लगाने को विवश ग्रामीण

मनीष तिवारी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गर्मी ने अप्रैल महीने में ही कहर बरपाना शुरू कर दिया है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और इस भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण इलाकों में बिजली संकट गंभीर समस्या बनता जा रहा है। कई गांवों में ट्रांसफार्मर या तो महीनों से खराब पड़े हैं या हाल ही में खराब हुए हैं, लेकिन बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के चलते ग्रामीणों को नए ट्रांसफार्मर लेने के लिए दिनभर कड़ी धूप में इंतजार करना पड़ रहा है। कई लोग तो बिना ट्रांसफार्मर लिए ही लौटने को मजबूर हो रहे हैं।



### ट्रांसफार्मर सप्लाई में लापरवाही से बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की आपूर्ति में देरी के पीछे विभागीय कुप्रबंधन जिम्मेदार है। कभी ट्रांसफार्मर में तेल की कमी तो कभी स्टॉक की अनुपलब्धता का हवाला देकर लोगों को दिनभर गर्मी में लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

### केस स्टडी 1: 15 दिनों से अंधेरे में डूबा रिसीयपा गांव

राजीव कुमार गुप्ता, निवासी रिसीयपा गांव, नवडीहा बाजार, ने बताया कि उनके गांव का ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा था। सोमवार को वे सुबह 11 बजे ट्रांसफार्मर लेने बिजली विभाग पहुंचे। भीषण गर्मी में पूरे दिन इंतजार करने के बाद उन्हें रात लगभग 7 बजे जाकर ट्रांसफार्मर मिला। जब देर का कारण पूछा गया तो विभागीय कर्मियों ने ट्रांसफार्मर में तेल न होने की बात कही।

### केस स्टडी 2: हेनपुर गांव के लोग दो महीने से परेशान

राम कुमार भोक्ता, निवासी हेनपुर, बालूमाथ, ने बताया कि उनके गांव में दो महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। सोमवार को वे मेदिनीनगर ट्रांसफार्मर लेने पहुंचे और दोपहर 2 बजे से लाइन में लगे रहे। शाम तक भी ट्रांसफार्मर नहीं मिल सका। राम कुमार ने निराशा जताते हुए कहा कि उन्हें यह भी नहीं बताया गया कि ट्रांसफार्मर आज मिलेगा या नहीं।

### बढ़ती गर्मी में ग्रामीणों का सब्र टूटने की कगार पर

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते वे भीषण गर्मी में अंधेरे और पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। यदि जल्द ट्रांसफार्मर की आपूर्ति और मरम्मत कार्य में तेजी नहीं आई तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

## विधायक ने किया जनता दरबार का आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस बैठक में प्रखंड के कई वरीय पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। विधायक ने बताया कि जनता दरबार आयोजित करने का उद्देश्य क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को सुनना और उनका शीघ्र समाधान करना है। जनता दरबार में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन संबंधी मामलों की झड़ी लग गई। किसी ने हल्का कर्मचारी पर पैसे मांगने का आरोप लगाया तो किसी ने अंचलाधिकारी पर अनदेखी का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने मनरेगा योजना में सिंडीकेट बनाकर पैसे उगाही करने का आरोप लगाया, जिसपर विधायक ने कड़ी चेतावनी देते हुए सभी पेंडिंग कार्यों को संबंधित पदाधिकारियों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर पानी,बिजली,राशन, मंईयां योजना,पेंशन, मनरेगा से संबंधित मुद्दे सामने आये। ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक प्रकाश राम ने सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओ का समाधान हमारी प्राथमिकता हैं। हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने जनता दरबार में आए ज्यादातर समस्याओं का समाधान ऑन स्पॉट कराया। जनता दरबार में सीओ जय शंकर पाठक,बीडीओ चंदन प्रसाद,उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता,आदर्श रविराज समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## शहर की बिजली व्यवस्था चरमराई, गर्मी में लोग परेशान

- बार-बार बिजली गुल होने से व्यापार प्रभावित
- विभाग ने ओवरलोड व सहयोग की कमी को बताया वजह

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** तेज गर्मी के बीच शहर विशेषकर मुख्य बाजार क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। अक्सर घंटों तक बिजली गुल रहने से आमजन के साथ-साथ व्यापारी वर्ग भी भारी संकट में है। शॉर्ट सर्किट, ओवरलोड, फेज फेल और जले हुए तारों की वजह से पूरे दिन बिजली की आंख-मिचौली बनी रहती है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बिजली की अनियमितता से व्यापार पर सीधा असर पड़ा है। ग्राहक चिलचिलाती गर्मी से परेशान होकर बिना खरीदारी किए लौट रहे हैं। इनवर्टर भी बार-बार डिस्चार्ज हो जा रहे हैं, जबकि जनरेटर चलाना अब महंगा सौदा साबित हो रहा है। इस मुद्दे पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि अचानक तापमान में बढ़ोतरी से लोड काफी बढ़ गया है, जिससे आपूर्ति प्रभावित हुई है। 'हमारी टीमें लगातार फील्ड में हैं। बाजार क्षेत्र में नई केबल बिछाई जा रही है, जिससे दीर्घकालिक समाधान मिलेगा'। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि स्थानीय स्तर पर अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण मरम्मत कार्य में बाधा आ रही है। रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक काम हो रहा है ताकि दिन में लोगों को परेशानी न हो। कई बार लोगों की अनुमति न मिलने से पोल और केबल कार्य में प्रशासन की मदद लेनी पड़ रही है।

**जनता से की गई सहयोग की अपील :** बिजली विभाग ने नागरिकों से सहयोग करने और धैर्य रखने की अपील की है, ताकि मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूरा किया जा सके और नियमित आपूर्ति बहाल की जा सके। फिलहाल, विभाग के आश्वासनों के बावजूद मेदिनीनगर के लोगों को भीषण गर्मी और अंधेरे के बीच दिन काटने पड़ रहे हैं। जब तक स्थायी समाधान नहीं मिलता, आमजन को परेशानी झेलनी ही होगी।

## रंका पुलिस ने विभिन्न मामलों के आठ वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेजा



- समकालीन अभियान के तहत की गई कार्रवाई, थाना प्रभारी ने दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** रंका पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत विभिन्न कांडों में वांछित आठ वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रविवार को थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि केस संख्या 316/2013 के वारंटी महेंद्र उरांव, सुदेश तिर्की और रामनाथ उरांव को विश्रामपुर से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, केस संख्या 367/2014 के वारंटी संजय कोरवा उर्फ अजय देवर और अवधेश कोरवा को भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा उदय भुइयां और शेराशाम एसटी केस नंबर 448/12 के वारंटी रमेश सिंह को भी पकड़ा गया है। इसी क्रम में कांड संख्या 68/25, धारा 64 बीएनएस 4/6 प्रक्रिया एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त अखिलेश भुइयां को चैनपुर थाना क्षेत्र के करसो गांव से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि ये सभी अभियुक्त विभिन्न आपराधिक मामलों में फरार चल रहे थे। सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है।

**अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को, अद्भुत संयोग में होंगे शुभ कार्य**

## सोना-चांदी की खरीदारी, गृह प्रवेश व विवाह के लिए बन रहा 24 साल बाद खास योग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अक्षय तृतीया का पर्व इस बार 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखने वाला यह दिन अबूझ मुहूर्त के लिए जाना जाता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर 24 वर्षों बाद गजकेसरी योग और अक्षय योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे इस दिन किए गए शुभ कार्यों का पुण्यफल कई गुना बढ़ जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, तृतीया तिथि 29 अप्रैल रात 8:12 बजे शुरू होकर 30 अप्रैल को शाम 6:00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

पंडित मनीष मिश्रा ने बताया कि इस दिन चंद्रमा उच्च राशि वृषभ में रहेगा और गुरु के साथ युति कर गजकेसरी योग बनाएगा। भगवान परशुराम के जन्मदिवस के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व पर सोना, चांदी, वाहन, भूमि और संपत्ति की खरीदारी बेहद शुभ मानी जाती है। यदि बड़ी वस्तुएं खरीदना संभव न हो तो मिट्टी के बर्तन जैसे कुल्हड़ या दीपक खरीदने से भी अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

इस दिन नए व्यापार, निवेश, गृह प्रवेश, विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए भी विशेष योग बना रहेगा। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। वहीं, गंगा स्नान और दान का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन स्नान-दान से जन्म-जन्मांतर के पापों का क्षय होता है और मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है।

पंडित मिश्रा के अनुसार, सोना-चांदी की खरीदारी का श्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 5:41 बजे से दोपहर 2:12 बजे तक रहेगा। इस अवधि में की गई खरीदारी विशेष शुभ और समृद्धि प्रदान करने वाली मानी गई है।

## स्नातक सेमेस्टर-5 का परिणाम जारी किए बिना सेमेस्टर-6 का फॉर्म भराया जा रहा : मंजुल शुक्ला

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर साधा निशाना

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक मंजुल शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि स्थाई कुलपति के एक माह बाद भी विश्वविद्यालय और अंगीभूत महाविद्यालयों की व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। शुक्ला ने कहा कि स्नातक सेमेस्टर-5 का परीक्षा परिणाम जारी किए बिना सेमेस्टर-6 का फॉर्म भरवाया जा रहा है, जबकि अंतिम सत्र में शामिल होने के लिए सेमेस्टर-5 का उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परीक्षा विभाग के पास अंतिम सत्र की परीक्षाओं की कोई ठोस योजना नहीं है, जिससे विद्यार्थियों में असंतोष है। उन्होंने डिग्री और माइग्रेशन में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। साथ ही, कुलपति से मिलने के लिए समय और संख्या तय करने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए तत्काल बदलाव की मांग की। शुक्ला ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो विद्यार्थी परिषद व्यापक आंदोलन करेगी।

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई: उपायुक्त

## राजस्व संग्रहण समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा

**अनुपस्थित पदाधिकारियों से शो कॉज**

**नवीन मेल संवाददासता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गढ़वा समाहरणालय के सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास, 15वें वित योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। साथ ही पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की गई। संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा के बाद उपायुक्त ने सभी योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं के अधीन प्राप्त राशि को नियमानुसार शत प्रतिशत खर्च करने का निर्देश दिया। मनरेगा के मुख्य बिंदुओं में योजना की पूर्णता, एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग ऐप, आधार से आधारित




भुगतान, मजदूरों का आधार इंट्री, 100 मानव दिवस वाले परिवार, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अस्वीकृत लेन-देन, अबुआ-आवास में निर्गत मास्टर रॉल, लोकपाल द्वारा उठाये गए बिन्दू की समीक्षा की। मनरेगा अंतर्गत वैसे जॉब कार्डधारी जिनका 77 से 99 दिनों का कार्य उपलब्ध करा दिया गया है, को चिन्हित कर नियमानुसार कार्य उपलब्ध कराते हुए 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सामाजिक अंकेक्षण में आए मुद्दे पर पंचायत स्तरीय ज्यूरी का निर्णय अनुसार कार्रवाई कर साक्ष्य के साथ अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सर्वे, पंचायत समिति व्यय, ग्राम पंचायत व्यय आदि की चर्चा कर 15वें वित्त आयोग की राशि से संबंधित समीक्षा की। जिसमें पंचायत समिति व ग्राम पंचायत व्यय की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए कम राशि व्यय करने वाले प्रखंडों व ग्राम पंचायतों को निर्देश दिया गया कि नियमानुसार शत प्रतिशत राशि जल्द व्यय करें। राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में राजस्व संग्रहण से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत होकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारी को राजस्व संग्रहण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए अध्यतन प्रतिवेदन के समीक्षा के बाद शत प्रतिशत राजस्व संग्रहण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त भूमि नामांतरण, केसीसी ऋण, आपूर्ति, जाति, निवास प्रमाण पत्र, मंईयां सम्मान योजना, पेंशन आदि विषयों की भी समीक्षा की गई। अपेक्षाकृत पुअर परफॉर्मेंस प्रदर्शित करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों व संबंधित पदाधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान अनुपस्थित पाए गए पदाधिकारियों को शो-कॉज किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार पांडेय, नगर ऊंटारी प्रभाकर मिर्धा, रंका रूद्र प्रताप, जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद जिले सभी विभागों के अधिकारी, बीडीओ, सीओ उपस्थित थे।

## एक नजर

### बंधन बैंक की शाखा का शुभारंभ



**श्री बंशीधर नगर।** बंधन बैंक की शाखा का शुभारंभ सोमवार को उपायुक्त शेखर जमुआर व बंधन बैंक के एरिया मैनेजर नवीन सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बंधन बैंक की शाखा का शुभारंभ श्री बंशीधर नगर के आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे छोटे व्यवसायियों, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को सुलभ बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिलेगा। बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता से न केवल व्यापार में तेजी आएगी, बल्कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आर्थिक समावेशन भी सशक्त होगा। एरिया मैनेजर नवीन सिन्हा ने कहा कि बंधन बैंक का उद्देश्य हमेशा से समाज के हर वर्ग को बैंकिंग से जोड़ना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना रहा है। श्री बंशीधर नगर में शाखा की शुरूआत हमारे इस लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है। मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा,बीडीओ रौशन कुमार, सीओ विकास सिंह,कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा,शाखा प्रबंधक अवधेश कुमार पांडेय,उप शाखा प्रबंधक मृत्युंजय सरकार, डॉ अभिमन्यु सिंह सोनू,पीयूष जायसवाल, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल,बबलू चौबे,विजय नन्दन सिन्हा,अनिल लाल अग्रवाल,विश्वनाथ जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, अमित शुक्ला, डब्लू शुक्ला,क्षेत्रीय प्रबंधक तस्लीमुद्दीन अंसारी, खजांची रानी कविता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### दुकान में आग लगने से हजारों की क्षति



**भवनाथपुर।** आटा चक्की व तेल मिल में रविवार रात्रि आग लगने से पीसने के लिएरखा हुआ एक क्विंटल गेंहू, 20 हजार रुपए नकद की आर्थिक क्षति हुई है। राहगीरों द्वारा सूचना मिलने के बाद पहुंचे आटा चक्की के मालिक ने किसी तरह पानी से आग बुझाया। अगलगी की घटना को लेकर आटा चक्की और तेल मिल के मालिक अमित सिंह ने पंकज सोनी के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया है। कहा कि सुनील सोनी के मकान में किराए पर रह रहे योगेन्द्र सोनी के पुत्र पंकज सोनी मेरे दुकान में 12 किलो गेहूं पीसने को दिया था। रविवार के रात 8 बजे वह मेरे दुकान में आकर 20 किलो आटा की मांग करने लगा। जब मैं कहा कि आप 12 किलो ही गेहूं दिए है। इस पर वह गाली गलौज करते हुए लड़ाई करने पर उतर गया। धमकी देकर गया था, कि तुमको पता चला चला देंगे। इसके बाद रात में आटा चक्की व तेल मिल में उसने आग लगाकर घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने पुलिस से आटा चक्की के आस पास लगे सीसीटीवी के माध्यम आरोपी को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### जिप सदस्य ने यूपीएससी सफल छाया को किया सम्मानित



**भवनाथपुर।** मेराल प्रखंड के अकलवानी गांव की बेटी छाया कुमारी ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता होने पर भवनाथपुर प्रखंड की जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने रविवार को उनके घर जाकर छाया कुमारी को श्री बंशीधर राधिका का फोटो व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर रंजनी शर्मा ने कहा कि छाया कुमारी ने यह साबित कर दिया है कि अगर संकल्प और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने कहा कि छाया जैसे होनहार युवा ही आने वाले समय में समाज और देश को एक नई दिशा देंगे।

## न्यूज बॉक्स

### बरवारी विद्यालय में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरवारी मे अध्ययनरत 60 छात्र छात्राओं की शिक्षण एक मात्र सहायक अध्यापक के भरोसे संचालित कराया जा रहा है। दोनों सहायक अध्यापकों के प्रतिनियोजन शिक्षा विभाग द्वारा किये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। बता दें कि 21 जुलाई 2005 को उक्त विद्यालय में दो सहायक अध्यापक(पारा शिक्षक) विक्की वशिष्ट व बिंदु कुमारी का योगदान उक्त विद्यालय में हुआ था। कुछ दिनों के बाद सहायक अध्यापिका बिंदु कुमारी का प्रतिनियोजन दूसरे विद्यालय में कर दिया गया था। ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद उन्हें मूल विद्यालय में वापस कर लिया गया। 2023 से ही सहायक अध्यापक विक्की वशिष्ट को प्रतिनियोजन दूसरे पंचायत में कर दिया गया। नियमावली का हवाला देकर दूसरे पंचायत से अपने पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरवाटोली विद्यालय में किया गया है। उक्त विद्यालय के सरकारी शिक्षक मंगलेश सिंह की सेवानिवृति 31 जनवरी 2025 के बाद सहायक अध्यापक बिंदु कुमारी को सहायकअध्यापक नियमावली के विरुद्ध दूसरे बनसानी पंचायत में 4 फरवरी को कर दिया गया, जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया था। शिक्षक विहीन विद्यालय में राजकीय माध्यमिक विद्यालय मकरी के सहायक अध्यापक रविप्रकाश यादव को प्रभारी बनाकर वहां भेज दिया गया। ग्रामीणों की मांग है कि हमारे विद्यालय में जब दो शिक्षक हैं ही तो दूसरे विद्यालय से प्रतिनियोजित शिक्षक को क्यों भेजा जा रहा है। मूल विद्यालय के दोनों सहायक अध्यापक को मूल विद्यालय में भेजा जाय। समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी,उमेश यादव,विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोरख कुमार यादव सहित कई ग्रामीणों का कहना है कि अगर शिक्षा विभाग दोनों का प्रतिनियोजन रदद् कर मूल विद्यालय नही भेजती है, तो हमलोग डीसी व शिक्षा सचिव राची में मिलकर भवनाथपुर के शिक्षा विभाग में नियम को ताक पर रख कर हो रहे प्रतिनियोजन का विरोध करेंगे।

### गायत्री शक्ति पीठ के सातवें वार्षिक उत्सव पर दीप यज्ञ का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर शहर के जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को सातवें वार्षिक उत्सव व शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की संध्या में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जैसे ही सूरज अस्त हुआ श्रद्धालुओं ने सैकड़ों दीप प्रज्जवलित कर मंदिर परिसर को आलोकित कर दिया। दीप यज्ञ की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर अपने घर-परिवार की सुख-शांति, समाज की समृद्धि तथा राष्ट्र की प्रगति के लिए प्रार्थना की। दीप यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला समन्वयक विनोद पाठक ने कहा दीप यज्ञ मानव जीवन को सकारात्मकता, ऊर्जा और शांति से भरता है। दीपक मात्र प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे भीतर ज्ञान, प्रेम और भक्ति की ज्योति प्रज्जवलित करने का संदेश है। समाज को संस्कारित करने की दिशा में गायत्री परिवार का यह आयोजन प्रेरणादायक है। गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे ने कहा कि दीपक अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान, भक्ति और सकारात्मकता का संदेश देता है। दीप यज्ञ से वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है और मन को शांति मिलती है। दीप यज्ञ में पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें गायत्री परिवार के वरिष्ठ कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। मौके पर जोखू प्रसाद, रामप्रसाद कमलापुरी, डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल, ललसू राम, धीरेन्द्र चौबे, युवा समन्वयक शुभम जायसवाल,आनंद अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल,प्रमोद कुमार गुप्ता,उज्जवल अग्रवाल,प्रियांशु अग्रवाल,विकास कुमार,अभिषेक कुमार,सुजीत लाल अग्रवाल,सुरेश विश्वकर्मा,नवीन मेहता,उपेंद्र कुमार,शिवकुमार, नागेंद्र सिंह,वीरेंद्र सोनी,देवमुनि विश्वकर्मा,मीना देवी,अनीता देवी,प्रज्ञा अग्रवाल,कंचन कुमारी,सृष्टि कुमार,मंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एसडीओ के नेतृत्व में मझिआंव रोड से हटाया गया अस्थाई अतिक्रमण




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मझिआंव रोड पर पूर्व निर्धारित समय अनुसार सोमवार आठ बजे से अस्थाई अतिक्रमण हटाने को लेकर संयुक्त अभियान चलाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर चलाए गएअभियान का नेतृत्व सीओ सफी आलम ने किया। मौके पर नगर परिषद के अतिक्रमण विरोधी दस्ता ने अतिक्रमित संरचनाओं को ध्वस्त करने व जानबूझकर सड़क पर रखे सामान को जब्त करने की कार्रवाई की। अभियान के शुरूआत में लगभग 1 घंटे तक सदर एसडीएम संजय कुमार ने स्वयं अतिक्रमण विरोधी अभियान का मोर्चा संभाला। उन्होंने इस दौरान अंचल व नगर परिषद की टीम को न केवल आवश्यक निर्देश दिए, बल्कि स्थानीय लोगों को भी समझाया कि वह आज हटाए जा रहे अतिक्रमण के स्थान पर दोबारा कब्जा न करें नहीं तो जुमार्ना भी लगाया जाएगा।अभियान के दौरान सड़क के दोनों और बनी बासंपल्ली या गुमटी आदि से बनी अस्थाई संरचनाओं को हटाया गया। जिन लोगों ने नाली के ऊपर स्थाई संरचनायें बना दी थी उनको भी बुलडोजर से तोड़ दिया गया। टीम ने इस बात का भी ध्यान रखा कि इस तोड़फोड़ के क्रम में किसी का अनावश्यक कोई नुकसान न हो। इस दौरान लगातार सभी को हिदायत दी जा रही थी कि वह अपने टूट फूट वाले सामान को स्वयं हटा लें। अभियान के दौरान सड़क पर कुछ सामान ऐसा भी मिला जो सड़क पर ही फैला था। कई लोगों ने अपने साइन बोर्ड सड़क के लंबवत इस तरह से गाड़े हुये थे, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। इस प्रकार के साइन बोर्ड और होर्डिग आदि को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान दो ऐसी संरचनाओं को भी मौके पर ध्वस्त कर दिया गया, जिन्हें जानबूझकर नाली को पार करते हुए रोड तक अवरोध किया गया था। उनमें एक ट्रैक्टर शोरूम व एक बीज भंडार द्वारा बनाई गई स्थाई संरचनायें शामिल हैं। मौके पर नगर प्रबंधक ओमकार यादव, टैक्स दरोगा राजकुमार सहित नगर परिषद के पूरे अतिक्रमण विरोधी दल के अलावा गढ़वा थाने के पुलिस बल की मौजूदगी थी।

## 18 प्रधान लिपिकों को मिला एमएसीपी का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक में वर्ष 2004 में नियुक्त लिपिक संवर्ग के कर्मियों को 20 वर्षों की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने के फलस्वरूप 18 प्रधान लिपिकों को द्वितीय संशोधित सुनिश्चित वृति उन्यन योजना (एमएसीपी) वेतनमान 9300-34800, जीपी-4600, एल-7, 44900-142400 का लाभ दिया गया। जिन कर्मियों को इनका लाभ दिया गया है, उनमें जाफर इमाम फारूकी प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय रमकंडा, प्रमोद कुमार पांडेय प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय सगमा, अरविन्द कुमार सिंह प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय डंडा, श्लोक कुमार सिंह प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय धुरकी, आनन्द कुमार सिंह प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय धुरकी, अधिराज टोप्पो प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय, चिनिया, सुनील कुमार प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय बिशुनपुरा, सुभाष शर्मा प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय डंडा, संतोष कुमार प्रधान लिपिक



प्रखंड कार्यालय कांडी, कुमार गौरव प्रधान लिपिक अनुमंडल राजस्व कार्यालय गढ़वा, रेणु कुमारी प्रधान लिपिक जिला भू-अर्जन कार्यालय गढवा, दिवाकर मिश्र प्रधान लिपिक जिला पंचायती राज कार्यालय गढ़वा, अनिल कुमार सिंह प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय नगर उंटारी, त्रिगुण स्वामी पांडेय प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय मेराल, बिरजू चौधरी प्रधान लिपिक जिला आपूर्ति कार्यालय गढ़वा, चोन्हास एक्का प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय सगमा, मुकेश कुमार प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय रंका, राजीव कुमार दुबे प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय गढ़वा का नाम शामिल है। राजस्व उप निरीक्षक संवर्ग के कर्मियों को 10, 20, 30 वर्षों की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने के फलस्वरूप कुल 3 राजस्व उप निरीक्षकों को भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एमएसीपी का लाभ दिया गया। उनमें विनोद कुमार दुबे राजस्व उप निरीक्षक अंचल कार्यालय चिनियां, विनोद सिंह राजस्व उप निरीक्षक अंचल कार्यालय रमकंडा, विनय कुमार गुप्ता राजस्व उप निरीक्षक अंचल कार्यालय चिनियां का नाम शामिल है। अनुमंडल कार्यालय श्री बंशीधर नगर के चालक भरत प्रसाद का 20 वर्षों की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने के फलस्वरूप द्वितीय एमएसीप का लाभ दिया गया। साथ ही समाहरणालय संवर्ग के 5 अनुसेवक को भी एमएसीपी का लाभ दिया गया। उनमें नंदलाल राम, अनुसेवक जिला स्थापना शाखा गढ़वा, जयसन कोरवा अनुसेवक जिला स्थापना शाखा गढ़वा, राहुल कोरवा अनुसेवक जिला स्थापना शाखा गढ़वा, प्रदीप कोरवा अनुसेवक अंचल कार्यालय रमकंडा, उदय नारायण सिंह अनुसेवक प्रखंड कार्यालय रमकंडा का नाम शामिल है।

### रंका प्रखंड के कोहबरी टोला में पीने के पानी की भीषण समस्या

**रंका।** प्रखंड के सोनदाग पंचायत स्थित कोहबरी टोला के ग्रामीण लंबे समय से पीने के पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को दोपहर करीब दो बजे गांव की महिलाओं और ग्रामीणों ने बताया कि टोला में करीब 20 घर हैं, जहां लगभग 50 लोग निवास करते हैं। लेकिन वर्षों से पेयजल संकट बना हुआ है।ग्रामीणों ने कहा कि बहुत पहले सरकार की ओर से एक चापाकल लगाया गया था, जो अब खराब पड़ा है। न तो उसकी मरम्मत कराई जा रही है और न ही किसी अधिकारी ने अब तक समस्या पर ध्यान दिया है। मजबूरी में लोग कुएं का दूषित पानी पीकर जीवन बसर कर रहे हैं।ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग के ओवरसियर महावीर रजक से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनके मोबाइल नंबर 9279732289 पर कई बार कॉल करने के बावजूद संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार दावा तो कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कोहबरी टोला में कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, उपायुक्त ने दुर्घटनाओं में कमी लाने का दिए निर्देश

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल मेदिनीनगर, पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल गढ़वा, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग, नगर परिषद, नगर पंचायत की समीक्षा कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश से माह जनवरी २०२५ से मार्च २०२५ तक जिला अंतर्गत हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया गया कि माह जनवरी २०२५ से मार्च २०२५ के बीच कुल 47 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें २8 लोगों की मौत व 35 लोग घायल हुए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया कि शहर के सघन आबादी वाले घनी क्षेत्रों से बड़ी गाड़ियों को न लाकर गढ़वा बाईपास से आवागमन प्रारम्भ कराएं। इससे कि गढ़वा शहर को जाम से निजात मिल सकेगी। साथ ही वैसे स्थान जहां ग्रामिण सड़क भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की सड़कों को जोड़ती है तथा मार्ग में पड़ने वाले स्कूल के पास सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के उपायों में रेडियम, साइनेज आदि लगाएं, जिससे की सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके। राष्ट्रीय उच्च पथ पथ प्रमंडल मेदिनीनगर व पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल गढ़वा के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि जिले में अवस्थित तीनो ब्लैक स्पॉट अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोड़ा तथा बुढ़ा परास (टेढ़ी पुल) के कार्य प्रगति में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराएं। अन्नराज घाटी के को सीधा करने संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही वैसे स्थान जहां ग्रामीण सड़कें भारतीय राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ प्रमंडल की सड़कों को जोड़ती है। मार्ग में पड़ने वाले स्कूल के पास सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के उपाय करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। सभी कार्यपालक व सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन सड़को पर भी सड़क सुरक्षा से संबंधित समुचित उपाय करें। सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुद्दढ़ करने के लिए गढ़वा जिला में एक ट्रैफिक थाना का सृजन करने, एमभी एक्ट के तहत कार्रवाई करने व शहर के मुख्य स्थानों का चयन करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।

## सात साल से अधूरा पड़ा है प्रखंड के राजी में पंडा नदी पर पुल निर्माण

# मुआवजा भुगतान में लापरवाही बनी बाधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के राजी में पंडा नदी पर 4.73 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा पुल 7 वर्षों से अधूरा पड़ा है। पुल का अधूरा रहना मुख्य रूप से दोनों ओर एप्रोच रोड के निर्माण के अभाव का कारण है। इस पुल का शिलान्यास तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही ने 10 फरवरी 2018 को किया था। योजना के अनुसार दो वर्षों में निर्माण कार्य पूरा कर आवागमन के लिए पुल को चालू करना था, जिससे राजी से केतार सहित खरौंधी प्रखंड से उत्तर प्रदेश के कोन क्षेत्र तक सीधा संपर्क स्थापित होता। लेकिन भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान में देरी ने इस परियोजना को अधर में लटका दिया। एप्रोच रोड के लिए नरेश पासवान, रविंद्र मेहता, राजेश मेहता, वीरेंद्र मेहता, रामचंद्र पासवान, विजय साह समेत कई रैयतों की जमीन और घर आ रहे हैं। भूमि अधिग्रहण विभाग ने लगभग 70 डिसमिल जमीन अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी किया था और 33.85 लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही थी। लेकिन सात साल बीतने के बाद भी रैयतों को एक भी रुपया मुआवजा नहीं मिला। इससे पुल का एप्रोच रोड आज भी अधूरा है। इसको लेकर स्थानीय रैयतों में भारी आक्रोश है। स्थानीय रैयत नरेश पासवान ने बताया कि भू अर्जन विभाग, पथ प्रमंडल, उपायुक्त और मुख्यमंत्री तक गुहार लगाया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। थक हारकर जिला मुख्यालय में जनता दरबार में भी गुहार लगाया। वहां फरवरी 2025 तक भुगतान का वादा किया गया था, लेकिन वह भी विफल रहा। पिछले सात वर्षों से विभागीय टाल-मटोल और जिम्मेदारी से बचने का खेल चलता आ रहा है। करोड़ों की लागत से बना यह पुल अब सरकारी धन की बबार्दी का उदाहरण बन गया है। जब तक मुआवजा भुगतान नहीं होता, तब तक एप्रोच रोड का निर्माण संभव नहीं है। सरकार और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण जनता के हित की यह योजना केवल एक अधूरी कल्पना बनकर रह गई है।

### सभी पहलुओं के जांच के बाद मुआवजा भुगतान होगा: भू अर्जन पदाधिकारी

इस संबंध में जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद ने कहा कि इस मामले को एक दो दिनों में देखेंगे। फाइनेंस की स्थिति क्या है। भुगतान ट्रेजरी गया है या नहीं, ट्रेजरी में दो साल से लंबित तो नहीं है। इन सारे पहलुओं की जांच करेंगे। इसके बाद शीघ्रता से मुआवजा भुगतान का प्रयास किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) इनदर कुमार उर्फ इद्र कुमार पे0–गौरी शंकर बियार, सा0–झुरहा रमुना, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमना थाना कांड सं0– 136 /2024 दिनांक–18.10.24 धारा–87, 137(2) बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री शलैन्द्र कुमार नापित न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–21.04.2025 को आपके स्थानीय पते के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री शलैन्द्र कुमार नापित न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.351258 Police(25-26):D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

पिपराटांड थाना कांड सं0–32/2024 दिनांक 27.12.2024 धारा–376 (2)(n)/भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त कैप्टेन कुमार उम्र करीब –21 वर्ष, पिता– राजमोहन रा, ग्राम– जान्हों, थाना – मनिका, जिला– लातेहार के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, पिपराटांड़ :–8789590935

पुलिस अधीक्षक
पलामू

PR 351218 (Police)25-26*D

## सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से मिले विधायक

**चतरा/हंटरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कोबना पंचायत अंतर्गत बहेरी निवासी अरविंद लाल की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सोमवार को चतरा विधायक जनार्दन पासवान उनके आवास पर पहुंच अंतिम दर्शन किया। उन्होंने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक ने परिवार के सदस्यों को इस दुःख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की अपील की। कहा कि वह इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ है। बता दें कि रविवार शाम अरविंद अपने दो दोस्तों के साथ हंटरगंज पानी टंकी के समीप कार रिपेयर करवाने गए थे। इस दौरान चतरा डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पानी टंकी के समीप कार का गेट खोल कर मुख्य पथ पर जैसे ही खड़ा हुए, उस दौरान चतरा की ओर से आ रही अनियंत्रित टोटो ने चपेट में ले लिया था। इससे घटना स्थल पर ही अरविंद की मौत हो गई।

### उदयपुरा ग्राम में एसएलआरएम केंद्र का शुभारंभ

# स्वच्छ व सुंदर बनाने में जिलेवासियों का सहयोग अपेक्षित : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत क्लीन एंड ग्रीन लातेहार मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए लातेहार प्रखंड अंतर्गत जालिम खुर्द पंचायत के उदयपुरा ग्राम में एसएलआरएम (द्वितीयक पृथक्करण) केंद्र का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक सलाहकार सी श्रीनिवासन, मुखिया सुनीता देवी, एसएचजी की दीदियों द्वारा फीता काटकर किया गया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि लातेहार को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आप सभी जिलावासियों का सहयोग अपेक्षित है, ताकि जिले को मॉडल जिला बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि सोमवार को उदयपुरा गांव में द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्र का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी जलसहिया, सखी मंडल की दीदियों द्वारा डोर टू डोर जाकर ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जाएगा। सूखे और गीले कचड़े को अलग डस्टबिन में रखने के लिए प्रेरित किया जायेगा। साथ ही जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों के द्वारा डोर टू डोर कचरे को एकत्र किया जायेगा। जिसके उपरांत द्वितीयक पृथक्करण केंद्र पर एकत्रित कचरे का वैज्ञानिक ढंग से पृथक्करण किया जाएगा। इसका उद्देश्य है जो भी जैविक व अजैविक कचरा प्रबंधन है दोनो के प्रबंधन के ऊपर कार्य किया जायेगा। इस पहल से न केवल जिले को कचरा मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाना है बल्कि महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन की दिशा में काम करना भी है। मौके पर जिला परियोजना निर्देशक प्रवीण कुमार गगरई, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, गोपनीय प्रभारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, अंचल अधिकारी, अरविंद देवाशीष टोप्पो ,मुखिया सुनीता देवी संबंधित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थें।



## न्यूज बॉक्स

### सैलून में नकद पांच हजार समेत सामानों की चोरी

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा बाजार टांड स्थित प्रकाश ठाकुर पिता बंसी ठाकुर की हेयर कटिंग सैलून में रविवार की रात चोरों ने एलवेस्टर तोड़ कर 2 टिरिमर मशीन व पांच हजार रुपए चोरी कर ली। भुक्तभोगी प्रकाश ठाकुर ने बताया कि प्रति दिन के तरह जब सुबह सैलून खोलने गए व दरवाजा खोला तो देखा की सैलून में सभी सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। एलवेस्टर भी टूटा है। चोरों ने बाल कटिंग करने वाले 2 टिरिमर मशीन व काउंटर से पांच हजार रखा नकद चोरी कर ली।

### सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**चतरा/हंटरगंज।** प्रखंड अंतर्गत चतरा मुख्य मार्ग स्थित डुमरी के समीप सोमवार को मोटरसाइकिल के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल पलटने से मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक भी घायल हो गए। घायल में ऊरैली गांव के सर्जन यादव का 28 वर्षीय पुत्र अजय यादव, कोठी थाना क्षेत्र के रियाद चक गांव निवासी वासुदेव दास का 20 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार व इसी गांव का मो. फिरोज शामिल है। दोनों मोटरसाइकिल से चतरा से अपने घर कोठी जा रहे थे। इस दौरान डुमरी के पास सड़क पार कर रहे अजय यादव को अपने चपेट में ले लेने से तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां सभी का इलाज चल रहा है। अजय यादव वअनिल यादव के सिर पर गंभीर चोट लगी है। मो. फिरोज को हल्की चोटें आई है।

### उपायुक्त ने किया किशोरी समृद्धि व राष्ट्रीय सामाजिक सहायता स्वीकृति पत्र का वितरण



**चतरा।** शहरी क्षेत्र में दिभा मोहल्ला चतरा के रहने वाले मृतक अंकित गुप्ता के आश्रित मां व बहनों ने जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त रमेश घोलप से मिलकर सरकारी मदद की गुहार लगाई थी। उपायुक्त ने आश्रित के मामले को संज्ञान में लेते हुए सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में किशोरी समृद्धि योजना के तहत 20 हजार व राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 20 हजार का स्वीकृति पत्र व छोटी बहन के पठन-पाठन के लिए इंदुमती टिबरेवाल में नामांकन पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा मृतक अंकित गुप्ता की बहन को वाह्यस्रोत के आधार पर नौकरी दिलाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा उनके तीन बहने, मां और बीमार पिता को कम से कम तकलीफ हो उसके लिए उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया गया है। आगे भी जिला प्रशासन द्वारा नियम संगत मदद के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, मृतक अंकित गुप्ता के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### जिप की बैठक आज

**चंदवा।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय के सभागार में मंगलवार को प्राइवेट स्कूल प्रबंधन समिति के साथ जिला परिषद सदस्य सरोज देवी के नेतृत्व मे बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक मे लगातार स्कूल मे रिएडमीशन के नाम पर स्कूल फीस आदि मे बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक मे जिला परिषद पूर्वी,प्रखंड प्रमुख,प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत कई लोग मौजूद रहेंगे।

## योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पीएम जनमन, सड़क निर्माण, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल, स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने में आ रही बाधाओं को दूर कर योजना का क्रियान्वयन कर विकास कार्यों को गति प्रदान करने का निर्देश। विकास योजना के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निमार्णाधीन सीएचसी, आंगनबाड़ी समेत अन्य निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति को सीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यकता के अनुसार विद्युतीकरण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जनसेतु एप्प पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पोशाक व छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को समय पर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक में लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की जानकारी ली। उपायुक्त ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन वेदिक सोसाइटी ने अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत सोमवार को चंदवा स्थित वन शक्ति मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी दीपक पाठक ने बाल विवाह नहीं करने को लेकर और इसके परिणाम को रेखांकित करते हुए आम जनमानस के लिए वीडियो संदेश जारी किया। साथ ही संकल्प लिया कि इस मंदिर परिसर में कोई भी बाल विवाह संपन्न नहीं कराई जाएगी।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में वह अपनी भूमिका का पूरी तरह से निर्वहन करेंगे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्य आदि ने भी उपस्थित होकर बाल विवाह के खिलाफ शपथ लिया। इस अवसर पर संस्था के समन्वयक प्रेम प्रकाश,चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक जयमंगल पासवान,एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) के रवि शंकर, स्थानीय आंगनबाड़ी सेविका रीना देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।अभियान को लेकर संगठन के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस अक्षय तृतीया जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होगा। गौरतलब है कि बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के लातेहार में सहयोगी संगठन वेदिक सोसाइटी की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है। बता दें कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है। वेदिक सोसाइटी के सचिव ने बताया कि पिछले वर्षों में स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर जिले में 363 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है।

## सीएम एक्सीलेंस स्कूल परिसर में लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के खेल स्टेडियम स्थित सीएम एक्सीलेंस विद्यालय परिसर में सोमवार को अचानक 11 बजे दिन में आग लग गई। यह आग स्कूल के पिछले हिस्से में रखा हुआ पेड़ों व लकड़ियों में अचानक आग लगने से लगी। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर अगनिशमन की वाहन पहुंच कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक यूकोलिपटस के कई पेड़, सूखी लकड़ियों व बेकार पड़े फर्नीचर जल कर नष्ट हो गए। अचानक विद्यालय कर्मियों को आग की लपटों को उठते देखा, तो पहले खुद आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग काबू से बाहर होने लगी तो अगनिशमन विभाग को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही अगनिशमन की वाहन वहां पहुंची और आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े व सार्जेंट मेजर राजकुमार लकड़ा मौके पर पहुंचे। वह खुद अगनिशमन के वाहन के छत पर चढ़ कर आग लगने से हुई क्षति का आंकलन किया। आग लगने का पता अभी तक नहीं चल पाया है, लेकिन बताया जाता है कि चहारदीवारी के बाहर असमाजिक तत्वों ने सिगरेट आदि पी कर अंदर फेंक दिया, जिससे सूखी पत्तियों में आग लग गयी और धीरे धीरे यह आग पूरे इलाके में फैल गयी। इस अग लगी में किसी कक्षा या भवन को नुकसान नहीं पहुंचा है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं में अफरा तफरी अवश्य मच गयी। जिस परसिर में आग लगी थी वहां कक्षा आठवीं का भवन है।

## शत प्रतिशत डेटा अपलोड कर इंडीकेटरों में सुधार करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला व प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत समीक्षात्मक बैठक की गई। आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडीकेटरों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति की क्रमवार जानकारी ली गई। जिन क्षेत्रों में कार्य करने में समस्याएं या बाधाएं आ रही हैं, उसपर भी विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यों में तेजी लाने और आपसी समन्वय के साथ समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागों को कहा जिले की उपलब्धियों का डेटा संबंधित अधिकारियों व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समय-समय पर अपलोड कराएं, जिससे जिला का प्रदर्शन राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रहे। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, सिविल सर्जन चतरा दिनेश प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रभारी जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, अनुमंडल कृषी पदाधिकारी निखत परवीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड, बीईईओ, बीपीओ मयूरहंड, नीति आयोग क्षेत्र में कार्य कर रहे हर्षल (पीपीआईए चतरा), संजीत राय (गांधी फेलो, पिरामल फाउंडेशन), अक्षय सिंह (प्रोग्राम लीडर, पिरामल फाउंडेशन), चंदन (डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट एसोसिएट, चतरा के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–04/2025–26

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 16/05/2025 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 17/05/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 17/05/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान:–1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान:– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E/R ot P.D.J. Court Dais in Ground Floor & 2 Nos Court Dais in First Floor Judicial Magistrate in Sub Divisional Court at Nagar Untari Dist Garhwa. | `5,90,715.00 | `11,900.00 | `1,250.00 | 15 दिन |
| 2. | Renovation of D Type Quarter No-03 at Nagar Untari Under Garhwa Distt. | `5,58,000.00 | `11,200.00 | `1,250.00 | 15 दिन |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोट:– **Updated Character PAN, GST Return File Latest,** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

**कार्यपालक अभियंता,**
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.351267 Building(25-26):D


## श्री श्री 108 ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक, छह को कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत के हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामप्रसाद साहू ने की। आयोजित बैठक में आगामी 6 से 9 मई तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें कई निर्णय लिए गए। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर किए जाने वाले कार्यों के संपादन की जिम्मेवारी मंदिर समिति सदस्यों के बीच कर दी गई। बता दें कि ठाकुरबाड़ी में राम दरबार, राधा-कृष्ण व सिद्धि विनायक की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में 6 मई मंगलवार को कलश यात्रा, मूर्ति नगर भ्रमण, 7 मई को कुलदेवी पूजन व क्षत्रपाल पूजन, 8 मई को महा रुद्राभिषेक व अन्य देवता पूजन, 9 मई को प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा,पूजा संपन्न होने के बाद मध्याहन से गोधुली पूर्व तक भंडारा व रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। मौके पर मृत्युंजय सिंह,डॉ. मनीष कुमार,त्रिभुवन पाठक, रविकांत दुबे, प्रमोद जायसवाल, बृजकिशोर जायसवाल, बिहारी सिंह, सुबोध जायसवाल,अजय जायसवाल, दीपक भगत, नरेश अग्रवाल, कैलाश जायसवाल, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद, राजकिशोर, लालबाबू, बिजेंद्र साहू,विजय कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।


**समाहरणालय, लातेहार।**
(आपूर्ति शाखा)
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना
(शुद्धि पत्र)

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत लातेहार जिला में कुल 13 (तेरह) केन्द्र संचालित हैं। शहरी क्षेत्र/नगर पंचायत के प्रत्येक केन्द्र में प्रतिदिन 400 गरीब व्यक्तियों एवं ग्रामीण प्रखण्ड के प्रत्येक केन्द्रों में प्रतिदिन 200 गरीब व्यक्तियों को 5 (पांच) रूपये की दर से प्रत्येक दिन एक समय का खाना खिलाया जाना है। खाना में दाल–भात के साथ सप्ताह में 4 दिन चना एवं 3 दिन सोयाबीन बड़ी की सब्जी देनी है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के प्रति केन्द्र प्रतिदिन 5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी, नगर पंचायत क्षेत्रों के प्रति केन्द्र 3.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति केन्द्रों में प्रतिदिन 2.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी उपलब्ध करायी जानी है। उक्त सामग्री आपूर्ति के लिए लातेहार बाजार समिति से संबद्ध अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी दिनांक–03.05.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे तक चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी का मूल्य निर्धारण कर बंद लिफाफा में निविदा जिला आपूर्ति शाखा, लातेहार के बंद बक्से में डालेंगे तथा दिनांक–06.05.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे दर का निर्धारण एवं सामग्रियों के साथ जांच निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निविदा में निर्धारित दर एवं बाजार समिति द्वारा निर्धारित दर को मिलान करने के पश्चात् न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवता वाले खाद्यान्न सामाग्रियों के अनुज्ञप्तिधारी का चयन कर आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।

**PR No.** 351082, दिनांक–26.04.2025 के द्वारा निविदा प्रकाशित की गई थी जिसमें निविदा खोलने तिथि को संशोधित करते हुए दिनांक–06.05.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे खोला जाएगा। निविदा हेतु अहर्ता एवं शर्ते को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिला के वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर उपलब्ध है जिस पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 351290 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
(अभियंत्रण कोषांग)
*Phone Number:- 06526-222064* *email-id:* zplohardaga@gmail.com

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short term Tender Notice)

लोहरदगा जिला अन्तर्गत निम्नांकित स्थानो पर 30 KVA Silent Generator का अधिष्ठापन किया जाना है:–

| क0 | प्रखण्ड | योजना का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | भण्डरा | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भण्डरा में 30 KVA Si lent Generator का अधिष्ठापन कार्य |
| 2 | किस्को | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, किस्को में 30 KVA Silent Generator का अधिष्ठापन कार्य |
| 3 | सेन्हा | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेन्हा में 30 KVA Silent Generator का अधिष्ठापन कार्य |

उक्त के आलोक में इच्छुक आपूर्तिकर्ता / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **06-05-2025** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 06-05-2025 के 12:30 बजे (अपराह्न)** को खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा।

नोट :–विशेष जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यालय दिवस एवं अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 351257 (Lohardaga)25-26*D

## शिशु मंदिर की आचार्या सुनीता ने मरीज के इलाज में मदद की

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के सदस्य ने सेन्हा प्रखण्ड के गढ़गांव चंदवा निवासी रविन्द्र उरांव की पत्नी सरस्वती देवी को एक यूनिट खून देकर इलाज में मदद की। जानकारी के अनुसार वो मिशन हॉस्पिटल में इलाजरत थी। डॉ0 ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से सम्पर्क किया। समिति के तत्काल पहल पर विद्या मंदिर स्कूल की शिक्षिका सुनीता देवी ने 01 यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ रात हो या दिन जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों की सेवा में लगी रहती है। जय श्रीराम समिति के प्रति लोगों का विश्वास और भरोसा ही है जो 19 वर्षों से निस्वार्थ भाव से लोहरदगा जिला समेत झारखंड एवं अन्य राज्यों के लोगों को सेवा दे रही है। डोनर सुनीता देवी ने कहा मैं एक महिला हूं और महिला होकर किसी की जान बचाने का सौभाग्य प्राप्त हुई। ऐसी खुशी कहां मिलेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदीप साहू,रविंद्र उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जबतक जिंदा हूं तबतक मजदूरों के हित के लिए लड़ता रहूंगा : धीरज प्रसाद साहू

- **धीरज प्रसाद साहू पहुंचे पाखर माइंस मजदूरों से मिल उनके समस्याओं से हुए अवगत**

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला के पाखर बॉक्साइट माइंस में छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का बैठक रखी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू सह महासचिव छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा।(झारखंड) शामिल हुए। कार्यक्रम में मजदूरों के द्वारा धीरज प्रसाद साहू का स्वागत मांदर के थाप एवं फूल माला के साथ किया गया। इस मौके पर मजदूरों ने धीरज प्रसाद साहू से अनेकों समस्याओं से अवगत कराए जिसमें मुख्यः रूप से रोजगार,जमीन, एवं मजदूरी के साथ ही एक दिन की छुट्टी को लेकर समस्या थी मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि जब तक जिंदा हूं तब तक मैं मजदूरों,बेसहारा, गरीब लोगों के समस्या के लिए हमेशा लड़ता रहूंगा।हमारे अभिभावकों का कार्य सेवा करना था उसे आगे बढाना हैं और लोगों का सेवा मेरा कार्य हैं। आज जो भी समस्या है उन सभी समस्याओं को लेकर हिंडालको प्रबंधक से जल्द ही वार्ता छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन के द्वारा किया जाएगा। प्राथमिकता के आधार में हर वो कार्य जो मजदूर हित के लिए हो वो की जाएगी।इस मौके सैकड़ों के संख्या में आजसू पार्टी के बाबूलाल नगेशिया, श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष यूनियन छोड़ छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन का दामन धीरज प्रसाद साहू के समक्ष संगठन में शामिल हुए।मौके पर मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि धीरज प्रसाद साहू मजदूर, गरीब, बेसहारों का सहारा है जिनका कार्य सिर्फ लोगों का सेवा करना है। हम सभी धीरज प्रसाद साहू के इंटक यूनियन के साथ में है। मजदूरों ने एक स्वर में धीरज प्रसाद साहू जिंदाबाद,छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन जिंदाबाद का नारा लगाया। मजदूरों ने कहा कि मजदूरों का एक मात्र नेता धीरज प्रसाद साहू और छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन है।जो लगातार वर्षों से सेवा करते आ रही हैं। आगे भी हम सभी मजदूर एक साथ मिलकर छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन को मजबूत करेंगे।इसके साथ ही आगामी 8 मई को किस्को में आयोजित छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का महाधिवेशन का सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम में भाग लेने की रणनीति बनाई गई। कहा कि 8 मई को ऐतिहासिक महाधिवेशन कार्यक्रम होगी। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी यूनियन अध्यक्ष सोहराब अंसारी, किस्को 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, तनवीर गौहर, एकरामुल अंसारी, ऐनुल अंसारी, हातिम अंसारी, रौनक इकबाल, असलम अंसारी, रेयाज अंसारी, निश्चय वर्मा, अंसार अहमद, सुखनाथ नगेसिया, बाबूलाल नगेशिया, मनोज उरांव, अगस्तू नगेसिया, मंजू नगेशिया, विजय नगेसिया, रणजीत उरांव के साथ काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के मध्य एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आरती कुमारी ने मंच संचालन किया। इस प्रतियोगिता में आरोही तमेरा, अंजली कुमारी, आर्या सिंह, हर्षिता कुमारी, मरियम परवीन, शिवांगी साक्षी, रोजलीना कुजूर, निर्भया सिंह, सृष्टि भगत, विद्या कुमारी व साक्षी कुमारी प्रतिभागी बने जिसमें आर्या सिंह व विद्या कुमारी ने प्रथम, सृष्टि भगत ने द्वितीय तथा साक्षी कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में रोजर बिनी सिन्हा व श्रवण कुमार पाठक निर्णायक बने। मौके पर प्राचार्य जीपी झा ने विद्यार्थियों की कला व मेहनत की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि नृत्य एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली कला है जो सदियों से मानव संस्कृति का हिस्सा रही है। यह सिर्फ़ संगीत पर थिरकने के बारे में नहीं है; यह भावनाओं को व्यक्त करने, कहानियाँ सुनाने और दूसरों से जुड़ने का एक तरीका है। विद्यार्थी इस प्राचीन कला से भली-भांति परिचित हो सके। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रमित कुमार, रुचिर मृगेंद्र, सी एल महतो व पूनम सिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## विकास कार्यों में विभागीय लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आलोक

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के आरेया पंचायत के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के निजी सहायक आलोक कुमार साहू आरेया पंचायत के ग्राम तेतरदाड़, चरहु,निरहू गांवों का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए ।ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि विगत 4 वर्ष पूर्व आरेया ग्रामीण जलापूर्ति योजना प्रारंभ हुआ था जो आज तक नहीं बना है। तेतरदाड़ एवं आरेया में टंकी का निर्माण किया जा चुका है। पाइप कनेक्शन भी गांव में लगभग कर दिया गया है। उसके बावजूद भी एक वर्षों से काम अधूरा पड़ा है ग्रामीणों ने श्री साहू से अविलंब जलापूर्ति योजना चालू करने की मांग किये ।आलोक कुमार साहू ने कहा की विगत 4 वर्ष पूर्व यह योजना चालू किया गया था जो आज तक अधूरा है जिसके कारण आरेया पंचायत के लोग जलापूर्ति योजना से वंचित हैं। गर्मी के मौसम में शुद्ध पानी के लिए जनता त्रस्त है तो दूसरी और विभागीय अधिकारी मस्त है ।विकास कार्यों में विभागीय लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि कल होने वाले दिशा की बैठक में सांसद सुखदेव भगत इस मामला पर चर्चा करेंगे। विदित हो की 15 करोड़ की लागत से बनने वाली यह योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है इस योजना के कारण आरेया पंचायत में नल जल योजना नहीं लिया गया था।



04 वर्षो से अधूरा पड़ा है आरेया जलापूर्ति योजना

## आंतकवाद के खिलाफ व्यवसायियों का कैरो बंद रहा सफल

नवीन मेल संवाददाता



**कैरो / लोहरदगा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना के विरोध में सोमवार को ग्रामीण जनता व व्यवसायिक वर्ग कैरो के तत्वधान में कैरो बंद का आयोजन किया गया। बंद का समर्थन सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने स्वेच्छा से आपसी भाईचारा प्रेम व गंगा जमुनी तहजीब का परिचय देते हुए बढ़ चढ़कर किया। कैरो, उतका, नवाटोली की सभी दुकाने बंद रही वहीं दोपहर बाद 3 बजे ग्रामीणों, समाज के बुद्धिजीवी लोगों की अगुवाई में पेट्रोल पंप कैरो के सामने से विरोध मार्च निकाली गई जो मुख्य चौक, थाना मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुंची जहां पर पर एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विरोध मार्च पुनः मुख्य चौक पहुंचकर आतंकबाद व पाकिस्तान सरकार का पुतला फूंका। विरोध मार्च व पुतला दहन के समय लोगो ने आतंकबाद मुर्दाबाद,पाकिस्तान मुर्दाबाद,आतंकियों को फांसी दो,पीड़ितो को न्याय दो,भारत माता की जय आदि नारा लगाए व नारा लिखे हुए तख्ती हाथों में लिए हुए थे।मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह समाज सेवी शरत कुमार विद्यार्थी, समाजसेवी नाजिर आलम खान, सुरजमोहन साहू, प्रखंड अंजुमन के सेक्रेटरी सह मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के आजीवन संरक्षक समीद अंसारी ने आतंकबाद व पाकिस्तान की निंदा व कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पाकिस्तान के सह पर आतंवादी इस तरह के कायरतापूर्ण हरकत कर रहे है जो काबिले बर्दास्त नही है, इस तरह की घटनाओं की जितनी भी निंदा की जाय कम है। निर्दोष, मासूम, निहत्थे लोगों की हत्या किया जाना कायरता का परिचायक है। पूरा देश एकजुटता के साथ सरकार के साथ है,दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पाकिस्तान जो कि हमेशा से आतंवाद को बढ़ावा व आतंकवादियों को शरण देता रहा है उसे भी अपनी करनी की सजा मिलनी चाहिए। हम सभी भारतवासी सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी-कड़ी करवाई करने, पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद करने की मांग करते हैं। मौके पर राजेन्द्र महतो, लखन उरांव गंगा प्रसाद साहू, सुरेश राम, बुधवा उराँव, विवेक प्रजापति, मुस्लिम अंसारी, बिपिन सिंह, अशोक सोनी, मजुल अंसारी, अकबर खान, रमेश साहू, बिनोद रविदास, संदीप रविदास, संजय महतो, रिंकू साहू, बजरंग साहू, नईम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, राज साहू, भोला साहू, लव कुश साहू, राधे साहू, टुनु साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(नोटिस)

नाम–(1) राजकुमार कुशवाहा, पिता–कैलाश कुशवाहा, ग्राम–कोन, पो0+थाना–कोन, जिला–सोनभद्र, राज्य–उतरप्रदेश आपको सूचित किया जाता है कि आप महिला थाना नगरउंटारी कांड सं0–25/2024 दिनांक–09.07.2024 धारा–498(ए), 379, 323, 506, 495, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–21.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 351260 Police(25-26).D



## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132 Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-09/2025-26

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक पंजीकृत निर्माणकर्ता/अधिकृत विक्रेता से निम्नलिखित विद्युत सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक–08.05.2025 को समय 2:00 बजे अपराहन् तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के प्रोक्योरमेन्ट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Light Name | Item name | Light Capacity |
|---|---|---|---|
| 01 | High Mast Light | LED PCB Plate | 200 Watt |
| 02 | | Driver | |
| 03 | | LED PCB Plate | 150 Watt |
| 04 | | Driver | |
| 05 | Street Light | LED PCB Plate | 120 Watt |
| 06 | | Driver | |
| 07 | | LED PCB Plate | 70 Watt |
| 08 | | Driver | |
| 09 | Wire Aluminum | | 2.5 MM |
| 10 | PVC Tape | | - |
| 11 | MCB (32A) | | - |

नोटः–नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है:–

प्रशासक,
नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR.NO.351300 District(25-26):D


## आजसू ने पहलगाम हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के बैनर तले कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों को बर्बरतापूर्वक धर्म पूछ कर हत्या के विरोध में लोहरदगा के साईडिंग से पावरगंज तक कैंडल मार्च निकालकर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद जवानों को सामूहिक श्रद्धांजलि देते हुए लोहरदगा पावरगंज चौक सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा के समीप समापन की गई। आजसू के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर पर पाकिस्तान मुर्दाबाद,पाकिस्तान हाय हाय, भारत में आतंकियों को भेजना बंद करो,मोदी जी आप आगे बढ़ो हम आपके साथ हैं। इंडियन आर्मी आगे बढ़ो हम आपके साथ हैं,निर्दोषों का हत्या बंद करो, भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि नारे लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष ओम भारती,केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल,केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव राम लखन प्रसाद,केंद्रीय सदस्य जहांगीर आलम, केंद्रीय सदस्य विश्वनाथ उरांव, राजन मेहता,पवन प्रजापति,मीर आरिफ छोटू, महेंद्र महतो, विनोद उरांव, प्रमोद उरांव, चितरंजन उरांव, दिलीप साहू, मोहम्मद साजिद अहमद, राज साहू,शशि सिंह, विवेक यादव,नितेश महतो,सुमित रॉडरिक,आदर्श केसरी, अभिषेक कुमार, निशांत सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पहलगाम हमला निर्दोषों पर नहीं देश की एकता और अखंडता पर हमला है : आजसू

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने कहा कि पहलगाम में निर्मम तरीके से आतंकवादियों के द्वारा निहत्थे पर्यटकों पर हमला कर 27 लोगों की जान ले लेना, मानवता का सर कलम करने के जैसा है। ऐसा कार्य मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति के द्वारा ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा की यह समाज को तोड़ने की साजिश है जो कभी कामयाब नहीं होगी। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा आज हम यहां एक अत्यंत दुखद एवं निंदनीय घटना के विरोध में एकत्रित हुए हैं। पहलगाम में हमारे देश के वीर जवानों पर जो कायरना हमला हुआ है, वह न केवल मानवता के खिलाफ है बल्कि हमारे राष्ट्रीय सम्मान पर भी सीधा आघात है। हम इस घटना की घोर निंदा करते हैं। आजसू पार्टी राष्ट्र हित के लिए हमेशा लड़ी है और खड़ी रही है आगे भी आतंकवादीयों खिलाफ जो भी कदम उठाई जाती है। आजसू पार्टी हमेशा उसका समर्थन करती रहेगी।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल को दी बधाई



**लोहरदगा।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल के अध्यक्ष बनने पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार खड़े हुए थे। बसंत मित्तल एवं सुरेश चंद्र अग्रवाल जिसमे बसंत मित्तल को 499 वोट से पराजित कर सुरेश चंद्र अग्रवाल अध्यक्ष पद के लिए विजय हुए। झारखंड प्रांत में 5150 मतदाता है इसमें 80 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि सुरेश चंद्र अग्रवाल बहुत ही अनुभवी एवं शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं और ये कई सामाजिक एवं व्यापारिक संस्था से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में रांची शहरी क्षेत्र के दो स्थानों पर पिछले दो वर्षों से प्रत्येक दिन अन्नपूर्णा सेवा केंद्र मात्र 10 रुपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था चला रहे हैं जिसमें की प्रत्येक दिन लगभग 700 से लेकर 800 लोग भोजन कर लाभान्वित हो रहे हैं। ये अपने कार्यकाल पर हर एक सामाजिक कार्य करते हुए झारखंड प्रांत के समाज का नाम पूरे देश में रौशन करेंगे। इनके नेतृत्व में अपना मारवाड़ी समाज सशक्त और सुदृढ़ होकर निखरेगा। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवप्रसाद राजगढ़िया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सीताराम सर्राफ, पवन पोद्दार, पवन सर्राफ,राम प्रकाश मोदी, राकेश शर्मा,निखिल सर्राफ, किशोर बंका, मनीष राजगढ़िया,निशांत सर्राफ, अवधेश मित्तल कन्हैया राजगढ़िया, शुभम शर्मा,राजू रंजन अग्रवाल,चंदन गोयल,अशोक अग्रवाल आदि शामिल है।

### बेहतर और सशक्त भविष्य के लिए सोशल इंजीनियरिंग" विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का बगड़ू में हुआ शुभारंभ

# सीएसआर के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाएं : बीके झा

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, खान प्रभाग लोहरदगा में सीएसआर बॉक्साइट क्लस्टर द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बगड़ू सभागार में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर आदित्य वंदना के साथ सामूहिक रूप से की गई। इसके उपरान्त मानव संसाधन प्रमुख विश्वनाथ मुखर्जी की अगुवाई में सीएसआर न्यूज लेटर "स्पंदन" का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन "बेहतर भविष्य के लिए सामाजिक इंजीनियरिंग" थीम पर आधारित कार्यशाला का उद्देश्य साझा दृष्टिकोण विकसित करना, आंतरिक हितधारकों की अपेक्षाओं को समझना तथा उत्कृष्ट रणनीतियों को तैयार करना रहा। कार्यशाला को अध्यक्ष (माइंस एवं मिनरल्स) बी.के.झा ने संबोधित किया। उन्होंने सीएसआर के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने पर मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के आयोजन की सराहना की।

कॉर्पोरेट सीएसआर प्रमुख (मुंबई) अभिजीत कुमार ने भी संबोधित करते हुए सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यशाला में लोहरदगा व नेतरहाट क्लस्टर, चकला, कठोतिया, छत्तीसगढ़ के सामरी व गारेपाल्मा कोल तथा उड़ीसा के माली पर्वत बॉक्साइट खनन खनन क्षेत्रों से लगभग 30 से अधिक सीएसआर अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रमुख, परियोजना अधिकारियों और अन्य आंतरिक हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला में सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप संगठनात्मक लक्ष्यों के क्रियान्वयन में सहयोग तथा जवाबदेही बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा परिचर्चा की गई।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों, केस स्टडीज के माध्यम से सहकर्मी अनुभवों से सीखा और व्यावहारिक दृष्टिकोणों को साझा किया। कार्यक्रम में हिंडाल्को के लोहरदगा एवं नेतरहाट बॉक्साइट क्लस्टर के महाप्रबंधक राजेश रंजन अंबस्ठा व प्रदीप भालेकर, सामरी से महाप्रबंधक संजय पाढ़ी, बॉक्साइट क्लस्टर सीएसआर प्रमुख स्वेता उपाध्याय, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, कोल सीएसआर क्लस्टर सीएसआर प्रमुख अनुनय कुमार, डॉ ओपी दुबे, वरीय प्रबंधक अलादी बाबू, प्रबंधक राज सिन्हा, प्रदीप कुमार, कॉमर्शियल विभाग के प्रमुख मो. शारिक अहमद, सस्टेनेबिलिटी से अनोमा बसु, आरके परिदा, भास्कर सिन्हा, आईटी राकेश दीक्षित, बागीस आचार्य, अजय ठाकुर, प्रद्युम्न कुमार, सीएसआर प्रबंधक शोभारानी मोहंती, सरिता डुंगडुंग, सीएसआर विभाग के राकेश तिवारी, अनन्या डे, बिश्वमोहिनी मोहंती, दीपक सिंह, अभय भारती, मनोज कुमार, सुरेन्द्र सिंह, रामअवतार पासवान, अनिल साहू, डॉ पीपी सिन्हा, भास्कर दास गुप्ता, राहुल कुमार, तंदीप सिंह, खुदिया कुमार, मुन्ना भगत, महावीर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com
GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

E-PROCURMENT NOTICE (VERY-VERY SHORT-TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST BoQ Amount | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14वें एवं 15वें वित्त आयोग मद | | | | | | | |
| 1 | 04 | UDD/NPB/42/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of Park in Ward no. - 04 | 6743442.00 | 134869.00 | 10000.00 | 365 day |
| 2 | 05 | UDD/NPB/47/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of Vending Zone in Sukra Bazar in ward no. -05 | 6926859.00 | 138537.00 | 10000.00 | 365 day |
| 3 | 16 | UDD/NPB/43/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of Vending Zone in Panchmukhi Temple in ward no. - 16 | 6926959.00 | 138539.00 | 10000.00 | 365 day |
| 4 | 04 | UDD/NPB/44/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 04 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| 5 | 17 | UDD/NPB/45/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 17 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| 6 | 11 | UDD/NPB/46/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 11 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| नागरीक सुविधा मद | | | | | | | |
| 7 | 9 | UDD/NPB/37/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of R.C.C DRAIN from Aanganbadi to house of Asarfi Ram in ward-9 under BNP. | 1826611.00 | 36532.00 | 5000.00 | 45 day |
| 8 | 5 | UDD/NPB/38/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of R.C.C DRAIN from house of Ramkumar Chaudhary to Vidya Niketan in ward-5 under BNP. | 1669745.00 | 33395.00 | 5000.00 | 45 day |
| 9 | Date of Publication on Website of Tender | | | 30.04.2025, 11:00 AM | | | |
| 10 | Date Start of Online Submission of Bids | | | 30.04.2025, 11:00 AM | | | |
| 11 | Last Date/Time of Online Submission of Bids | | | 08.05.2025, 11:00 AM | | | |
| 12 | Date of Bid Opening | | | 09.05.2025, 11:00 AM | | | |
| 13 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 14 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 15 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: -
1. Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website.
2. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 351298 District (25-26)_D

# स्कूल रुआर 2025 के तहत गुमला में प्रचार वाहन को किया गया रवाना




नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने और "हर बच्चा विद्यालय से जुड़े" के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से गुमला जिले में "स्कूल रुआर 2025" अभियान के तहत सोमवार को एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर आईटीडीए गुमला की परियोजना निदेशक रीना हंसदा और जिला शिक्षा अधीक्षक नुर आलम खान ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एपीओ रोज मिंज, ज्योति खलखो, रामचंद्र कुमार सिंह तथा पीरामल फाउंडेशन गुमला की टीम की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

गुमला जिला शिक्षा विभाग इस अभियान के माध्यम से शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित है। "स्कूल रुआर 2025" अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। इसके तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों और प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को भी जोड़ा जा रहा है।

जिला शिक्षा अधीक्षक नुर आलम खान ने कहा कि, "हमारा प्रयास है कि शिक्षा के क्षेत्र में गुमला जिले को आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें, जहां हर बच्चा विद्यालय से जुड़े और नियमित रूप से पढ़ाई करे।" परियोजना निदेशक रीना हंसदा ने भी अभिभावकों और समुदाय के सभी लोगों से अपील की कि वे बच्चों को विद्यालय भेजने में सक्रिय सहयोग करें ताकि गुमला जिले में शैक्षिक सशक्तिकरण को मजबूती मिल सके।

### अभियान के प्रमुख उद्देश्य

- आंगनबाड़ी से जुड़े 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना।
- 5 से 18 वर्ष के सभी नामांकित बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाना।
- विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना।
- प्रवासी, नामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन और उपस्थिति पक्की करना।
- वर्ष 2024-25 में कक्षा 1 से 11 तक के छात्रों का अगली कक्षा में 100% नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना।
- नव नामांकित बच्चों की 100% उपस्थिति दर्ज करना और विद्या वाहिनी पोर्टल पर नियमित अनुश्रवण करना।

## न्यूज बॉक्स

### भरनो में फिर जंगली हाथी का तांडव, तीसरी बार देवेंद्र उरांव का घर किया ध्वस्त



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड में जंगली हाथी ने एक बार फिर कहर बरपाया है। करंज थाना क्षेत्र के दतिया करंजटोली गांव निवासी देवेंद्र उरांव के मिट्टी के घर को शनिवार रात करीब 9:30 बजे एक जंगली हाथी ने तीसरी बार निशाना बनाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी घर के अंदर रखे धान, आलू और प्याज भी खा गया। जानकारी के अनुसार, घटना के समय देवेंद्र उरांव अपने परिवार के साथ खाना खाकर आंगन में बैठे थे। तभी अचानक एक जंगली हाथी आ धमका और घर को तोड़ने लगा। परिवार के सभी सदस्य किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। बताया जा रहा है कि यह वही जंगली हाथी है, जो पिछले कई महीनों से भरनो और करंज थाना क्षेत्रों में आतंक मचाए हुए है। एक दिन पहले ही इस हाथी ने भरनो ब्लॉक परिसर स्थित एफसीआई गोदाम का शटर तोड़कर कई बोरियों में रखे चावल खा लिए थे। ग्रामीणों के अनुसार यह हाथी अमलिया जंगल में डेरा जमाता है और समय-समय पर विभिन्न गांवों में उत्पात मचाता रहता है। अब तक यह कई लोगों की जान भी ले चुका है, लेकिन वन विभाग इसे काबू में करने में नाकाम रहा है।

### जमीन विवाद में भतीजा ने चाचा-चाची की टांगी से काटकर कर दी हत्या

**गुमला।** गुमला जिले के कामडारा थाना स्थित अंबाटोली गांव में जमीन विवाद में भतीजा ने चाचा व चाची की टांगी से काटकर हत्या कर दी. मृतकों में थादियुस कुल्लू (45 वर्ष) व उसकी पत्नी सिलविया कुल्लू (42 वर्ष) है। सूचना पर कामडारा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी अरविंद कुल्लू को गिरफ्तार कर लिया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि जमीन विवाद को लेकर वर्ष 2023 में भी विवाद हुआ था, इसके बाद से रंजिश बढ़ गयी थी। रविवार की शाम थादियुस कुल्लू के घर के समीप महिला मंडल की बैठक चल रही थी. इस बीच भतीजा टांगी लेकर वहां पहुंचा और अपने चाचा पर वार करने लगा. अपने पति पर हुए हमले को देख पत्नी सिलविया बीच-बचाव करने पहुंची, तो भतीजा ने उसकी भी टांगी से वारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में तिलवारी डेम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिलवारी डेम में एक दुखद घटना घटी,



जिसमें 41 वर्षीय कृष्णा मुंडा की डूबने से मौत हो गई। मृतक, जो तिलवारी निवासी थे, नेम के लिए मछली मारने गए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश वह पानी में गिर गए। मिली जानकारी के अनुसार, कृष्णा मुंडा, जो स्व० बंधन मुंडा के पुत्र थे, सरहुल पूजा से एक दिन पहले मछली पकड़ने के लिए तिलवारी डेम पहुंचे थे। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार, इस अवसर पर मछली मारने की प्रथा है। सुबह के समय वह मछली पकड़ने के लिए जलाशय में गए थे, लेकिन अचानक वह असावधानी से पानी में गिर गए।काफी समय बीत जाने के बाद जब कृष्णा घर नहीं लौटे, तो चिंतित परिजन उनकी खोजबीन में निकले। परिवार के सदस्यों ने तिलवारी डेम के आसपास उन्हें खोजा और अंततः उन्हें जलाशय में तैरते हुए पाया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के सब-इंस्पेक्टर दिनेश कुमार अपने दल के साथ घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।कृष्णा मुंडा की असामयिक मृत्यु ने उनके परिवार और समुदाय में गहरा शोक छा दिया है।

### कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया भाजपा ने दिया असली सम्मान : किशुन कुमार दास

**गुमला।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के गुमला जिला अध्यक्ष खुशमन नायक की अध्यक्षता में रविवार को करौंदी नायक बस्ती में "आंबेडकर सम्मान अभियान" के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने स्वागत भाषण में बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने और समाज व राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि किशुन कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को हमेशा अपमानित किया और कभी भी उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के सम्मान में पंचतीर्थ का निर्माण कराया और भारत रत्न से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि आज भाजपा के प्रयास से पूरे देश में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा है। किशुन कुमार दास ने कहा कि बाबा साहेब गरीब, शोषित और पीड़ित वर्ग के मसीहा थे। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए अपने समाज को संगठित, शिक्षित और सशक्त बनाना है। उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीरज नायक, लोहरदगा जिला अध्यक्ष प्रकाश नायक और वरिष्ठ नेता राजमोहन राम ने भी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बाबा साहेब के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने और समाज को अपने हक-अधिकार के लिए एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम का मंच संचालन चैनपुर मंडल अध्यक्ष शिवा राम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मगन नायक ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सागर नायक, जगनारायण नायक, शक्ति नायक, मनतू नायक, संभू नायक, प्रकाश नायक, गुड़िया कुमारी, शीतल कुमारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जारी प्रखंड में विकास की नई इबारत

# उपायुक्त और विधायक ने कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

- स्वास्थ्य सुविधाओं में मिला बड़ा तोहफा
- ग्रामीण शिक्षा को भी मिला बढ़ावा

नवीन मेल संवाददाता





**गुमला।** विकास कार्यों को गति देते हुए सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जारी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान सहिया दीदियों ने उपायुक्त का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। जारी प्रखंड परिसर में परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का के सम्मान में बने स्मारक का उद्घाटन और माल्यार्पण विधायक भूषण तिर्की द्वारा किया गया।

इसके साथ ही विधायक ने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और परमवीर अल्बर्ट एक्का पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपायुक्त के अलावा सिविल सर्जन गुमला, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि अब जारी प्रखंड के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र का संचालन गंभीरता और पूर्ण निष्ठा से किया जाए। केवल भवन बन जाने से काम पूरा नहीं होता, बल्कि सेवा भावना से काम करना अनिवार्य है।

उपायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि जल्द ही यहां ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

वहीं, विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि जारी क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता थी। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से बेहतर सेवा देने की अपील की।

विधायक भूषण तिर्की ने जारी प्रखंड परिसर में परमवीर अल्बर्ट एक्का पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने पुस्तकालय समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि ग्रामीण बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जाए, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बने। उन्होंने पुस्तकालय को ग्रामीण शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया।

### समारोह में ये रहे मुख्य बिंदु

- परमवीर अल्बर्ट एक्का स्मारक का उद्घाटन और माल्यार्पण
- जारी में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ
- सप्ताह में दो दिन (सोमवार एवं शनिवार) नियमित रूप से डॉक्टर की उपलब्धता
- परमवीर अल्बर्ट एक्का पुस्तकालय भवन का लोकार्पण
- स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में विकास का नया अध्याय

## भरनो में हाइड्रा से दबकर मजदूर की मौत मामला

# मुआवजा को लेकर चला दिनभर मंथन, पांच लाख की सहायता पर बनी सहमति



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 गुमला-रांची मुख्य मार्ग पर भरनो ब्लॉक चौक के पास रविवार शाम सड़क निर्माण कार्य में लगी आरकेडी कंपनी की हाइड्रा गाड़ी से नवाटोली निवासी मजदूर रुद्धवा महली (55) की दबकर मौत हो गई थी। हादसे के बाद सोमवार को पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने को लेकर भरनो में दिनभर कई दौर की बैठकों और वार्ताओं का सिलसिला चला।

सबसे पहले ब्लॉक सभागार में बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, आरकेडी कंपनी के एचआर अधिकारी केएस बेहरा तथा मृतक के पक्ष से महली समाज के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों की मौजूदगी में बैठक हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद लोग सड़क पर उतर आए और ब्लॉक चौक पर जाम लगाने की स्थिति बन गई।

लगातार प्रयासों और जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा स्थानीय प्रशासन के हस्तक्षेप से आरकेडी कंपनी की ओर से अंततः समझौते का प्रस्ताव आया। कंपनी ने मृतक की पत्नी सीता देवी को चार लाख पचास हजार रुपये का चेक और पहले से दिए गए पचास हजार रुपये नकद, कुल मिलाकर पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही प्रशासनिक स्तर पर अबुआ आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने और विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया गया।

समझौते के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त किया और माहौल शांत हुआ। इस पूरी प्रक्रिया में महली जनजाति विकास मंच के प्रखंड अध्यक्ष शशांक भूषण बरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, कारीराम महली, श्रीकांत प्रसाद केशरी, मनदीप महली, शिव केशरी, शिवचरण बारला, रविशंकर बरवार, गुजवा महली, सत्यनाथ महली, कृष्णा महली, चीकू बारला, राज बारला, सुदर्शन महली, बप्पी उरांव, मुख्तार आलम सहित कई स्थानीय ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से शास्त्री नगर निवासी व्यक्ति की हुई मौत

**गुमला।** गुमला सिमडेगा नेशनल हाईवे स्थित टेंसेरा के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से शास्त्री नगर निवासी 38 वर्षीय संदीप महली की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संदीप साप्ताहिक बाजार अम्बेराडीह मुर्गा लड़ाई देखने गया था। वही सब्जी खरीदने के बाद घर आने के लिए ऑटो पकड़ने सड़क पार कर रहा था तभी एक अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुए पालकोट की ओर फरार हो गया। घटना के बाद संदीप सड़क पर गिर गया और लहू लूहान हो गया। बाजार से लौट रहे लोगों की नजर उस पर पड़ी। जिसके बाद एंबुलेंस को फोन किया गया लेकिन एंबुलेंस के देर करने पर उसे एक ऑटो से सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

## पाक व आतंकवाद के खिलाफ श्रद्धांजलि सभा और शांति मार्च, हजारों ग्रामीणों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में रविवार, 27 अप्रैल 2025 को बानो प्रखंड के हुरदा गांव में विशाल श्रद्धांजलि सभा सह शांति मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें जमताई, गेनमेर और रायकेरा पंचायतों के 18 गांवों से हजारों ग्रामीणों ने एकजुट होकर भाग लिया। इस दौरान आतंकवादी हमले में शहीद हुए सभी भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई और शांति मार्च निकालते हुए पाकिस्तान तथा आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित सभी धर्म-संप्रदाय के लोगों ने एकजुटता के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से हिंदू जागरण के प्रदेश पदाधिकारी संजय कुमार वर्मा, उमेश प्रसाद रवानी (आनंदपुर), जयप्रकाश सिंह (आनंदपुर), रोबी लकड़ा (चिड़िया), बालेश्वर नाग (बजरंग दल), जसवीर, राजेश बड़ाइक, मनुवेल मुंडा, ओमीन सिंह, नरेंद्र, मदन, कालीचरण, वीरेंद्र, योगेंद्र, जमताई पंचायत की मुखिया नामजान जोजो तथा रायकेरा पंचायत के मुखिया सोमा पाहन ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया और शहीदों के बलिदान को व्यर्थ न जाने देने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के दौरान आए हुए सभी भाई-बहनों के लिए संतोष, फिटुग, चंदा, चुमेश्वर, बलदेव, रामकिशोर और सुरेंद्र ने शरबत तथा चना-गुड़ से जलपान की व्यवस्था की। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदू जागरण मंच के प्रदेश सदस्य शिव शरण सिंह ने किया। श्रद्धांजलि सभा और शांति मार्च ने क्षेत्र में देशभक्ति की भावना और आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश का जीवंत प्रदर्शन किया।


## कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 76/दिनांक 16.04.2025 द्वारा निकाली गई ई0 निविदा सख्या 01/2025-26 NREP / LOHARDAGA पी0आर0नं0 350471 लोहरदगा (25–26) डी0 के द्वारा प्रकाशित निविदा वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 24.04.25 था जिसे अपरिहार्य कारणवश् दिनांक 30.04.25 किया जाता है एवं ई निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 14.05.25 होगा तथा निविदा खोलने की तिथि 15.05.25 समय अप0 3.30 बजे किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

PR 351293 (Lohardaga)25-26*D


## गुमला परिसदन में विस अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न

# योजनाओं की प्रगति पर गहन मंथन

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को गुमला परिसदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोलेबिरा विधायक नमन विंगेश कोंगारी और खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ लंबी समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में नमन विंगेश कोंगारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि समिति द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का सटीक, विस्तृत और लिखित उत्तर शीघ्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभागीय जवाबदेही तय करते हुए जनता से जुड़े सवालों के समाधान में पारदर्शिता और तत्परता जरूरी है।

बैठक के दौरान ग्रामीण विकास, सड़क निर्माण, जल संसाधन, स्वास्थ्य, विद्युत, पंचायती राज, भूमि संरक्षण एवं विशेष प्रमंडल सहित कई प्रमुख विभागों की योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में जिला प्रशासन की ओर से अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन रिपोर्ट समिति को प्रस्तुत की और उठाए गए प्रश्नों के जवाब भी दिए।

बैठक के दौरान विधायकों ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित योजनाओं में तेजी लाई जाए और उन कार्यों को प्राथमिकता दी जाए जो सीधे तौर पर आम जनता के हित से जुड़े हैं। साथ ही विभागीय समन्वय बनाकर कार्य निष्पादन की गति को तेज करने का भी सुझाव दिया गया।

### बनारी गांव में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड के बनारी गांव में सोमवार को



प्रकृति पर्व सरहुल पूरे उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। बनारी स्थित गोरा टोली सरना स्थल पर स्थानीय बैग पाहान एवं पूजार ने विधिवत मां सरना की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा के बाद सरना स्थल से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों खोढ़हा समाज के लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते-गाते शामिल हुए। शोभायात्रा का नेतृत्व सरल पूजा समिति बनारी और चटकपुर समिति ने किया। यात्रा बनारी चेक नाका, दुर्गा मंदिर चौक और दक्षिणी कोयल नदी होते हुए लुढ़कुड़िया स्कूल चटकपुर तक पहुंची, जहां यह एक जनसभा में तब्दील हो गई। जनसभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री चमरा लिंडा की धर्मपत्नी ललिता लिंडा ने कहा कि सरना समाज दुनिया में एकमात्र ऐसा समाज है जो प्रकृति की पूजा करता है। उन्होंने कहा कि साल वृक्ष, पृथ्वी और वायु की पूजा करना हमारी संस्कृति की विशेषता है और यही हमारी पहचान भी है। ललिता लिंडा ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों नगाड़ा और मांदर के वितरण की जानकारी देते हुए लोगों से आग्रह किया कि शराब जैसी बुराइयों से दूर रहें और अपने बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज जागरूक हो गया है और अब किसी के बहकावे में नहीं आएगा।


## Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur

### Short E-Procurement Notice
NIT No:- NPC-NIT-16/2023-24 (7th Call )

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Chhatarpur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,38,31,558.00 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,26,22,393.00 Total: ₹ 3,64,53,951.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 3,64,540/- (Rupees Three Lakhs Sixty-Four Thousand Five Hundred Forty Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 02-05-2025 |
| 7 | Document downloading start Date | 03-05-2025 |
| 11 | Bid submission end date | 17-05-2025 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 17-05-2025 |
| 13 | Bid opening date (online | 19-05-2025 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9471125404 |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

Executive Officer
Nagar Panchayat Chhatarpur

PR 351301 (District)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"कमल-बिन्दुओं वाली झीलें आपकी आंखों को प्रसन्न करें, छायादार वृक्ष दोपहर की गर्मी को दूर भगाएं, मृदु पवन कमल-पराग को अपने पास उड़ाए, आपका सारा मार्ग सुखमय और शांतिपूर्ण हो।" - **कालिदास**

## संपादकीय

# सोने की चमक और बढ़ती दीवानगी

नई दिल्ली के सराफा बाजार में 22 अप्रैल को 10 ग्राम सोने की कीमत 1,00,000 के स्तर को पार कर गई, जिसका तात्कालिक कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत का 3,510 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करना है। बीते 20 दिनों में सोने की कीमत दस फीसदी बढ़ी है। इस साल अब तक सोने की कीमत में 22,000 रुपये से ज्यादा और विगत एक महीने में 10,000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। भारत जब आजाद हुआ था, तब 10 ग्राम 24 कैरेट वाले सोने की कीमत 88.62 रुपये थी और वर्ष 1964 में इसकी कीमत और भी कम होकर 63.25 रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। इस तरह, सोने की कीमत 78 वर्षों में चंद रुपयों से आगे बढ़ते हुए 1,00,000 रुपये के स्तर को पार कर गई। वर्ष 2006 में 10 ग्राम सोने की कीमत 10,000 रुपये थी, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 1,00,000 को पार कर गई। मौजूदा समय में सोने की कीमत बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें सबसे प्रमुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनाई जा रहीं आर्थिक नीतियां और अमेरिका की चीन के साथ कारोबारी जंग शुरू होना है। ट्रंप के रुख से वैश्विक स्तर पर कारोबारी जंग शुरू होने और मंदी आने की संभावना बढ़ गई है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण डॉलर के मुकाबले रुपये में चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। विश्व के कुछ भागों में भू-राजनैतिक तनाव के बने रहने, शेयर बाजार में हाल में आई गिरावट आदि के कारण बेहतर प्रतिफल की आस में लोग सोने में निवेश कर रहे हैं, जिससे सोने की मांग में लगातार इजाफा हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, हाल में गोल्ड ईटीएफ में निवेश दुनिया भर में 12 फीसदी बढ़कर 8.6 अरब डॉलर हो गया है। भारत में महंगाई थोड़ी कम हुई है, लेकिन विदेशों में इसका डर बरकरार है। भारत में मार्च, 2025 में खुदरा महंगाई सालाना आधार पर 3.34 फीसदी की दर से बढ़ी, जबकि फरवरी में यह 3.61 फीसदी की दर से बढ़ी थी। बीते 67 महीनों में खुदरा महंगाई सबसे कम स्तर पर है। सोने की कीमत बढ़ने से आभूषणों की मांग में कमी आई है, जिससे आभूषण उद्योग चिंतित है। आमजन सोना खरीद पाएं, इसके लिए आभूषण निर्माता 14 कैरेट सोने की बिक्री बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। साथ ही, नौ कैरेट सोने की हॉलमार्किंग के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्ष 2024 में सोने की मांग सबसे अधिक रही थी, लेकिन अभी वैसे निवेशक, जिन्होंने सोने में निवेश सिर्फ लाभ कमाने के लिए किया है, वे ऐसी स्थिति का फायदा उठाते हुए सोने के सिक्के और सोने के आभूषण बेच रहे हैं। डब्ल्यूजीसी के अनुसार, 2023 की मार्च तिमाही में 34.8 टन सोना नकदी के लिए बेचा गया, जबकि मार्च 2024 में 38.3 टन सोना बेचा गया और एक अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में 40 टन से अधिक सोना बेचे जाने की संभावना है।

*सोने की कीमत 78 वर्षों में चंद रुपयों से आगे बढ़ते हुए 1,00,000 रुपये के स्तर को पार कर गई।*

# ज्ञान के बाजार में "मनुष्य" की खोज



एक ग्रीक दार्शनिक डायोजनीज शिक्षाविदों और बौद्धिक धुरंधरों से भरे अपने नगर में दिन में लालटेन लिए चले जा रहे थे। एक ने पूछा- दिन में लालटेन लिए कहां जा रहे हैं? डायोजनीज ने कहा- ज्ञानियों के बीच मनुष्य खोजने निकला हूँ। आज सूचनाओं के युग में ज्ञानवान होना, विचार की बात करना और सुधारवादी होना अरण्यरोदन है। वर्तमान में कूपमंडूकता ही वह शाश्वत चीज है, जिसकी समाज में कद्र है। हां, इसके साथ आपके पीछे फैन फॉलोवर की फौज होनी चाहिए। यह समय का ऐसा दौर है जहां ज्ञान का दिखावा है, उसकी क्रूर आवाज है और इस आवाज में अपनी-अपनी परिभाषा है। सूचनाओं के दौर में हर एक व्यक्ति ज्ञान के समुद्र के समान है। कदाचित इसलिए ही अलबरूनी ने लिखा कि सामान्य भारतीय अपने ज्ञानकूप में रहते हैं और उसका पूरा रौब है। ज्ञान का ऐश्वर्य किसी किताब या व्यक्ति का मोहताज नहीं होता है। यह व्यक्ति के भीतर एक स्वाभाविक संपदा होती है। इसे बढ़ाने के लिए व्यक्ति को खुद अंतर्यात्रा पर जाना होता है। एक बीज जब तक जमीन के अंदर दबता नही है, तपता नहीं है, तबतक वह वृक्ष नहीं होता है। बीज भी अगर फूल और पत्तों की यात्रा करने लगे, तो वह वृक्ष कदापि नहीं हो पायेगा। इसी प्रकार भौतिक जगत की संपन्नता से ज्ञान का विकास नहीं होता है। भौतिक वस्तुओं के विकास के कारण ही शरीर और मन भारी होता जा रहा है और आत्मा दिन व दिन हल्का। आत्मा को हल्का और आलोकित करने के लिए ज्ञान के पथ का राही बनना होता है। यदि हमारे छोटे अंतकरण के भीतर ईश्वर दिखाई पड़ता है तो वह समूचे विश्व में उदभाषित परम ज्ञान का आलोक है। ज्ञान का पथ उस भीतरी ईश्वर की ओर आरोहण है। ज्ञान का दो भेद है। एक ज्ञान बौद्धिक है और दूसरा ज्ञान चैतन्य है। बौद्धिक ज्ञान को बाहर जाना जाता है तो चैतन्य ज्ञान हमारे अंदर से प्रकट होता है। एक ज्ञान केवल जानना, जानकारी, बौद्धिक समझ। दूसरा ज्ञान है - अनुभूति, प्रज्ञा, जीवंत प्रतीति। एक मृत तथ्यों का संग्रह है, एक जीवित सत्य का बोध है। दोनों में बहुत अंतर है - भूमि और आकाश का, अंधकार और प्रकाश का। वस्तुतः बौद्धिक ज्ञान कोई ज्ञान नहीं है। वह ज्ञान का भ्रम है। क्या नेत्रहीन व्यक्ति को प्रकाश का कोई ज्ञान हो सकता है? बौद्धिक ज्ञान वैसा ही ज्ञान है। सत्य-ज्ञान बाहर से नहीं आता है और जो बाहर से आये, जानना कि वह ज्ञान नहीं है, मात्र जानकारी ही है। ऐसे ज्ञान के भ्रम में गिरने से सावधानी रखनी आवश्यक है। उत्पत्ति और विनाश से रहित नित्य चैतन्य को ज्ञान कहते हैं।

गोस्वामी तुलसीदासजी ने ज्ञानकी बड़ी अद्भुत व्याख्या की है। इसमें लक्ष्मणजी का प्रभु श्रीराम से संवाद है, जिसमें वह ज्ञान की परिभाषा का आग्रह करते हैं। इसपर श्रीराम जी कहते है कि -ग्यान मान जहं एकउ नाहीं, देख ब्रह्मसमान सब माहीं। यानी ज्ञान उसको कहते हैं, जहां व्यक्ति मान-अपमान के द्वंद्व से रहित हो और सबमें ही ब्रह्म का दर्शन करे। एक वैदिक उक्ति है कि सभी दिशाओं से उदात्त विचारों को आने दो। आ नो भद्राः क्रत वो यंतु विश्वतः द्ध। आज व्यक्ति खुद को और अपने परिवार को कमतर आंकता है। समाज और परिवार गौण हो गया, पार्टी और विचार ही सर्वोपरि हो गया। भारत में ज्ञान और ज्ञानियों की एक परंपरा रही है। ऐसे ज्ञानी थे, जिसका जीवन बहुत सामान्य था। वे सादगी से रहते थे। यहां तक की वे नंगे रहते थे। फेंकी हुई कंथा, वल्कल या कृष्ण वर्ण का मृगचर्म पहनते थे। ऐसे ही दंडमिस ऋषि के ज्ञान से विश्वविजेता सिकंदर भी परास्त हो गया। आज दिखावट और सजावट का ज्ञान हो गया। एक समय था कि राजा मंत्रियों के साथ पूर्णिमा रात्रि का आनंद लेते हुए अक्सर ब्राह्मण या श्रमण को बुलाकर रात में संवाद और चिंतन के माध्यम से अपने चित्त को संतुष्ट करते थे। मिनांडर और नागसेन की चर्चित संवाद सभी ज्ञानियों को आज भी उद्वेलित करता है।

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

प्राचीन ज्ञानियों और आधुनिक युग के बुद्धिजीवियों के जीवन और चिंतन में कोई तुलना ही नहीं है। वाकपटुता ज्ञान नहीं होता, संपर्क की क्षमता से ज्ञानवान परिभाषित नहीं होते और सामान्यजन के चित्त को संतुष्ट करना भी ज्ञानियों का काम नहीं है। प्राचीन काल से ज्ञान के लिए संवाद को, शासत्रार्थ को और विचार-मंथन को जरूरी माना गया। आधुनिक युग के ज्ञानियों की परिभाषा में ज्ञानवान होना पूर्व निर्धारित है। आप इस मत या पंथ के है, तो ज्ञानवान है, अन्यथा नहीं। परंपरावादी होना दकियानूसी है और बाल का खाल निकलना आधुनिकता का मापदंड है। हम यह मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि जो हम जानते हैं, उसके बाहर भी ज्ञान हो सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा की एक खूबी है यह सदैव नूतनता का पोषण करता हैं तो निरंतरता के साथ पुनर्रचनात्मकता का प्रश्रय देता है। सदैव नये विचार और आकांक्षा को प्रोत्साहित किया गया, तो पुराने को समयानुकूल बनाया गया। इतिहास में वर्णन है कि वाल्मीकि रामायण में सीता की भूमिगमन को भवभूति स्वीकार नहीं कर पाते। वे उत्तररामचरित में सीता को पृथ्वी से बाहर लाते हैं और दुखी राम अपनी पत्नी वापस पाते हैं। नूतनता के साथ सार्थकता से बाहर जाने पर साहित्य और साहित्यकार भी समाज और समय द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है। कालीदास महानतम कवि है लेकिन वह कुमारसंभव ग्रंथ को पूरा नहीं कर पाते है, क्योंकि वह समाज को अस्वीकार्य सृजन की चेष्टा करते है। समय की अदृश्य शक्ति उनको ऐसा नहीं करने देती। वर्तमान में हमारी ज्ञानी कुछ भी रचकर, बेंचकर और बोलकर बस प्रसिद्ध होना चाहते हैं। भारतीय ज्ञान की विद्रूपता है कि आधुनिक बुद्धिजीवी श्रीराम को मिथक कहता है लेकिन रावण को इतिहास का अंग बतायेगा। सवाल है कि 19वीं सदी से पहले किस तमिल ग्रंथ में है कि रावण द्रविड़ है!

एक समय था कि ऋषिसत्ता सर्वोपरि था, जहां ज्ञान और ज्ञानियों के समक्ष राजसत्ता झुकता था आज राजसत्ता सबसे ऊपर है। धन की सत्ता को बहुत महत्त्व है। जब हम यह देखते है तो यह भूल जाते है कि भारत के मानस ने सदैव निद्वंद्व होकर अपनी आवाज बुलंद की है। यहां चार्वाक की परंपरा है तो यज्ञविरोधी भृगु की भी परंपरा है। यहां कबीर है तो नानक और तुलसी भी है। भारतीय जीवन में मनुष्यता के विकास को सर्वोपरि मानदंड ज्ञान ही है। जीवन के लिए भोजन भी चाहिए, कपड़ा भी चाहिए, मकान भी चाहिए, राज्य और धन भी चाहिए क्योंकि जीवन के लिए ये सभी जरूरी हैं। परंतु यहां सब केवल जीवन के लिए हैं। हमने इस जीवन के ही परम साध्य बन लिया, जबकि मानव जीवन का परमसाध्य तो ज्ञान ही हो सकता है। किन्तु मनुष्यता का सारसर्वस्व तो उसके ज्ञान में ही निहित है। आवश्यक तो जीवन के लिए सभी कुछ है, लेकिन यह ज्ञान ही मनुष्य को उठा सकता है। मनुष्यता का विस्तार कर सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# जिंदगी का अर्थ : एक उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर

आज की तेज़ रफ्तार और भौतिकतावादी दुनिया में, अक्सर हम जीवन की मूलभूत सच्चाई को भूल जाते हैं — कि जीने का असली आनंद तब आता है जब हमारा जीवन किसी उद्देश्य से जुड़ा हो। एक ऐसा उद्देश्य, जो न केवल हमें भीतर से प्रेरित करे बल्कि हमारे प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ पहुंचे। महान दार्शनिकों और विचारकों ने भी सदैव इस बात पर बल दिया है कि जीवन केवल सांसें लेने का नाम नहीं है, बल्कि किसी बड़े उद्देश्य के लिए जीना ही असली जीवन है। अरस्तू ने कहा था, "जीवन का उद्देश्य खुशी है, और सच्ची खुशी वही है जो किसी महान कार्य में संलग्न रहने से मिलती है।" स्वामी विवेकानंद ने भी प्रेरित करते हुए कहा था, "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" जब हम अपने जीवन में कोई महान लक्ष्य या उद्देश्य स्थापित करते हैं, तो हर सुबह एक नई ऊर्जा के साथ जागते हैं। हमारे कदम स्वयं रास्ता खोज लेते हैं, और हमारी छोटी-छोटी कोशिशें भी एक बड़े परिवर्तन की ओर बढ़ती हैं। एक उद्देश्यपूर्ण जीवन न केवल व्यक्तिगत सुख का स्रोत बनता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा का कारण बनता है। ऐसा कोई भी कार्य जिसे हम पूरे मन, ईमानदारी और जागरूकता के साथ करते हैं - चाहे वह शिक्षा देना हो, प्रकृति का संरक्षण करना हो, या मानवीय सेवा - वह हमें एक गहरी संतुष्टि देता है। ऐसे कार्यों के माध्यम से हम दुनिया में अपना एक अमिट निशान छोड़ सकते हैं। जीवन में उद्देश्य होने का अर्थ यह नहीं कि लक्ष्य बहुत भव्य या असंभव हो, बल्कि यह कि वह हमारे दिल से जुड़ा हो। छोटा हो या बड़ा, अगर कोई कार्य सकारात्मक बदलाव लाता है, तो वही सबसे बड़ा योगदान है। आज के समय में, जब निराशा और खालीपन की भावना तेजी से फैल रही है, तब हमें बच्चों और युवाओं के मन में भी यह बीज बोना चाहिए कि वे एक उद्देश्य के साथ जीवन जीएं। एक ऐसा दृष्टिकोण, जो उन्हें हर कठिनाई के बीच भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दे और उनके भीतर जीवन के प्रति एक उत्साह भर दे। यह उद्देश्य हर किसी के जीवन में अलग-अलग रूप ले सकता है। वे बुजुर्ग, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अनुभवों से भरा है, आज भी समाज को अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से रोशन कर सकते हैं। उनका जीवन स्वयं एक प्रेरणा बन सकता है, यदि वे अपनी कहानियों, अपनी सीखों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं। वे महिलाएं, जो दिन-रात परिवार की भलाई में लगी रहती हैं, उन्हें यह एहसास होना चाहिए कि उनका जीवन भी एक महान उद्देश्य से जुड़ा है - एक नई पीढ़ी के निर्माण का। उन्हें भी अपने सपनों को उड़ान देनी चाहिए, अपनी प्रतिभाओं को पहचान कर, स्वयं के लिए भी नए अवसर बनाने चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ

# धरती के क्रांतिदूत भगवान परशुराम : ब्राह्मणत्व व वीरता का प्रलयकारी संगम

भगवान परशुराम जयंती

ज्ञा जब अन्याय ने मर्यादाओं को लांघकर अपनी क्रूरता का परचम लहराया, जब अधर्म ने धर्म का उपहास उड़ाया, और जब वीरता व संयम की पवित्र परिभाषाएँ धूमिल होने लगीं, तब धरती के गर्भ से प्रकट हुए परशुराम-धर्म की प्रचंड ज्वाला को हृदय में धारण कर, अधर्म के सर्वनाशक योद्धा बनकर। वे न केवल अजेय रणबांकुरे थे, न ही मात्र तपस्वी सन्यासी; वे शक्ति और मर्यादा, तेजस्विता और करुणा, क्रोध और धर्म के अनुपम समन्वय थे। परशुराम जयंती केवल उनके अवतरण का उत्सव नहीं, बल्कि न्याय की अटल हुंकार, साहस का प्रबल उद्घोष और धर्म के अडिग संकल्प का महोत्सव है। उनका जीवन युगों-युगों तक मानवता को पथ प्रदर्शित करता रहेगा, क्योंकि परशुराम कोई काल्पनिक मिथक नहीं, अपितु सत्य, साहस और धर्म का जीवंत प्रतीक हैं। सतयुग और त्रेतायुग के संधिकाल में, जब पृथ्वी क्षत्रिय अत्याचारों की ज्वाला में दग्ध हो रही थी, तब महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में परशुराम का अवतरण हुआ। ब्राह्मण कुल में जन्मे, किंतु योद्धा के प्रचंड हृदय और शस्त्रों की प्रखरता से सुसज्जित, परशुराम ने धर्म की रक्षा हेतु क्रांतिकारी मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने ब्राह्मणत्व की शांत गरिमा को शस्त्रों की प्रलयकारी साधना से जोड़कर अपने परशु को अधर्म के विनाश का अजेय अस्त्र बनाया। उनका फरसा मात्र धातु का शस्त्र नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना और अन्याय के सर्वनाश का प्रतीक था। आज भी, जब कोई साहसी अन्याय के विरुद्ध खड़ा होता है, वह परशुराम की तीक्ष्ण धार को साकार करता है, जो कालजयी प्रेरणा बनकर मानवता को दिशा देती है।

धर्म की बात



**प्रो. आरके जैन**

परशुराम की गाथा अद्वितीय साहस, तपस्या और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने पितृ-आज्ञा का पालन करते हुए माता रेणुका का वध किया, जो उनकी कर्तव्यनिष्ठा और आत्मसंयम की कठोरता को दर्शाता है। किंतु जब पितृवर ने वर माँगने का अवसर दिया, तब परशुराम ने माता के पुनर्जनन की



याचना की, जो उनके हृदय में मातृप्रेम और करुणा की गहराई को प्रकट करता है। यह प्रसंग सिखाता है कि परशुराम का क्रोध अनियंत्रित ज्वाला नहीं, बल्कि धर्म के आदर्शों से अनुप्राणित पवित्र अग्नि था। उनकी कठोरता अनुशासन की द्योतक थी, न कि क्रूरता की। प्रत्येक निर्णय-चाहे युद्ध का रणघोष हो या क्षमा का संदेश-धर्म के संतुलन को बनाए रखने हेतु लिया गया। परशुराम का जीवन कर्तव्य, करुणा और धर्म के संगम का मार्ग दिखाता है। इतिहास में अंकित है कि परशुराम ने पृथ्वी से इक्कीस बार क्षत्रिय कुल का संहार किया। यह सुनकर मन में उग्र योद्धा की छवि उभर सकती है, किंतु सत्य यह है कि उनका युद्ध किसी वंश के विरुद्ध नहीं, बल्कि अत्याचार, अधर्म और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ था। कई क्षत्रिय राजा और वीर उनके मित्र व शिष्य रहे, जो स्पष्ट करता है कि उनका ध्येय सत्ता का सर्वनाश नहीं, बल्कि उसके अहंकार और दुराचार का विनाश था। परशुराम का फरसा धर्म की रक्षा का प्रहरी था, न कि प्रतिशोध का आयुध। उनकी गाथाएँ सिखाती हैं कि साहस और शक्ति का प्रयोग केवल धर्म की स्थापना और सत्य की रक्षा हेतु होना चाहिए। परशुराम केवल युद्धकला के महारथी ही नहीं, बल्कि ज्ञान और शिक्षा के संरक्षक भी थे। उन्होंने भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महायोद्धाओं को शस्त्र विद्या का प्रशिक्षण दिया, जो महाभारत में धर्म और सत्य के प्रतीक बने। उनका गुरु रूप सिखाता है कि सच्ची वीरता केवल शस्त्र की धार में नहीं, बल्कि शिष्यों के चरित्र और कौशल को संवारने में निहित है। वे अपने शिष्यों में न केवल युद्धकला का सामर्थ्य बोते थे, बल्कि धर्म, नैतिकता और सत्यनिष्ठा के बीज भी रोपते थे। उनकी शिक्षाएँ युद्ध की रणनीति तक सीमित नहीं थीं; वे जीवन को सम्मान के साथ जीने की कला सिखाती थीं। परशुराम का चिरंजीवी स्वरूप भारतीय संस्कृति में अमर संदेश के रूप में गूंजता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मंसूबे कुछ इस तरह, बांध रहे हैं लोग।
दीवारें सी हैं मगर, फांद रहे हैं लोग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# स्वाध्याय है ईश्वरीय नियमों को जानना

स्वाध्याय का उद्देश्य है – ईश्वरीय नियमों को जानना और अपने जीवन को उसी के अनुरूप ढालना तथा उसे अपने कर्मों में उतारना। हमें याद रखना है कि हमें हर हाल में ईश्वरीय नियमों को पालना करना है। स्वाध्याय को अपनाते हुए आध्यात्मिक पथ पर चलना है। ऐसा करेंगे तो ये अच्छे काम ही आगे चलकर अच्छी आदतें बनेंगी। ये अच्छी आदतें ही हमारे अंदर सद्चरित्रता का बीज अंकुरित करेंगी और इसी सद्चरित्रता से हम आगे चलकर अपने जीवन को झंकृत कर सकेंगे। ये बातें रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी गौतमानन्द ने कही। उन्होंने कहा कि धर्म के शाश्वत नियम हैं। ये हमेशा से हैं और रहेंगे। आप खुद देंखे कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज में भी धर्मचक्र हैं। लेकिन आश्चर्य है कि उन धर्म चक्रों के बारे में स्कूलों में गहराई से पढ़ाई नहीं होती। इन धर्म चक्रों के बारे में हम अपने घरों में यथासंभव बच्चों को बता दिया करते हैं। लेकिन ये धर्म के नियम हमारे आध्यात्मिक जीवन के लिए कितने जरुरी हैं। ये किसी को नहीं पता। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने कुछ नियम बनाएं हैं। ब्रह्मांड को चलाने, उसे गति देने के लिए। अगर हम उनके नियमों को मानेंगे तो आनन्द में रहेंगे। उल्लंघन करेंगे तो स्वयं दंडित भी होंगे। उन्होंने कहा कि इन्हीं सभी बातों को लेकर हमारे गुरुजी ने पाठमालाएं हमें दीं। ये पाठमालाएं हमें आध्यात्मिकता की ओर ले जाती है। हमारे जीवन को बेहतर बनाती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु जी की पाठमालाओं को आप जितनी बार पढ़ेंगे। आपको उसमें कुछ नयापन मिलेगा। गुरुजी की प्रत्येक आलेख या उनकी पुस्तकें, ईश्वर की ओर ले जाने का सरल मार्ग है। आपकी हर समस्याओं का निदान है। आध्यात्मिक पथ पर सर्वोच्च स्थान दिलाने का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। अगर हम गुरुजी के पाठों का सही ढंग से पाठ कर रहे हैं, तो इसका मतलब हैं कि हम ईश्वर के साथ स्वयं को एकरुपता स्थापित कर रहे हैं, क्योंकि स्वाध्याय हमारी चेतना को उपर उठाती है। उन्होंने कहा कि हमें यह भी ख्याल रखना चाहिए कि चेतना दो चीजों से उपर उठती है। एक ध्यान से और दूसरा स्वाध्याय से। उन्होंने बताया कि हम सब के लिए लॉ हैं। गुरुजी द्वारा बताई गई शिक्षा। जब हम उनके बताये लॉ का अनुसरण करेंगे तो हम जरुर आनन्द में होंगे। उन्होंने कहा कि गुरुजी की लिखी पाठमालाओं को बार-बार पढ़ने की कोशिश करें। उसका अभ्यास करें। मनन करें। उस पर ध्यान केन्द्रित करें। तभी आप उसका लाभ उठा पायेंगे। अन्यथा नहीं।


उन्होंने कहा कि स्वाध्याय के लिए आपको एक समय भी सुनिश्चित रखना चाहिए, क्योंकि परमहंस योगानन्दजी की शिक्षा अमृत के समान है। यह सभी आत्माओं को तृप्त करती है, जो ईश्वरीय मार्ग पर चलने को आतुर हैं। उन्होंने बताया कि गुरु जी चाहते थे कि उनकी पाठमालाओं का प्रकाशन सिर्फ और सिर्फ उनके आश्रमों से हो, ताकि उनके भक्तों को उनका स्पन्दन प्राप्त होता रहे। यहीं नहीं, ये स्पन्दन उनके जीवन काल तक आशीर्वाद के रुप में उन्हें प्राप्त होता रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अक्षय तृतीया पर सोने की जगह खरीदें ये 5 चीजें, बनेंगे बिगड़े काम




**दान के लिए शुभ वस्तुएं**

- दही, चावल, दूध, खीर, सफेद वस्त्र आदि का दान करें
- जल से भरे घड़े का दान – गर्मी में विशेष पुण्यदायी।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। हिंदू धर्म में इसे अत्यंत शुभ दिवस माना गया है। कई शुभ संयोग इस तिथि से जुड़े हैं। अक्षय का अर्थ ही होता है जो क्षय न हो और इसलिए कभी क्षय न होने वाला धातु सोना लोग बढ़ चढ़कर खरीदते हैं। लेकिन महंगाई के इस दौर में और सोने की आसमान छूती कीमत के बीच भी कुछ ऐसी चीजें हैं जो खरीदी जा सकती हैं। इससे जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का संचार होगा। भविष्य पुराण, नारद पुराण से लेकर कई पवित्र ग्रंथों में इस दिवस का उल्लेख मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी न ले सकें तो सुख-समृद्धि के लिए मिट्टी का बर्तन, कौड़ी, पीली सरसों, हल्दी की गांठ, रुई खरीदना बेहद शुभ रहेगा। अब सवाल उठता है कि आखिर यही चीजें क्यों? इन विभिन्न तत्वों का संबंध ग्रह नक्षत्रों से भी है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, सोने के बदले तांबा और सोना खरीदना लाभकारी होता है। ये सूर्य को मजबूत करता है और इसके बलवान होने से लोगों के बीच और समाज में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। रुई का संबंध शुक्र ग्रह से है और इसे लेकर माता लक्ष्मी की कृपा बरसती है। हल्दी की गांठ गुरु को मजबूत करती है और जीवन में स्थायित्व लाकर मान-सम्मान बढ़ाती है। मिट्टी का बर्तन मंगल को मजबूत करता है और कर्ज मुक्ति के साथ ही बेवजह की परेशानी से भी निजात दिलाता है। पीली सरसों से दरिद्रता दूर होती है और नकारात्मकता भी खत्म होती है, तो पीली कौड़ी धन, सम्पत्ति और समृद्धि का कारण बनती हैं। इसके साथ ही इस दिन संभव हो तो आदि शंकराचार्य द्वारा रचित कनकधारा स्त्रोत का पाठ जरूर करना चाहिए।अक्षय तृतीया के दिन दान का भी काफी महत्व होता है। दान भी सफेद चीजों का- जैसे, दही, चावल, दूध, खीर आदि का। अब बात करते हैं अक्षय तृतीया 2025 के शुभ मुहूर्त की। तो दृक पंचांगानुसार तृतीया तिथि 29 अप्रैल को शाम 05:32 मिनट पर प्रारंभ होगी और 30 अप्रैल को दोपहर 02:12 बजे पर समाप्त होगी। इस दिन पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 05 बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक रहेगा।

## 30 साल के पोते संग मंदिर में रचाई शादी



**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर की इंद्रावती के चार बच्चे हैं। दो बेटे और दो बेटियां। जिनमें से एक बेटी की शादी भी हो चुकी है। पति और बच्चों के बावजूद इंद्रावती ने अपने रिश्ते में लगने वाले पोते आजाद के साथ भागकर मंदिर में सात फेरे ले लिए। शादी के बाद दोनों गांव छोड़कर फरार हो गए। शादी के कुछ दिन पहले कुछ दिन पहले इंद्रावती के पति चंद्रशेखर ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था। बदायूं की सास-दामाद की प्रेम कहानी अभी थमी भी नहीं थी कि अब अंबेडकरनगर से और भी हैरान करने वाला मामला सामने आ गया है।

## नेहा सिंह पर एफआईआर
## सोशल मीडिया पोस्ट पर पाकिस्तान था फिदा

**एजेंसी । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भोजपुरी लोक गायक नेहा सिंह राठौर के खिलाफ उनके एक वीडियो को लेकर अभय सिंह नाम के शख्स ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की 10 अलग-अलग धाराओं और आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे भारत में गुस्से का माहौल है। लोग इस नरसंहार के लिए पाकिस्तान की तीखी आलोचना कर रहे हैं और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। विपक्षी दलों ने भी कहा है कि सरकार आतंक के खिलाफ जो भी कार्रवाई करेगी, वे उसका समर्थन करेंगे। लेकिन इस बीच भोजपुरी लोग गायिका नेहा सिंह राठौर के वीडियो को लेकर विवाद बढ़ गया है। लखनऊ में नेहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसमें 11 धाराएं जोड़ी गई हैं। नेहा सिंह राठौर ने X पर अपना एक वीडियो पोस्ट करके कहा था कि पहलगाम हमला सरकार की चूक के कारण हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा इस मुद्दे का इस्तेमाल बिहार चुनाव में वोट हासिल करने के लिए करेगी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नेहा के खिलाफ इस वीडियो को लेकर अभय सिंह नाम के शख्स ने एफआईआर दर्ज कराई है। राठौर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 (BNS) की 10 अलग-अलग धाराओं और आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर निंदा प्रस्ताव पारित

### सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले नापाक इरादों को हराने के लिए दृढ़ता से लड़ने का संकल्प



**जम्मू (हि.स.)**


जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर दुख और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और प्रगति में बाधा डालने वाले नापाक इरादों को हराने के लिए दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और स्वीकार किया कि वह पर्यटकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी की ओर से पेश प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सत्र की शुरुआत में सदन के सदस्यों ने पिछले सप्ताह इस त्रासदी में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर की विधानसभा अपने सभी नागरिकों के लिए शांति, विकास और समावेशी समृद्धि का माहौल बनाने और राष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के सांप्रदायिक सद्भाव और प्रगति को बाधित करने वालों के नापाक इरादों को दृढ़ता से हराने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

प्रस्ताव पर चर्चा का समापन करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और स्वीकार किया कि वह पर्यटकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा निर्वाचित सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मैं इस अवसर (आतंकवादी हमले) का उपयोग राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले का उपयोग करके राज्य का दर्जा कैसे मांग सकता हूं।

पूरे देश पर इस भयावह हमले के प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक अरुणाचल से गुजरात और जम्मू-कश्मीर से केरल तक पूरा देश इस हमले से प्रभावित हुआ है। अब्दुल्ला ने कहा कि बैसरन हमला 21 साल के अंतराल के बाद हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें लगता था कि इस तरह के हमले अतीत की कहानी हैं। दुर्भाग्य से पहलगाम हमले ने ऐसी स्थिति को फिर से पैदा कर दिया है, जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे कि वह पीछे छूट गई है। उन्होंने कहा कि हम नहीं जानते कि ऐसा कोई और हमला कब हो सकता है।

## मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहाव्वुर राणा की एनआईए हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली (हि.स.)**



पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंदरजीत सिंह ने 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट आज ही इस पर फैसला सुनाएगी। आज तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद एनआईए ने उसे कोर्ट में पेश किया था।

कोर्ट ने 24 अप्रैल को तहव्वुर राणा को अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति की मांग खारिज कर दी थी। कोर्ट ने 10 अप्रैल को तहव्वुर राणा को आज तक की एनआईए की हिरासत में भेजा था। एनआईए ने 10 अप्रैल की शाम को तहव्वुर को दिल्ली के पालम वायुसेना अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे भारतीय एजेंसियों की एक टीम उसी दिन अमेरिका से लाई थी। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है।

## 'दुश्मन देश की तरफदारी' पड़ी भारी, मुंबई में तीन युवक गिरफ्तार

**नालासोपारा (आईएएनएस)**



महाराष्ट्र के नालासोपारा में पाकिस्तान की तरफदारी तीन युवकों को भारी पड़ गई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी पहचान उस्मान गनी, तौशीद आजाद शेख और अदनान अफसर शेख के रूप में हुई है। तीनों को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इससे इलाके में तनाव बढ़ गया है। घटना 25 अप्रैल को नालासोपारा में उस समय सामने आई, जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने पाकिस्तानी झंडे का इस्तेमाल किया, जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों में से कुछ ने दावा किया कि इस झंडे का इस्तेमाल रोका नहीं जाना चाहिए।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक्शन में योगी सरकार
### पाकिस्तानी नागरिकों को चुन-चुनकर किया बाहर



**लखनऊ ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश और पल-पल मॉनिटरिंग का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। वहीं, अंतिम बचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी लगातार उस पर नजर रख रही हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए कई अहम निर्णय लिए। इस दौरान केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के निर्देश दिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सीएम योगी ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल राज्य से बाहर करने के साथ उन्हें उनके देश रवाना किया जाए। इसके साथ ही सीएम योगी ने निर्देश दिए थे कि पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश ही जाएं, इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने वतन लौट गए हैं।

सीएम योगी के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश के 75 जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था की गई। डीजीपी ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश में भेज दिया गया है।

## शाहिद अफरीदी नाम सुनते ही भड़के ओवैसी पहलगाम हमले इन जोकरों का नाम क्यों ले रहे हैं



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी की टिप्पणी पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वह कौन है? आप मेरे सामने इन जोकरों का नाम क्यों ले रहे हैं? पाकिस्तान के क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले का दोष भारतीय सेना पर मढ़ा और कहा कि वे नागरिकों को आतंकवादियों से बचाने में असमर्थ हैं। पूर्व ऑलराउंडर की यह टिप्पणी 26 लोगों, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे, के मारे जाने के लगभग एक सप्ताह बाद आई है। यह 2008 में 26/11 के हमलों के बाद भारतीय धरती पर नागरिकों पर हुआ सबसे घातक आतंकी हमला था। इससे पहले ओवैसी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान पर तीखा हमला किया और कहा कि उन्होंने देश के नागरिकों को उनकी धरती पर मारकर आईएसआईएस की तरह काम किया है। महाराष्ट्र के परभणी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने आगे कहा कि पाकिस्तान परमाणु शक्ति होने का दावा नहीं कर सकता और फिर बिना किसी परिणाम के निर्दोष लोगों की हत्या कर सकता है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार ओवैसी ने कहा, "पाकिस्तान हमेशा परमाणु शक्ति होने की बात करता है।

## सीएम सिद्धारमैया आए गुस्से में, एडिशनल एसपी को थप्पड़ मारने के लिए उठाया हाथ



**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बेलगावी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) को लगभग थप्पड़ मारने के लिए तैयार दिखाई दिए, जिसके बाद वे नए विवाद के केंद्र में आ गए। इस घटना का वीडियो बनाया गया और इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया गया, जिसमें सिद्धारमैया एएसपी नारायण भरमनी को मंच पर बुलाने के बाद गुस्से में हाथ उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कथित तौर पर टकराव उस जगह के पास व्यवधान से उपजा था, जहां सिद्धारमैया को जनता को संबोधित करना था। भाजपा की महिला कार्यकर्ता साइट के करीब विरोध प्रदर्शन कर रही थीं, और एएसपी भरमनी को मंच के आसपास सुरक्षा का प्रबंधन करने के लिए नियुक्त किया गया था। स्थिति से निपटने से नाखुश, सिद्धारमैया ने भरमनी को मंच पर बुलाया और सार्वजनिक रूप से उन्हें फटकार लगाते हुए पूछा कि आप, जो भी हो, यहाँ आए, आप क्या कर रहे थे? स्पष्ट रूप से हताशा के एक पल में मुख्यमंत्री ने अपना हाथ उठाया जैसे कि अधिकारी को मारना चाहते हों, लेकिन बीच में ही रुक गए। इस घटना की राजनीतिक विरोधियों ने तीखी आलोचना की है। जनता दल (सेक्युलर) ने सिद्धारमैया के कार्यों की निंदा करते हुए उन पर अहंकार और अनादर का आरोप लगाया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## मणिशंकर अय्यर के बयान को भाजपा ने बताया असंवेदनशील

**नई दिल्ली (हि.स.)**

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर घमासान मच गया है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता के बयान को असंवेदनशील बताया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को पूरे देश ने देखा है। इसके खिलाफ लोगों में व्यापक आक्रोश है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में और अपने 'मन की बात' में स्पष्ट रूप से कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई थी, जिसमें सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक की शुरुआत में हमले में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार द्वारा उठाए जा रहे और भविष्य में उठाए जाने वाले सभी कदमों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह देश में एक बड़ी आतंकवादी घटना है।

## हमें पाकिस्तान की बात मान लेनी चाहिए... कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज के बयान पर अनुराग ठाकुर ने किया पलटवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज ने कहा कि अगर पाकिस्तान कहता है कि वह पहलगाम आतंकी हमले में शामिल नहीं है तो हमें कुछ समय के लिए इसे स्वीकार कर लेना चाहिए और अंत में जांच एजेंसियों के आधार पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी हैं और दोनों देशों के बीच बातचीत के अलावा कुछ भी काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह दुखद और अस्वीकार्य था। हर भारतीय को प्रधानमंत्री द्वारा अपनाई गई लाइन को अपनाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान कहता है कि वह इसमें शामिल नहीं है, तो हमें अभी के लिए उस तर्क को स्वीकार कर लेना चाहिए और अपनी जांच एजेंसियों पर भरोसा करना चाहिए, जो बेहतर तरीके से जानती होंगी। भारत और पाकिस्तान दो पड़ोसी हैं; आप चाहे जो भी करें, पड़ोस को बदला नहीं जा सकता। आखिरकार, भारत और पाकिस्तान के बीच जो होगा वह बातचीत ही होगी। बातचीत और चर्चा। कोई सैन्य समाधान नहीं, कोई हथियार नहीं, कोई तलवार नहीं। मौखिक बातचीत के अलावा कुछ भी काम नहीं करेगा, यही बातचीत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर जोरदार तरीके से बात की है और कहा कि भारत एक "लोकतांत्रिक देश" है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा है, उससे हमें सहमत होना चाहिए।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद , पानी के बाद अब दवाओं के लिए तरसने लगा पाकिस्तान, भारत के फैसले से उड़ी नींद

**नई दिल्ली । एजेंसी**



अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज्यादा व्यापार इसी सीमा के ज़रिए होता है। भारत के फ़ैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। ये आँकड़े दूसरे देशों के मुक़ाबले काफ़ी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुक़ाबले यह काफ़ी ज़्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ़ 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी तरह के व्यापार रोक दिए हैं। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी है और इस फैसले से भारत और पाकिस्तान के बीच 3886.53 करोड़ रुपये का सीमा पार व्यापार रुकने की आशंका है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) के अनुमान के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच सीधा व्यापार बहुत कम है, लेकिन अप्रत्यक्ष माध्यमों से भारत से हर साल 10 अरब डॉलर का सामान पाकिस्तान पहुंचता है।

अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज़्यादा व्यापार इसी सीमा के ज़रिए होता है। भारत के फ़ैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। ये आँकड़े दूसरे देशों के मुक़ाबले काफ़ी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुक़ाबले यह काफ़ी ज़्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ़ 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। 2019 में पुलवामा आतंकी हमले से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार 3 बिलियन डॉलर तक था। भारत मुख्य रूप से पाकिस्तान को दवाइयाँ, फार्मास्युटिकल सामग्री, चीनी, चाय, कॉफी, कपास, लोहा, इस्पात, टमाटर, नमक, ऑटोमोटिव घटक और उर्वरक भेजता है। दूसरी ओर, भारत पाकिस्तान से मसाले, खजूर, बादाम, अंजीर, तुलसी और मेंहदी की जड़ी-बूटियाँ आदि आयात करता है। दोनों देशों के बीच व्यापार बंद होने के कारण, पाकिस्तान यूएई, सिंगापुर और श्रीलंका जैसे अन्य पड़ोसी देशों के माध्यम से भारतीय सामान आयात करेगा।

## नियंत्रण रेखा पर फिर हुआ संघर्ष विराम का उल्लंघन

# भारत ने पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब

**श्रीनगर (हि.स.)**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की सेना नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करने से बाज नहीं आ रही है। पड़ोसी मुल्क की फौज शत्रुता का रुख अख्तियार कर लगातार संघर्ष विराम का उल्लंखन कर रही है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना ने 27-28 अप्रैल की रात जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार पाकिस्तानी सेना की बिना उकसावे के छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया। भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार, सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना को छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का बिना समय गंवाए मुंहतोड़ जवाब दिया। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। उल्लेखनीय है इससे पहले भारतीय सेना ने 26-27 अप्रैल की रात नियंत्रण रेखा पर तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों के आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर तनाव को बढ़ा दिया है।

भारतीय सेना के एक अधिकारी ने कहा कि 26-27 अप्रैल की रात पाकिस्तान की सैन्य चौकियों ने तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की भारतीय सैनिकों ने भी गोलीबारी करके प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इस बीच कुलगाम पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ समन्वित अभियान में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मतलहामा चौक थोकरपोरा (कैमोह) में स्थापित एक नियमित जांच चौकी के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम बिलाल अहमद भट पुत्र अब्दुल सलाम भट और मोहम्मद इस्माइल भट पुत्र गुलाम मोहम्मद भट हैं। दोनों थोकरपोरा (कैमोह) के रहने वाले हैं। इनके पास से सुरक्षा बलों ने दो पिस्तौल, दो मैगजीन और पिस्तौल की 25 गोलियां बरामद की हैं।




## पहलगाम आतंकी हमले के बाद डोडा में पुलिस की 13 स्थानों पर छापेमारी

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई का उद्देश्य आतंकियों के ठिकानों का भंडाफोड़ करना और आतंकी गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करना था। इससे पहले श्रीनगर पुलिस ने भी आतंकवादी संगठनों के ओवर ग्राउंड वर्करों और सहयोगियों के ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया था। ये छापेमारी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की जांच के सिलसिले में की गई थी। पुलिस के अनुसार श्रीनगर में 63 व्यक्तियों के घरों पर कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में छापेमारी की गई। तलाशी अभियान का उद्देश्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण आदि जब्त करना था, ताकि किसी भी षड्यंत्रकारी या आतंकवादी गतिविधि का समय रहते पता लगाया जा सके और उसे रोका जा सके। इधर, कटरा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का पर्यटन पर भी बड़ा असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि जम्मू क्षेत्र में पर्यटन बुकिंग में करीब 35 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। वजीर ने कहा कि हमारे आकलन के अनुसार अब तक लगभग 35 से 37 प्रतिशत बुकिंग रद्द हो चुकी हैं।

### पहलगाम आतंकी हमले में मृत बितन अधिकारी की पत्नी से एनआईए ने की पूछताछ

**कोलकाता।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पश्चिम बंगाल के तीन पर्यटकों की हत्या मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को मृत बितन अधिकारी की पत्नी सोहिनी अधिकारी से पूछताछ की। देर शाम तक उनके बयान लिए गए, जिससे केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने रिकॉर्ड किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एनआईए की तीन सदस्यीय टीम रविवार शाम को कोलकाता के दक्षिणी छोर स्थित पाटुली में अधिकारी के पैतृक आवास पहुंची और लगभग तीन घंटे तक सोहिनी से बातचीत की। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान सोहिनी से कश्मीर यात्रा के दौरान पहलगाम पहुंचने से पहले गए स्थानों के बारे में जानकारी ली गई। एनआईए अधिकारियों ने हमले के दौरान की घटनाएं और देखे गए संदिग्ध आतंकवादियों की संख्या और पूरे घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी जुटाई। उल्लेखनीय है कि हमले के वक्त बितन अधिकारी के साथ उनकी पत्नी सोहिनी और तीन वर्षीय बेटा हृदान भी मौजूद थे।



# बिहार के अररिया के शेखपुरा गांव के नीतीश कुमार बने जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष

## फोर्ब्सगंज में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से 12 वीं तक पढ़े

- बीएचयू से पॉलिटिकल साइंस में किए बीए
- मास्टर डिग्री के लिए जेएनयू में प्रवेश लिए

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय ( जेएनयू ) छात्रसंघ चुनाव में कांटे की टक्कर में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन व डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फ्रंट के वामपंथी गठबंधन ने केंद्रीय पैनल के चार में से तीन पदों पर जीत हासिल की। एबीवीपी ने एक पद जीता। आइसा के नीतीश कुमार को जेएनयूएसयू अध्यक्ष घोषित किया गया, डीएसएफ की मनीषा उपाध्यक्ष चुनी गईं, डीएसएफ की ही मुन्तेहा ने महासचिव पद जीता और एबीवीपी के वैभव मीना जॉइंट सेक्रेटरी चुने गए। नीतीश कुमार का एजेंडा बिल्कुल क्लियर है।उनका कहना है- 'पहली चीज जिस पर मैं काम करूंगा, वह है जेएनयू में ज्यादा फंडिंग लाने के लिए दबाव डालना। पिछले कुछ सालों में फंडिंग में बहुत कटौती हुई है। मैं यूनिवर्सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर को सही बनाने के लिए बहुत काम करूंगा। हम एंट्री के लिए जेएनयूईई एग्जाम को फिर से लाने सीपीओ मैनुअल को खत्म करने की दिशा में भी काम करेंगे और फीमेल स्टूडेंट्स को सेकंड ईयर में ही सिंगल-सीटर आवास मिलने के लिए दबाव डालेंगे।' कुमार स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सेंटर फॉर पॉलिटिकल स्टडीज में थर्ड ईयर के छात्र हैं।यूनाइटेड लेफ्ट पैनल की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक, 'नीतीश कुमार अपने साथ भारत के उत्पीड़ित समुदायों के अनुभव लेकर चलते हैं।' बिहार के अररिया जिले के शेखपुरा में एक साधारण ओबीसी परिवार से आने वाले कुमार खेती की मुश्किलों के बीच पले-बढ़े हैं। नीतीश कुमार के पिता एक किसान हैं और उनकी मां एक गृहिणी हैं। वामपंथी पैनल के बयान में कहा गया है कि फोर्ब्सगंज में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान उन्होंने पहली बार शैक्षणिक संस्थानों में घुसपैठ करने वाले सांप्रदायिकता की भयावह प्रकृति को देखा और समझा। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पॉलिटिकल साइंस में बीए पूरा करने के बाद कुमार ने 2020 में मास्टर डिग्री के लिए जेएनयू में एंट्री की। वह कोरोना काल के दौरान 2021 में जेएनयू को फिर से खोलने वाले आंदोलन के एक खास चेहरा रहे थे। अगस्त 2023 में उन्होंने हॉस्टल संकट का हल निकालने की मांग करते हुए 16 दिनों की भूख हड़ताल की। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन जेएनयू इकाई के सचिव के तौर पर कुमार ने फेलोशिप का अमाउंट बढ़ाने और एंट्रेंस एग्जाम को बहाल करने का अभियान चलाया।

### बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए फिरोजपुर रवाना हुई पत्नी

**कोलकाता।** पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के चलते हिरासत में लिए गए बीएसएफ जवान पूर्णम साव की पत्नी रजनी साव सोमवार को फिरोजपुर के लिए रवाना हो गईं। वह वहां वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपने पति की वापसी को लेकर जानकारी हासिल करने की कोशिश करेंगी। रजनी जो गर्भवती हैं, अपने बेटे और तीन अन्य परिजनों के साथ पहले कोलकाता से चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरेंगी और फिर सड़क मार्ग से फिरोजपुर पहुंचेंगी।

## भारत ने पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने के आरोप में पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिनके कुल 63 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। यह प्रतिबंध गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद लगाया गया है और इसमें प्रमुख समाचार आउटलेट और पत्रकार शामिल हैं। प्रतिबंधित किए गए प्लेटफॉर्म में समाचार आउटलेट डॉन, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, जियो न्यूज और सुनो न्यूज के यूट्यूब चैनल शामिल हैं। पत्रकार इरशाद भट्टी, अस्मा शिराजी, उमर चीमा और मुनीब फारूक के यूट्यूब चैनल भी प्रतिबंधित किए गए हैं। जिन अन्य हैंडल पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें द पाकिस्तान रेफरेंस, समा स्पोर्ट्स, उजैर क्रिकेट और रजी नामा शामिल हैं।

इसके साथ सरकार ने बीबीसी को भी उस शीर्षक पर चेतावनी दी है, जिसमें लिखा था, "पाकिस्तान ने कश्मीर में पर्यटकों पर हुए घातक हमले के बाद भारतीयों के लिए वीजा निलंबित कर दिया है।

# मिनी हार्ट अटैक से भी रहें सावधान



- विश्व में हर वर्ष 1.79 करोड़ लोग हार्ट की बीमारी से मरते हैं
- हर पांच में से 4 मौतें दिल के दौरे के कारण होती हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** खराब खानपान, ज्यादा तनाव, अस्वस्थ जीवन शैली के कारण हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोविड के बाद तो बुजुर्गों के साथ-साथ युवा भी हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी का शिकार बन रहे हैं। बड़ी समस्या यह है कि लोगों को मिनी हार्ट अटैक भी हो रहा है। यदि इसके प्रारंभिक लक्षणों को पहचानकर समय पर इलाज न किया जाए, तो यह आगे चलकर बड़ा हार्ट अटैक बन सकता है। कई बड़े अस्पतालों के चिकित्सकों का कहना है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 17.9 मिलियन लोग हार्ट की बीमारी से मरते हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि हर पांच में से 4 मौतें दिल के दौरे के कारण होती हैं। दिल का दौरा अचानक और एकदम आता है, लेकिन दिल का दौरा पड़ने से पहले शरीर कुछ संकेत देता है। समय रहते इनका पता लगाकर आप अपनी जान बचा सकते हैं।मिनी हार्ट अटैक को मेडिकल भाषा में अक्सर NSTEMI (नान एस टी एलिवेशन मायोकार्डियल इनफ्रेक्शन ) कहा जाता है। इसमें हार्ट को खून की सप्लाई थोड़ी देर के लिए बाधित होती है, लेकिन पूरी तरह ब्लॉकेज नहीं होता। हालांकि, यह हार्ट अटैक जैसा ही महसूस हो सकता है, लेकिन इसके लक्षण हार्ट अटैक की तरह लंबे समय तक नहीं रहते हैं। यह केवल कुछ मिनटों तक रहता है और हार्ट अटैक जैसे लक्षण पैदा करता है, लेकिन हार्ट की मांसपेशियों को स्थायी नुकसान नहीं पहुंचाता है। अन्य प्रकार के हार्ट अटैक की तुलना में इसका प्रभाव कम हो सकता है, लेकिन यह अभी भी एक गंभीर स्थिति है।

### लक्षण

- सीने में हल्का दबाव या जलन
- सांस लेने में दिक्कत
- बेचैनी व थकान
- मतली व चक्कर आना

मिनी हार्ट अटैक में सीने में हल्का दबाव या फिर छाती के बीच में हल्का दर्द, दबाव या भारीपन महसूस हो सकता है। वैसे यह दर्द कुछ मिनटों तक रह सकता है , फिर चला भी जा सकता है। मिनी हार्ट अटैक की स्थिति में सांस लेने में दिक्कत महसूस होती है, तो आमतौर पर लोग समझते हैं कि काम करने से या फिर ज्यादा चलने के चलते सांस लेने में दिक्कत हो रही है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि ये मिनी हार्ट अटैक की तरफ इशारा कर सकते हैं।बिना अधिक मेहनत के भी थकान महसूस होना या अचानक कमजोरी महसूस होना भी मिटी हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।आमतौर पर कामकाज की भागदौड़ में लोगों को मतली व चक्कर आ जाता है और लोग समझते हैं कि ज्यादा मेहनत करने के चलते ऐसा हो रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। इस तरह के लक्षण अगर आपको दिखाई दे रहे हैं तो ये मिनी हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं।इसलिए आपको किसी विशेषज्ञ से इसके बारे में बताकर जांच व उपचार शुरू कर देना चाहिए।

### यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत

**सना (आईएएनएस)।** यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर हाल में हुए अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। हूती-संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी साझा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। उत्तरी सना के बानी अल-हरिथ जिले में अमेरिकी लड़ाकू विमानों की बमबारी में तीन घरों के मलबों में दबे लोगों की तलाश बचाव दल द्वारा की जा रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने बताया कि रविवार को पूरे उत्तरी यमन में राजधानी सहित कई स्थानों पर लगभग 20 अमेरिकी हवाई हमले किए गए। दावा किया गया कि इस हवाई हमले में दक्षिणी और उत्तरी सना में दो घरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें कथित तौर पर दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पहले कहा था कि हूती नेतृत्व को टारगेट करने के उद्देश्य से यह हमला था। 15 मार्च को वाशिंगटन की ओर से यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले फिर से शुरू करने के बाद से हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तेजी से बढ़ गया है।

# हम जब 1947 में उनके साथ (पाकिस्तान) नहीं गए तो फिर आज क्यों जाएंगे?

- कश्मीरियों ने 1947 में द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था और कहा था कि उनका क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नहीं जाएगा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत से देश के लोग गमगीन व ग़ुस्से में हैं।विश्व के बड़े नेताओं ने भी इस हमले की निंदा की है। इस दौरान जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा, "हम पाकिस्तान की इस गलतफहमी को दूर करना चाहते हैं कि इन हरकतों से हम पाकिस्तान चले जाएंगे। हम जब 1947 में उनके साथ नहीं गए तो फिर आज क्यों जाएंगे? अब्दुल्ला ने कहा कि हम दो राष्ट्र सिद्धांत आज भी मानने को तैयार नहीं है। हम इससे कमजोर नहीं बल्कि मजबूत हो रहे हैं। मैं पहले हमेशा चाहता था कि बातचीत हो मगर हम उन पीड़ितों के परिवारों से क्या कहेंगे कि हम बातचीत कर रहे हैं? क्या बातचीत करना इंसाफ है?" जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि कश्मीरियों ने 1947 में द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था और कहा था कि उनका क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नहीं जाएगा।




**कहानी फिल्म जगत की**

# बॉस फेम अंकित गुप्ता ने खरीदी लकजरी रेंज रोवर

टेलीविजन के दिल की धड़कन अंकित गुप्ता, जिन्हें उडारियां और बिग बॉस 16 में उनकी लोकप्रिय भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, ने अपने कलेक्शन में एक शानदार नई कार शामिल की है। अभिनेता, जिनके बहुत सारे प्रशंसक हैं और जो नियमित रूप से अपने दर्शकों को सोशल मीडिया पर अपने निजी और पेशेवर जीवन की झलकियां दिखाते हैं, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम उपलब्धि साझा की - एक नई रेंज रोवर की खरीद। पेशेवर उपलब्धियों से लेकर निजी जीवन तक, अंकित नियमित रूप से अपने दोस्तों और अनुयायियों के साथ सोशल मीडिया पर अपनी रोजमर्रा की घटनाओं को साझा करते हैं, जिससे उनके प्रशंसक उनके अकाउंट से चिपके रहते हैं।



अंकित की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है, उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार रेंज रोवर की तस्वीरें साझा की हैं। अंकित गुप्ता एक सफेद डिजाइनर शर्ट, नीली डेनिम और एक मैन बन में शानदार लग रहे थे, जबकि उन्होंने अपनी नई लग्जरी कार के साथ कूल पोज दिए। अपने प्रशंसकों के साथ खुशी के पल साझा करते हुए, अंकित ने लिखा, घर में स्वागत है ! मैं अपने दिल की गहराइयों से उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूँ, जिन्होंने मुझे यहाँ तक पहुँचने में मदद की (मेरे सभी प्रशंसक, दोस्त और परिवार)। पोस्ट की गई तस्वीर में अंकित फूलों की मालाओं से सजी अपनी रेंज रोवर की बोनट को चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसे देखकर प्रशंसक 'वाह' कह रहे हैं। खरीदी गई गाड़ी की अनुमानित कीमत करीब 2.40 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार, अगर मुंबई में लैंड रोवर रेंज रोवर खरीदा जाता है, तो इसकी ऑन-रोड कीमत करीब 2.40 करोड़ रुपये से शुरू होकर 4.98 करोड़ रुपये तक होती है। रिपोर्ट के अनुसार, बेस मॉडल, रेंज रोवर 3.0 I डीजल LWB HSE की कीमत 2.40 करोड़ रुपये से शुरू होती है, जबकि टॉप-एंड मॉडल, रेंज रोवर 4.4 I पेट्रोल LWB SV की कीमत 4.98 करोड़ रुपये है। जैसे ही पोस्ट ऑनलाइन शेयर की गई, यह प्रशंसकों और फॉलोअर्स के बीच वायरल हो गई।



# प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य सरकार सक्रिय

## भारतीय दूतावास एवं विदेश मंत्रालय को तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा ईमेल

**नवीन मेल संवाददाता**



### प्रवासी मजदूर जिनका हुआ अपहरण

1. फलजीत महतो (पिता - नारायण महतो, पासपोर्ट सं. W7735287)
2. राजू कुमार (पिता - फागु महतो, पासपोर्ट सं. R6801714)
3. चंद्रिका महतो (पिता - शंकर महतो, पासपोर्ट सं. X7456752)
4. संजय महतो (पिता - जागेश्वर महतो, पासपोर्ट सं.




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नाइजर में प्रवासी मजदूरों के अपहरण पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्रालय एवं भारतीय दूतावास को मेल कर पांचों श्रमिकों की सकुशल वापसी के प्रयास तेज कर दिए हैं। विदित हो कि 27 अप्रैल को पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को ग्राम दोन्दलो एवं मुंडरो (थाना बगोदर, जिला गिरिडीह) के पांच प्रवासी श्रमिकों के अपहरण एवं गायब होने की सूचना दी थी। प्रवासी मजदूरों के नाम और उनके पासपोर्ट का जिक्र करते हुए त्वरित सकुशल वापसी हेतु कार्रवाई की मांग की गई थी। सभी श्रमिक नाइजर (दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र) में ट्रांसमिशन लाइन के क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी के केपीटीसी प्रोजेक्ट में कार्यरत थे।

25 अप्रैल को कुछ हथियारबंद लोगों द्वारा इन पांचों श्रमिकों का अपहरण कर लिया गया, और अपहरण के बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है एवं परिजनों ने चिंता व्यक्त की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रोजेक्ट हेड/कंट्री मैनेजर से संपर्क कर घटना की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। जानकारी अनुसार, सभी श्रमिक कंपनी साइट से 25–30 किमी दूर तेलाबारी क्षेत्र में कार्यरत थे। यह पूरी तरह से एक मिलिट्री ऑपरेशन था, जिसमें कुल 26 स्थानीय एवं 12 अन्य देशों के श्रमिक शामिल थे। इस घटना में 12 लोगों की मृत्यु की भी सूचना मिली है। वहाँ की कंपनी, गवर्नर कार्यालय, भारतीय राजदूत एवं भारतीय दूतावास इस मामले पर सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने दिनांक 28/04/2025 को मामले का सत्यापन करते हुए प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स, रांची, भारतीय दूतावास तथा विदेश मंत्रालय को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु ईमेल भेजा है तथा पाँचों श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही का अनुरोध किया है। आज भारतीय दूतावास व कंपनी से दुबारा कण्ट्रोल रूम की बातचीत व ईमेल द्वारा सूचना दी गयी है कि भारत के नाइजर स्थित दूतावास को दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी है और नागरिकों की सुरक्षित एवं शीघ्र रिहाई के लिए वह संबंधित नाइजीरियाई अधिकारियों के साथ इस मामले को उठा रहा है।

### कोडरमा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, बोले डॉ इरफान

# मॉड्यूलर ओटी से झारखंड में स्वास्थ्य क्रांति की नई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/कोडरमा।** अस्पताल की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार राशि की कोई कमी नहीं होने देगी। व्यवस्था से किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को जिले में ही बेहतरीन इलाज मिले और रेफर करने की मजबूरी खत्म हो। यह बात उन्होंने कोडरमा सदर अस्पताल में औचक निरीक्षण के क्रम में कहा। उन्होंने पूरे अस्पताल में घूमकर स्वास्थ्य सुविधा का जायजा लिया। मौके पर अनेक मरीजों से मिले और उनकी तकलीफों को समझा। मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का उद्घाटन करते हुए उन्होंने रेफर करने की मजबूरी को दूर करने की बात कही। वे खुद एप्रोन पहनकर ऑपरेशन थिएटर में प्रवेश किये और डॉक्टरों की टीम के साथ मिलकर सर्जिकल प्रक्रिया में सहयोग किया। मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर दवाइयों की उपलब्धता की जांच की और आश्वस्त हुए कि अस्पताल में सभी जरूरी दवाएँ भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। मौके पर कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज भी मौजूद रहीं।

## छवि रंजन के पक्ष में ट्रायल कोर्ट में वकील ने दिया आवेदन



**रांची।** सेना ज़मीन मामले पर करीब 2 वर्षों से ज्यादा समय से जेल मे बंद आईएएस अधिकारी छवि रंजन के वकील ने ट्रायल कोर्ट में अविश्वास दस्तावेजों (यूआरडी) की सूची दायर करने के लिए अभियोजन (ईडी) को निर्देशित करने के लिए आवेदन दिया। निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से उनके वकील ने ट्रायल कोर्ट में एक आवेदन दायर किया है, जिसमें ईडी से अविश्वास दस्तावेजों की पूरी सूची प्रस्तुत करने का निर्देश देने की मांग की है। यह आवेदन इस आधार पर दायर किया गया है कि ईडी ने पूर्व में कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, लेकिन वे अधूरे और अपूर्ण थे। छवि रंजन पर आरोप है कि उन्होंने रांची के बरियातू रोड स्थित सेना की 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री में संलिप्तता दिखाई। इस मामले में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है और आरोप पत्र भी दाखिल किया है। हालांकि, छवि रंजन की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी है,उनके वकील का कहना है कि ईडी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कई महत्वपूर्ण जानकारियां और प्रमाण गायब हैं, जिससे छवि रंजन की रक्षा में बाधा उत्पन्न हो रही है। उक्त जानकारी छवि रंजन के अधिवक्ता ने दी है।

## स्मार्ट सिटी को और भी स्मार्ट बनाने की दिशा में होगा काम : सुदिव्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड और ग्रेटर राँची डेवलपमेंट अथॉरिटी की समीक्षा बैठक। इस बैठक में मंत्री ने कहा कि स्मार्ट सिटी के अधिष्ठापित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की उपयोगिता को बढ़ाते हुए पूरे रांची शहर और नव निर्मित एबीडी (एरिया बेस्ड डेवलपमेंट) क्षेत्र की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही, एबीडी क्षेत्र के रख-रखाव की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाया जाए ताकि स्मार्ट सिटी का स्मार्टनेस बरकरार रहे। सोमवार को नेपाल भवन स्थित कार्यालय कक्ष में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड की योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री श्री कुमार ने स्मार्ट सिटी क्षेत्र में जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, प्लॉट म्यूटेशन, स्ट्रीट लाइट ऑटोमेशन सहित विभिन्न पहलुओं पर भी विशेष निर्देश दिए।

### धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से नाबालिग की मौत

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से 15 वर्षीय नाबालिग ऋषि कुमार उर्फ गोलू की मौत हो गई। वह न्यू पुंदाग सेल सिटी निवासी धर्मेंद्र शाह का पुत्र था। गोलू अपने चार दोस्तों के साथ रविवार की दोपहर धुर्वा डैम घूमने गया था। इसी बीच सभी दोस्त नहाने के लिए धुर्वा डैम में उतर गए और गोलू गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, परंतु वे उसे बचा नहीं सके। शव की तलाश में सोमवार की सुबह आठ बजे एनडीआरएफ की टीम धुर्वा डैम में उतरी और पांच घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर एक बजे शव को पानी से बाहर निकाला। शव को नगड़ी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ऋषि कुमार उर्फ गोलू सेल्स ब्वॉय का काम करता था। वहीं पिता किसी निजी फर्म में छोटा-मोटा काम करते हैं।

### झारखंड में लव जिहाद के खिलाफ भाजपा ने की सख्त कानून बनाने की मांग

**रांची।** राज्य में एक इंटरमीडिएट छात्रा के कथित धर्म परिवर्तन और विवाह के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ ने झारखंड सरकार से 'लव जिहाद' के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की है। महिला अपराधों में वृद्धि पर चिंता : राफिया नाज़ ने कहा कि झारखंड में महिला अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड में महिला अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में 12% की वृद्धि दर्ज की गई है। 'लव जिहाद' पर रोक के लिए कानून जरूरीः उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा जैसे भाजपा शासित राज्यों में 'लव जिहाद' के विरुद्ध बनाए गए सख्त कानूनों से ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगी है। झारखंड में भी इसी प्रकार के कानून की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं के खिलाफ होने वाले इस प्रकार के अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके। मुख्यमंत्री से जांच और सख्त कार्रवाई की मांग : राफिया नाज़ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों को कठोर सजा दिलवाने की मांग की है।

## ई-कोर्ट सर्विसेज से ई-फाईलिंग सुविधा चलेगी सुचारू रूप से : दिवाकर पांडे

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमिटि एवं न्यायिक अकादमी झारखंड के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, रांची के द्वारा सोमवार को मीटिंग हॉल, व्यवहार न्यायालय रांची में अधिवक्ताओं के क्लर्क के लिए ई-कोर्ट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एस.एस. फातमी, एजेसी-15, अमित शेखर, निबंधक प्रशांत कुमार वर्मा, रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही समेत रांची जिला बार एसोसिएशन के अन्य निर्वाचित सदस्य एवं अधिवक्तागण तथा रांची व्यवहार न्यायालय के डीएसए भास्कर एवं साजिद रिसोर्स पर्शन के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मंचासीन सभी गणमान्य अतिथियों व रिसोर्स पर्शन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्यवहार न्यायालय, रांची के निबंधक-सह-न्यायिक दंडाधिकारी, प्रशान्त कुमार वर्मा के द्वारा किया गया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय कुमार व्रिदोही ने कहा कि आज के समय में अधिवक्ताओं की निर्भरता ई-कोट-ऐप में हो चुकी है। अगर थोड़े समय के लिए ई-कोर्ट सर्विस बाधित होता है, तो हम अधिवक्तागण परेशान हो जाते है अपने मुकदमों से संबंधित जानकारी को देख नहीं पाते है। उन्होंने कहा कि इस एप में ई-कोर्ट में प्रतिदिन न्यायालय के मुकदमों के कार्यों व आदेशों का संक्षिप्त विवरण ऐप में अपलॉड किया जाना चाहिए।

न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि आज के समय में कोई भी व्यक्ति मोबाईल के बिना ज्यादा समय तक नहीं रह सकता है। ई-कोर्ट सर्विस में लगातार बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। आनेवाले समय में ई-कोर्ट सर्विसेज से ई-फाईलिंग, ई-पेमेन्ट इत्यादि सुविधा सुचारू रूप से चलेगी। आनेवाले समय में आईसीजेएस की सुविधा सुचारू रूप से कार्यान्वित होनेवाली है, जिससे सभी अधिवक्ता, मुवक्किल, न्यायिक पदाधिकारी तथा आम जनता को लाभ होगा।

अमित शेखर ने कहा कि आनेवाला समय में ई-कोर्ट का जरूरत सभी वरीय व कनीय अधिवक्ताओं सहित आम व्यक्तियों के लिए होगा और वह आसानी से उसका उपयोग कर सकेंगे। दिनों-दिन ई-कोर्ट सर्विसेज को अपडेट किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि अधिवक्ताओं व उनके क्लर्क को विभिन्न सत्रों में ई-कोर्ट, ई-फाईलिंग एवं ई-पेमेंट का प्रशिक्षण व्यवहार न्यायालय, रांची के डीएसए भास्कर एवं साजिद के द्वारा दिया गया।

### अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़ी कार में मारी टक्कर



**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर गेट 4 के पास नशे में धुत होकर कार चला रहे तीन युवकों ने सड़क किनारे खड़ी एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना रविवार रात की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जैसे ही उनकी कार रोड नंबर चार के पास पहुंची, वह अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गयी। इस दुर्घटना में दोनों कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयीं। हादसे के बाद, तीनों युवक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों कारों को जब्त कर लिया और अब इस मामले की जांच की जा रही है।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह 11 मई को

**रांची।** 11 मई 2025 को आर्यभट्ट सभागार में कलिंगा भारती फाउंडेशन धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती समारोह आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम के लिए बिरसा मुंडा के वंशजों को आमंत्रित करने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक डॉ. राजाराम महतो उलिहातू ग्राम पहुंचे। जहां उन्होंने बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात कर आमंत्रित किया। वहीं निवेदन किया कि आप बिरसा मुंडा जयंती समारोह में उपस्थित हो। साथ ही उन्होंने भी सपरिवार आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. महतो ने बिरसा मुंडा के वंशज उनके पोता- परपोता और उनके पत्नियों को चादर, साड़ी-धोती देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनके जो अधूरे सपने हैं उसे झारखंड व केंद्र सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। मौके पर बिरसा मुंडा के मूर्ति पर पूजा किया । साथ में धनंजय महतो, राजकुमार महतो, नीरज महतो, अशोक महतो, उपस्थित थे। ज्ञात हो क बिरसा मुंडा जयंती समारोह 11 मई 2025 को ऐतिहासिक रूप से होगा जिसमें बिरसा मुंडा के सामाजिक - सांस्कृतिक परिचय और इसके आंदोलन के रूप रेखा पर तमाम चीजों पर विचार विमर्श होगा। इसके बाद बिरसा मुंडा के वंशजों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड के कला - संस्कृति मुंडारी गीत, कुरमाली गीत, संथाली गीत और भी तरह के कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जाएगा और सभी का मन भाव को देखते हुए झारखंड की अस्मिता यहां की भाषा संस्कृति की तरह किया जाएगा।

### सीयूजे व नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के बीच हुआ एमओयू

# समझौते से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा लाभ : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सीयूजे और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची के बीच शिक्षा और शोध पर एमओयू (समझौता) हुआ। सीयूजे के कुलपति, प्रो. क्षिति भूषण दास ने खुशी जताई और कहा कि इस समझौते से दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को एनईपी-2020 के तहत लाभ मिलेगा। एनयूएसआरएल के कुलपति प्रो. अशोक आर. पाटिल ने भी इस साझा प्रयास पर हर्ष जताया और राज्य के विद्यार्थियों के लिए एनईपी-2020 क्रियान्वयन पर मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय मिलकर एनईपी-2020 के संपूर्ण क्रियान्वयन पर कार्य करेंगे। जिसमें दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक अपने-अपने शोधपरक विशिष्ट ज्ञान को साझा करेंगे। साथ ही दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों के लाभ के लिए अपने विश्वविद्यालय के इतर व्याख्यान और विशिष्ट विषय आधारित पेपर पढ़ाएंगे। इसके अलावा दोनों विश्वविद्यालय साझा शोध, विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और साझा सेमिनार, कांफ्रेंस, और वर्कशॉप का आयोजन भी करेंगे। इस समझौते पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. क्षिति भूषण दास और प्रो. अशोक आर. पाटिल ने हस्ताक्षर किया। इस समझौते पर हस्ताक्षर झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, एम एस रामचंद्र राव, जस्टिस संजय प्रसाद और झारखंड के एडवोकेट जनरल, श्री राजीव रंजन के गरिमामयी उपस्थिति में हुई। सीयूजे की तरफ से कुलसचिव के कोसल राव और डीन- शोध एवं विकास प्रो. अरुण कुमार पाढ़ी भी मौजूद थे।

### टाटा लीज नवीकरण को लेकर सरयू राय भूमि सुधार व राजस्व सचिव से मिले, कहा

# टाटा स्टील समझौते के अनुसार नहीं देती सुविधाएं

- झारखंड सरकार 31 दिसंबर के पूर्व टाटा लीज नवीकरण पर करे ठोस निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को झारखंड सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के सचिव चंद्रशेखर के साथ उनके कार्यालय कक्ष में टाटा लीज समझौता नवीकरण के संबंध में सविस्तार चर्चा की। श्री राय ने उन्हें टाटा लीज समझौता 1985 और टाटा लीज नवीकरण समझौता 2005 के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और अनुरोध किया कि 31 दिसंबर 2025 को लीज समझौता समाप्त होने के पूर्व इस बारे में ठोस निर्णय हो जाना चाहिए। राजस्व सचिव चंद्रशेखर के अनुसार, इस बारे में एक समिति गठित हुई है जो सरकार के वस्तुस्थिति से अवगत कराएगी।

गौरतलब है कि टिस्को लिमिटेड के साथ बिहार सरकार ने अगस्त 1985 में 30 वर्ष के लिए पहला लीज समझौता किया था जो भूतलक्षी प्रभाव से 1956 से लागू माना गया। यह समझौता 31 दिसंबर 1995 को समाप्त हुआ। इसके पूर्व अगस्त 1995 में टिस्को लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक जेजे ईरानी ने राज्य सरकार को पत्र लिख कर लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया आरम्भ करने का अनुरोध किया था। कतिपय अपरिहार्य कारणों से लीज नवीकरण समझौता समय पर नहीं हो सका। इस बीच झारखंड अलग राज्य बन गया। लीज समझौता नवीनीकरण की प्रक्रिया आरम्भ हुई पर तत्कालीन राजस्व मंत्री स्वर्गीय मधु सिंह द्वारा संचिका में लीज समझौता उलंघन और टाटा स्टील लिमिटेड पर भारी बकाया राशि का उल्लेख संचिका में कर दिए जाने के कारण लीज नवीनीकरण में विलंब हुआ। अंततः अगस्त 2005 में 30 वर्ष के लिए टाटा लीज नवीकरण समझौता हुआ जो भूतलक्षी प्रभाव से 1 जनवरी 1996 से लागू माना गया। यह समझौता 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। श्री राय ने बताया कि राजस्व सचिव के साथ हुई वार्ता में टाटा लीज समझौता की इस पृष्ठभूमि पर भी चर्चा हुई।

## पेज एक के शेष

### आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक...

एनआईए इस मामले की गहन जांच में जुटी है। इस बीच, रक्षा और सुरक्षा से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की बैठकों का दौर भी जारी है। यह बैठकें आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित हैं। रक्षा मंत्री ने आज प्रधानमंत्री आवास पर 40 तक चली मुलाकात में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री से रक्षा मंत्री की यह मुलाकात 24 घंटे के अंदर दूसरी बार हुई है। प्रधानमंत्री को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रीफिंग ऐसे समय में हो रही है, जब भारत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के पीछे के लोगों को दंडित करने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। आज भी राजनाथ सिंह ने सेना की ओर से लिए गए प्रमुख निर्णयों पर चर्चा करने के लिए चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुखों से अलग-अलग बैठकें की। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने आज चौथी बार जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 'बिना उकसावे' के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना ने 27-28 अप्रैल की रात जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार पाकिस्तानी सेना की बिना उकसावे के छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया। इससे पहले, भारतीय सेना ने 26-27 अप्रैल की रात नियंत्रण रेखा पर तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

**रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक भी हुई :** सोमवार की शाम को रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक संसद भवन के एनेक्सी में हुई। बैठक में स्थायी समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। बैठक में कई सांसदों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिसमें देश की रक्षा नीतियों और सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। यह समिति रक्षा मंत्रालय के कामकाज, बजट आवंटन और सैन्य तैयारियों की समीक्षा करती है। हाल के वर्षों में इस समिति की बैठकों में कई अहम मुद्दे उठाए गए हैं। इस बार की बैठक के एजेंडे के बारे में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन यह बैठक देश की सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### राष्टपति ने 71 हस्तियों को...

की तरफ से उनकी पत्नी फरीदा पंकज उधास ने राष्ट्रपति से पुरस्कार ग्रहण किया। इनके अलावा, पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण पुरस्कार मिला। गायिका जसपिंदर नरूला को कला के क्षेत्र में और क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध वैदिक विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ को भी पद्म श्री पुरस्कार मिला। उन्होंने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भूमि पूजन का शुभ समय तय किया था। वैदिक संस्कृति और आध्यात्मिकता पर अपने लेखन के लिए जाने जाने वाले अमेरिकी लेखक और शोधकर्ता स्टीफन नैप को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति से पद्म श्री पुरस्कार मिला। ज्ञात हो कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। हर साल ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, उद्योग, चिकित्सा और साहित्य जैसे कई क्षेत्रों में समाज के लिए सकारात्मक योगदान के लिए दिए जाते हैं।

### झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता...

नवंबर को एक बार फिर अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी के रूप में बहाल कर दिया था। इसके बाद 2 फरवरी, 2025 को सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में उन्हें नियमित पुलिस महानिदेशक बनाया गया। इस अधिसूचना में कहा गया था, इस पद पर अनुराग गुप्ता का कार्यकाल 'महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड (पुलिस बल प्रमुख) का चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2025' के नियम 10 (1) के अनुरूप होगा। इस नियमावली में डीजीपी का कार्यकाल 2 वर्ष निर्धारित है। ज्ञात हो कि अनुराग गुप्ता को नियमित डीजीपी बनाए जाने के खिलाफ झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर रखी है। झारखंड हाईकोर्ट ने 24 मार्च को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और यूपीएससी सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया था। इस मामले में कोर्ट में अगली सुनवाई 19 जून को निर्धारित है।

# गुजरात ने राजस्थान को दिया 210 रनों का टारगेट

## गिल ने खेली 84 रनों की तूफानी पारी



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 47वें मैच में आज गुजरात टाइटन्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। इस मैच में टॉस जीतकर राजस्थान की टीम ने गुजरात को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

**एजेंसी। जयपुर**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 47वें मैच में आज गुजरात टाइटन्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। गुजरात टाइटन्स की नजरें इस मुकाबले को जीतकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने पर होंगी, जबकि राजस्थान रॉयल्स अपना सम्मान बचाने के इरादे से मैदान में उतरी है। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद शानदार रही। शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने हर गेंदबाज को आड़े हाथों लिया। गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी की और 29 गेंद में अर्धशतक जमा लिया। दूसरे छोर से सुदर्शन ने भी छक्के-चौकों की बारिश की। 10 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 92-0 था। 11वें ओवर में गुजरात को पहला झटका लगा जब साई सुदर्शन को तीक्ष्णा ने आउट किया। सुदर्शन ने 39 रनों की पारी खेली। इसके बाद बटलर और गिल ने मोर्चा संभाला। दोनों ओर से आतिशी बल्लेबाजी हुई। 15 ओवर में गुजरात का स्कोर 150 के पार चला गया था। 17वें ओवर में गिल का विकेट गिरा। गिल ने 50 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली। इसके बाद बटलर ने भी फिफ्टी जड़ी। जिसके दम पर गुजरात ने राजस्थान के सामने 210 रनों का टारगेट रखा। गुजरात टाइटन्स इस समय अंक तालिका में दूसरे नंबर पर काबिज है। उन्होंने अब तक आठ मुकाबलों में से छह जीते हैं और केवल दो बार हार का सामना किया है। अब प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें महज दो और जीत की जरूरत है। गुजरात की टीम इस समय हर विभाग में मजबूत दिखाई दे रही है, चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी। वहीं, राजस्थान रॉयल्स के लिए यह सीजन निराशाजनक रहा है। 9 में से 7 मुकाबले हारने के बाद वे प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुके हैं। टीम को अब अपने बचे हुए मैचों में सम्मान बचाने के लिए खेलना है। यशस्वी जायसवाल, रियान पराग और नीतीश राणा ने बीच-बीच में अच्छी पारियां खेली हैं, लेकिन टीम को मैच जिताने वाला प्रदर्शन नहीं मिल पाया।



## पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में बैन किए गए शोएब अख्तर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों शोएब अख्तर और बासित अली के यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिर्फ इन्हीं के चैनल नहीं, बल्कि पाकिस्तान के 16 अन्य यूट्यूब चैनल भी भारत में बैन कर दिए गए हैं। इन चैनलों पर भड़काऊ और समुदायों के बीच तनाव फैलाने वाली सामग्री दिखाने, भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक बातें फैलाने का आरोप है। यह कार्रवाई भारत सरकार ने गृह मंत्रालय की सिफारिश पर की है। अब जब भारत में इन चैनलों को सर्च किए जाता है, तो यूट्यूब पर एक संदेश आता है- "यह सामग्री इस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी सरकारी आदेश के कारण उपलब्ध नहीं है। बैन के बाद अब भारत में शोएब अख्तर के चैनल का कोई भी वीडियो नहीं देखा जा सकता। उनके चैनल को भारत में काफी फॉलो किया जाता रहा है। जिन अन्य चैनलों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें शामिल हैं। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

## 29 अप्रैल से शुरू होगा अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट

### बांग्लादेश एयरफोर्स की टीम भी लेगी हिस्सा

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)**




मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 के छठे संस्करण की शुरुआत मंगलवार से होगी। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर एयर मार्शल बीके गर्ग शामिल होंगे, जबकि समापन पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के शिरकत करने की उम्मीद है। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "हॉकी टूर्नामेंट कल (मंगलवार) से शुरू होगा, जो 6 मई तक चलेगा। एओसीएनसी, मेंटेनेंस कमांड, एयर मार्शल वी.के. गर्ग टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। यह टूर्नामेंट लीग स्टेज में राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा, उसके बाद नॉकआउट राउंड भी होंगे। फाइनल मैच 6 मई को होगा। उम्मीद है कि टूर्नामेंट के समापन समारोह में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वह फाइनल जीतने वाली टीम और रनर अप टीम को पुरस्कार भी देंगे।

## ऐतिहासिक जीत : लिवरपूल ने जीता 20वां इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रीमियर लीग 2024-25 में लिवरपूल ने रविवार को टोटेनहम हॉटस्पर के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच खेलते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही पॉइंट टेबल में वह नंबर वन पर पहुंच कर खिताब अपने नाम किया। लिवरपूल का यह 20वां खिताब है। इसके साथ ही सबसे ज्यादा यह खिताब हासिल करने वाले मैनचेस्टर यूनाइटेड की बराबरी की। लिवरपूल ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद मैच में वापसी की पहले हाफ में लिवरपूल शुरुआत में पिछड़ कर मैच में वापसी की। 12वें मिनट में



ही टोटनहम की ओर से डोमिनिक सोलांके ने जेम्स मैडिसन के कॉर्नर से शानदार हेडर गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी।

लेकिन लिवरपूल ने महज चार मिनट बाद लुईस डियाज के गोल से बराबरी हासिल कर ली। लुइस डियाज ने डोमिनिक स्जोबोस्लाई के क्रॉस पर गोल कर दिया, लेकिन रेफरी ने ऑफसाइड करार दिया। हालांकि, रिव्यू में गोल को सही पाया गया जिससे स्कोर 1-1 से बराबर हुआ। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 24वें मिनट में शानदार गोल कर लिवरपूल को 2-1 से बढ़त दिला दी। फिर कोडी गाकपो ने तीसरा गोल दागकर लिवरपूल को हाफ टाइम तक 3-1 से आगे कर दिया।

## भारत एएफसी अंडर-20 महिला कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में तैयार

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 क्वालिफायर के ग्रुप डी में रखा गया है। भारत के साथ इस ग्रुप में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान की टीमें भी हैं। यह ड्रॉ मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में सोमवार को निकाला गया। ग्रुप ए में पिछली बार की विजेता डीपीआर कोरिया, नेपाल, मेजबान भूटान, मंगोलिया और सऊदी अरब की टीमें आपस में भिड़ेंगी। ग्रुप बी में मेजबान वियतनाम के साथ किर्गिस्तान, हॉन्गकॉन्ग, चीन और सिंगापुर की टीमें शामिल हैं। ग्रुप सी में ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे, फिलिस्तीन और मेजबान ताजिकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी।

### झारखंड राज्य कबड्डी चैंपियनशिप शुरू

## प्रतिभा खिलाड़ी को आगे लाने के लिए हमेशा हम साथ में हैं : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में खूंटी जिला कबड्डी संघ के सहयोग से तीन दिवसीय 10वीं झारखंड राज्य बालक - बालिका कबड्डी प्रतियोगिता बिरसा कॉलेज खूंटी में शुरू हुआ। प्रतियोगिता में 21 जिलों के 39 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष आजसू सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि डॉ देवशरण भगत, प्रिंसिपल जे कुल्लू, प्रवीण प्रभाकर, संजय मेहता, रमेश भगत, विज्ञान सिंह, जयकांत कश्यप झंडोत्तोलन कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरू किया। मौके पर खिलाड़ियों ने बैंड के धुन में मार्च पास्ट किया एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। झारखंड राज्य कबड्डी संघ के महासचिव संजय कुमार झा ने आगुंतको का स्वागत किया एवं मंच का संचालन अध्यक्ष तपन रावत व हरीश कुमार सिंह ने किया। खूंटी जिला के अध्यक्ष गुलाब महतो और सचिव शिव कुमार महतो, अजय महतो, ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ राजेश कुमार गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सुषमा नाग संतोष प्रसाद सुमित महतो, अजय महतो, सुनील कच्छप,मनोज कुमार, शिवा जधेल, तिलक राम साहू, रमेश कुमार साहू, मनोज शर्मा, ज्योति रंजन, शिवसागर, विक्की शर्मा, छोटेलाल साहू, संदीप कुमार, राजेश साहू, अशफाक मुन्ना सहित संघ के सदस्य एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस


## भारतीय शेयर बाजार की दमदार वापसी, सेंसेक्स 1,005 अंक उछला



**मुंबई (आईएएनएस)** । भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को दमदार वापसी की और कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,005 अंक या 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,218 और निफ्टी 289 अंक या 1.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,328 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 870 अंक या 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,440 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 129 अंक या 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,676 पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स में खरीदारी देखी गई। ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, टाटा स्टील, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, इटरनल (जोमैटो), नेस्ले और टीसीएस टॉप लूजर्स थे। मुख्य सूचकांकों में बड़ी तेजी के बाद भी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी शेयरों में से ज्यादा शेयर लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में बीएसई पर 1,958 शेयर हरे निशान में, 2,038 शेयर लाल निशान में और 183 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

## भारतीय इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात 2024-25 में बढ़कर ऑल-टाइम हाई 116.7 अरब डॉलर पर रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह निर्यात 17.62 अरब डॉलर था।
- **यह वृद्धि भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और मांग को दर्शाती है।**
- भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023-24 में 25.01% थी।
- **यह हिस्सेदारी 2024-25 में बढ़कर 26.67% हो गई, जो एक सकारात्मक संकेतक है।**

भारत के इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 6.74 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 116.67 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) की ओर से संकलित किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। वित्त वर्ष 2023-24 में इंजीनियरिंग निर्यात का कुल मूल्य 109.30 अरब डॉलर रहा था, जबकि इससे पहले का रिकॉर्ड स्तर वित्त वर्ष 2021-22 में 112.10 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका इंजीनियरिंग निर्यात के लिए शीर्ष गंतव्य स्थान रहा है। वहीं, यूएई, सिंगापुर, नेपाल, जापान और फ्रांस को इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। अमेरिका को इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 19.15 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.62 अरब डॉलर था। भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 25.01 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 26.67 प्रतिशत हो गई है। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा, "भारतीय इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित अपने दर्जनों व्यापार साझेदारों पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले से इसमें और बढ़त देखी गई है। अप्रैल-मार्च 2024-25 के दौरान 34 में से 28 इंजीनियरिंग पैनलों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और शेष छह इंजीनियरिंग पैनलों, जिनमें लोहा और इस्पात, तांबा और एल्यूमीनियम उत्पादों सहित कुछ अलौह क्षेत्र, कार्यालय उपकरण, अन्य निर्माण मशीनरी और मिका प्रोडक्ट्स शामिल हैं, उनमें नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में नॉर्थ अमेरिका 20.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में पहले स्थान पर है। इसके बाद, यूरोपीय संघ (17.1 प्रतिशत) और डब्ल्यूएएनए (पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका) (16.7 प्रतिशत) का स्थान रहा। 2024-25 में रिकॉर्ड उच्च आंकड़ा हासिल करने के बाद भी मार्च 2025 में भारतीय

## भारत में 38% से अधिक इक्विटी म्यूचुअल फंड ने मार्च में अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया

**मुंबई (आईएएनएस)**





भारत में 298 ओपन-एंडेड इक्विटी डायवर्सिफाइड म्यूचुअल फंड में से लगभग 38.64 प्रतिशत ने मार्च 2025 में अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। पीएल कैपिटल की वेल्थ मैनेजमेंट ब्रांच पीएल वेल्थ मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टोरल और थीमैटिक फंड को छोड़कर इक्विटी म्यूचुअल फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) में 7.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी में 23.12 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च में 24.90 लाख करोड़ रुपए हो गई। अलग-अलग फंड कैटेगरी में लार्ज कैप फंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले रहे। महीने के दौरान लगभग 71.88 प्रतिशत लार्ज कैप स्कीम अपने 'बेंचमार्क निफ्टी 50 टीआरआई' से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहीं। इसके बाद लार्ज और मिड-कैप फंड्स का स्थान रहा, जिसमें 58.06 प्रतिशत फंड्स ने अपने बेंचमार्क 'निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 टीआरआई' से बेहतर प्रदर्शन किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिड-कैप फंड्स ने भी मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें 51.72 प्रतिशत स्कीम्स ने 'निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई' बेंचमार्क को पीछे छोड़ दिया।

## अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी का असर नहीं, ऑटो पार्ट्स निर्यातकों के पास पर्याप्त डेट और लिक्विडिटी मौजूद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में बढ़ोतरी किए जाने के बाद भी ज्यादातर ऑटो निर्यातकों के पास डेट और लिक्विडिटी पर्याप्त मात्रा में होगी। हालांकि, मार्जिन पर दबाव और वर्किंग कैपिटल की आवश्यकता बढ़ सकती है। सोमवार को जारी हुई आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 24 में भारतीय






ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री की 70 प्रतिशत आय घरेलू इंडस्ट्री से आई थी और इंडस्ट्री की कुल आय में अमेरिकी मार्केट की हिस्सेदारी केवल 8 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 2020 से लेकर वित्त वर्ष 2024 में अमेरिका को होने वाले ऑटो कंपोनेंट निर्यात में 15 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) द्वारा वेंडर डाइवर्सिफिकेशन के कारण नए प्लेटफार्मों को बढ़ती आपूर्ति और हाई वैल्यू एडिशन जैसे कारकों ने भारतीय ऑटो कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर को फायदा पहुंचाया है।

## भारत में 70 प्रतिशत महिला उद्यमी अपने जरूरी बिजनेस स्किल में सुधार के लिए उत्सुक : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में 70 प्रतिशत महिला व्यवसायी, खासकर जो टियर 2 और 3 शहरों से हैं, अपने उद्यमों को बढ़ाने के लिए अपने फाइनेंशियल, मार्केटिंग और डिजिटल स्किल में सुधार करना चाहती हैं। गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसायी, जिनकी उम्र 18-55 वर्ष है, के सर्वे के आधार पर निष्कर्ष



बताते हैं कि 52 प्रतिशत महिला उद्यमी रिटेल, ई-कॉमर्स और एडटेक जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं। यूके स्थित बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड से जारी 'भारत वूमन एस्पीरेशन इंडेक्स (बीडब्ल्यूएआई) 2025', भारत में शहरों से परे टियर 2 और 3 की महिला उद्यमियों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह रिपोर्ट उनके सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों पर भी प्रकाश डालती है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 12 प्रतिशत महिलाएं 'डिजिटल स्किलिंग' को प्रमुख प्राथमिकता मानती हैं। यह उद्योग की जरूरतों और उनकी खुद की धारणा के अंतर को दिखाता है।